CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C

नई दिल्ली, गुरुवार 17 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 105 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इस दिन का इंतजार था, राहुल-खड़गे के पत्र पर उमर की प्रतिक्रिया पेज 2



रूट ने फिर हासिल की नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग खेल टाइम्स



'एक्सोलोटल' की अंग पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर सम्पादकीय



यूएस को भारतीय मार्केट में पहुंच मिलने वाली है: ट्रम्प पेज 12

## मंत्रिमंडल ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला और इसरो को दी बधाई

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक्सिओम-4 मिशन की सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए इसमें शामिल भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की टीम को एक प्रस्ताव पारित कर बधाई दी है। मंत्रिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह मिशन विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देगा और इसने भारत को भविष्य के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लक्ष्य के एक कदम और करीब पहुंचा दिया है। भारत अब मानव अंतरिक्ष मिशन की बड़ी शक्तियों में से एक बनने की ओर अग्रसर है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मंत्रिमंडल ने देश की इस महान उपलब्धि पर प्रस्ताव पारित कर ग्रुप कैप्टन का अभिनंदन किया।

## बाल पुरस्कार 2025 के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सरकार ने बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों पर पुरस्कृत करने की योजना के तहत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन मांगे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार 2025 के लिए दिए जाने वाले पुरस्कारों के वास्ते नामांकन किए जा रहे हैं और इसके लिए 31 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इस पुरस्कार के लिए आवेदन इस साल पहली अप्रैल से शुरू हो गए थे और आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इस पुरस्कार के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर ही आवेदन किया जा सकता है।

## भारत सत्यजीत रे की संपत्ति को संग्रहालय बनाने के लिए सहयोग देने को तैयार

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश के मैमनसिंह में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और साहित्यकार सत्यजीत रे की पैतृक संपत्ति को गिराए जाने पर खेद व्यक्त करते हुए बांग्लादेश सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने और इस जगह को संग्रहालय बनाए जाने पर विचार करने को कहा है। भारत ने कहा है कि वह इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सहयोग देने को तैयार है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार देर रात एक वक्तव्य जारी कर कहा कि बांग्लादेश के मैमनसिंह में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और साहित्यकार सत्यजीत रे की पैतृक संपत्ति, जो उनके दादा और प्रख्यात साहित्यकार उपेंद्र किशोर रे चौधरी की थी को ध्वस्त किया जाना कष्टदायक है। वक्तव्य में कहा गया है कि यह संपत्ति अभी बांग्लादेश सरकार के स्वामित्व में है और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इमारत की ऐतिहासिक स्थिति को देखते हुए जो बांग्ला सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है, यह बेहतर होगा कि इसके विध्वंस पर पुनर्विचार किया जाए।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को कैबिनेट की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- हर साल खर्च होंगे 24000 करोड़ रुपये
- 100 जिले शामिल होंगे
- भंडारण व सिंचाई सुविधा में होगा सुधार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने 36 योजनाओं को मिलाकर 24,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह ऐलान किया है। सरकार ने एनएलसीआईएल को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 7,000 करोड़ रुपये की भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा कैबिनेट ने एनटीपीसी को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 20,000 करोड़ रुपये की मंजूरी देने पर भी अपनी मुहर लगा दी है। मंत्रिमंडल ने बुधवार को छह साल की अवधि के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत हर वर्ष 24,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसमें 100 जिले शामिल होंगे। केंद्रीय बजट में घोषित यह कार्यक्रम 36 मौजूदा योजनाओं को एकीकृत करेगा और फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद देगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णय के बारे में जानकारी साझा करते हुए, सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम धन-धान्य कृषि योजना से फसल के बाद भंडारण में वृद्धि होगी, सिंचाई सुविधाओं में सुधार होगा और कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलने की संभावना है। सरकार ने बुधवार को एनएलसी इंडिया को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनआईआरएल में 7,000 करोड़ रुपये निवेश करने की अनुमति दे दी। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की ओर से लिया गया।

# पटना एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा

पटना, वार्ता

- दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा
- पायलट ने गो- अराउंड प्रक्रिया अपनाई

**पटना एयरपोर्ट** पर बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा। पायलट ने सूझबूझ से विमान को अनियंत्रित होने से बचा लिया।

उन्होंने फौरन गो- अराउंड प्रक्रिया अपनाई और विमान को फिर से सफलतापूर्वक लैंड करवा लिया। इस मामले ने पटना एयरपोर्ट के छोटे रनवे को लेकर फिर सवाल खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात नौ बजे दिल्ली से आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट जीई 2482 ने लैंडिंग के दौरान रनवे के निर्धारित टचडाउन जोन को पार कर दिया।

# कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते

## विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमें कमजोर बना रही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि विदेश से इम्पोर्ट की गई टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध की तैयारियां कमजोर करती है। सीडीएस ने कहा कि यह हमें कमजोर बना रही है।

ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी सी-यूएएस (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी है। हमें अपनी सुरक्षा के लिए इन्वेस्टमेंट करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन्स का इस्तेमाल किया। अधिकतर ड्रोन्स मार गिराए गए। ये हमारे किसी भी मिलिट्री या सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। सीडीएस ने ये बातें दिल्ली के मानेकशा सेंटर में यूएवी और सी-यूएएस की प्रदर्शनी में कहीं। युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल पर जनरल चौहान ने कहा कि मुझे लगता है कि ड्रोन्स इवॉल्यूश्नरी हैं और युद्ध में उनका इस्तेमाल बहुत क्रांतिकारी रहा है। जैसे-जैसे उनकी तैनाती और दायरा बढ़ा, सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल किया। हमारे लड़े गए कई युद्धों में आपने यह देखा है। हम इम्पोर्टेड टेक्नोलॉजी पर निर्भर नहीं रह सकते, क्योंकि यह हमारे युद्ध और डिफेंस ऑपरेशन के लिए महत्वपूर्ण हैं। विदेशी तकनीकों पर निर्भरता हमारी तैयारियों को कमजोर करती है। उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को कम करती है। इससे अहम मैकेनिकल पार्ट्स की कमी होती है।



- स्वदेशी एडवांस टेक्नोलॉजी जरूरी: सीडीएस अनिल चौहान

## ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचें भारतीय नागरिक : भारतीय दूतावास

**नई दिल्ली।** ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिकों से ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा है। दूतावास नेकहा कि पिछले कई हफ्तों के सुरक्षा संबंधी घटनाक्रमों को देखते हुए भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे ईरान की अनावश्यक यात्रा करने से पहले मौजूदा स्थिति पर ध्यानपूर्वक विचार करें। दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिक ताजा क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर नज़र रखें और भारतीय अधिकारियों द्वारा जारी परामर्शों का पालन करें। ईरान में रहने वाले और स्वदेश वापस लौटने के इच्छुक भारतीय नागरिकों के लिए दूतावास ने कहा है कि उनके पास यह विकल्प है।

## अदालतों में टॉयलेट की कमी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** देश की अदालतों में टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधा की हालत पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने नाराजगी जताई कि देश के 25 में से 20 हाईकोर्ट ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने टॉयलेट की सुविधा सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं? सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2025 को सभी हाईकोर्ट, सरकारों को निर्देश दिया था कि हर अदालत में पुरुष, महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग-अलग टॉयलेट होने चाहिए। उचित स्वच्छता पाना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन ने बुधवार को सुनवाई के दौरान सभी हाईकोर्ट को रिपोर्ट पेश करने के लिए 8 हफ्ते का समय दिया। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है कि अगर इस बार रिपोर्ट नहीं आई, तो हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को खुद सुप्रीम कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा।

# 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इस बात का सबूत, फिल्म के खिलाफ हमारी कानूनी लड़ाई सही: मौलाना अरशद मदनी

**नई दिल्ली।** उदयपुर फाइल्स नाम की विवादित हिंदी फिल्म की रिलीज़ पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार तक के लिए रोक को बरकरार रखा है, यानी अदालत ने फिल्म निर्माता को कोई राहत देने से इन्कार कर दिया है।

इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इस पर स्टे लगाया था। फिल्म निर्माता की ओर से दाखिल की गई याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। फिल्म निर्माता की ओर से वकील गौरव भाटिया एवं भाजपा प्रवक्ता ने बहस करते हुए कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला असंवैधानिक है, क्योंकि हाईकोर्ट ने मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए महज़ दो दिनों में फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगा दी, जबकि मेरे मुवक्किल के पास सेंसर बोर्ड का सर्टिफिकेट है। गौरव भाटिया ने यह भी कहा कि फिल्म की रिलीज़ रुकने से निर्माता को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। हालांकि, अदालत ने भाजपा प्रवक्ता एवं एडवोकेट गौरव भाटिया की दलीलों से सहमति नहीं जताई और कहा कि मौलाना अरशद मदनी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सर्टिफिकेट पर पुनर्विचार की याचिका दी है, जिस पर बुधवार दोपहर 2:30 बजे सुनवाई होनी है। ऐसे में अभी फिल्म की रिलीज़ पर लगी रोक हटाना उचित नहीं होगा। अदालत ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला सही है या नहीं, इस पर बाद में फैसला होगा। फिलहाल, मंत्रालय को मौलाना मदनी की याचिका पर -**शेष पृष्ठ दो पर**

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ SIT जांच पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी अशोका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ हरियाणा के एसआईटी की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि यह गलत दिशा में जा रही है। पीठ ने प्रो. महमूदाबाद को बार-बार बुलाने पर सवाल उठाए और आगे बुलाने पर रोक लगाते हुए एसआईटी से कहा कि आपको उनकी नहीं, बल्कि एक शब्दकोश की जरूरत है। पीठ ने यह स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता को जांच में शामिल होने के लिए फिर से बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है। पीठ ने शीर्ष अदालत के आदेश पर एसआईटी को प्रोफेसर के खिलाफ उनके विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में दर्ज दो मुकदमों तक ही अपनी जांच सीमित रहने का निर्देश दिया।

## केरल में निपाह वायरस के 675 मामले सामने आए

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में 675 लोग निपाह वायरस से संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए हैं। इनमें से 38 उच्चतम जोखिम की श्रेणी में और 139 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मंगलवार शाम को इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 675 लोग निपाह संक्रमण की सूची में हैं। सुश्री जॉर्ज ने बताया कि पलक्कड़ में 347, मलप्पुरम में 210, कोझिकोड में 115, एर्नाकुलम में दो और त्रिशूर में एक मामला सामने आए हैं। मलप्पुरम में एक व्यक्ति वर्तमान में आईसीयू में भर्ती है।

## छांगुर बाबा की रिमांड खत्म, भेजे गए जेल


**लखनऊ।** बलरामपुर के उतरौला में अवैध रूप से धर्मांतरण और आतंकी फंडिंग के आरोप में पांच जुलाई को गिरफ्तार किए गए जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नसरीन की रिमांड बुधवार को समाप्त हो गई।

दोनों की रिमांड समाप्त होने के बाद एटीएस की टीम ने मेडिकल कराने के बाद जेल शिफ्ट कर दिया। कोर्ट ने छांगुर और उसकी सहयोगी नसरीन को 10 जुलाई को रिमांड पर भेजा था। पिछली तीन जुलाई को लखनऊ में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के बैनर तले धर्म परिवर्तन कर चुके 15 लोगों की हिंदू धर्म में वापसी कराई गई थी। कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय ने उतरौला में धर्म परिवर्तन का काम कर रहे जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के ऊपर बड़ा आरोप लगाया था। साथ ही उन्होंने मीडिया में उसके धर्मान्तरण और आतंकी फंडिंग को लेकर बड़े दावे किए थे।

# अकबर क्रूर, लेकिन सहिष्णु, औरंगजेब कट्टर धार्मिक

## एनसीईआरटी की किताब में मुगल काल की नई समीक्षा, कक्षा आठ के सिलेबस में हुआ शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो




एनसीईआरटी की नई किताब का कवर और किताब में अकबर की नई तस्वीर।

- किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में होगी लागू
- मुगल सल्तनत के पहले शासक बाबर को तुर्क-मंगोल शासक और सैन्य रणनीतिकार लिखा गया

**नई दिल्ली।** अकबर का शासन क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण था, जबकि औरंगजेब एक सैन्य शासक था जिसने गैर-इस्लामी प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया और गैर-मुसलमानों पर टैक्स लगाया।

मुगल काल की ये नई समीक्षा एनसीईआरटी की कक्षा 8 की किताब में शामिल की गई है। एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी। किताब में मुगल सल्तनत के पहले शासक बाबर को तुर्क-मंगोल शासक और सैन्य रणनीतिकार लिखा गया है। इसके साथ बताया गया कि बाबर ने 1526 में पानीपत की लड़ाई में बारूद और तोपखाने की मदद से इब्राहिम लोदी को हराया और दिल्ली सल्तनत का अंत कर दिया। बाबर का बेटा हुमायूं साम्राज्य को बचाए रखने के लिए संघर्ष करता रहा और एक समय के लिए उसने शेर शाह सूरी से हारकर साम्राज्य खो भी दिया था। किताब में बताया गया है कि कैसे शेर शाह सूरी के हिंदू सेनापति हेमू को अकबर की सेना ने पकड़ा और पानीपत की दूसरी लड़ाई के बाद सिर कलम कर दिया। अकबर के शासन को किताब में क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण बताया गया है। लिखा गया है कि 1568 में चित्तौड़ के किले की घेराबंदी के दौरान अकबर ने लगभग 30,000 नागरिकों की हत्या और बचे हुए महिलाओं और बच्चों को गुलाम बनाने का आदेश दिया था। इसके अलावा अकबर ने जजिया कर समाप्त किया, राजपूतों का स्वागत अपने दरबार में किया और सुल्ह-ए-कुल यानी सभी से शांति की नीति को बढ़ावा दिया। उसने -**शेष पृष्ठ दो पर**

# स्वर्ण मंदिर को तीसरी बार मिली बम से उड़ाने की धमकी

चंड़ीगढ़, वार्ता

- फर्जी आईडी से भेजा गया ई-मेल

**अमृतसर स्थित** स्वर्ण मंदिर को पिछले कुछ दिनों में तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद मंदिर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को एक फर्जी ई-मेल आईडी से मेल मिला है, जिसमें मंदिर के अंदर आरडीएक्स से भरे पाइपों से विस्फोट करने की धमकी दी गई है। सुरक्षा कारणों से संदेश के विवरण का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन बम निरोधक दस्ते और खोजी स्वानों को विस्फोटक खोजने में लगाया गया है। एसजीपीसी और अमृतसर पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## दिल्ली के स्कूलों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्कूलों को लगातार तीसरे दिन बुधवार को पांच स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस के अनुसार द्वारका के सेंट थॉमस, वसंत कुंज के वसंत वैली स्कूल, हौज खास स्थित मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, पश्चिम विहार स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल और लोदी एस्टेट स्थित सरदार पटेल विद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### रीढ़विहीन राहुल बढ़ा रहे नेहरू की परंपरा को आगे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को रीढ़विहीन करार देते हुए उन पर विदेशी ताकतों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने बुधवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू पर अंग्रेजों के सामने आत्म समर्पण करने और दया याचिका लिखने का दावा किया है। पार्टी ने लिखा- राहुल गांधी सचमुच नेहरू के उत्तराधिकारी हैं। जिस तरह नेहरू ने नाभा जेल में रहते हुए अंग्रेजों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था और दया याचिका लिखी थी, उसी तरह राहुल गांधी भी समर्पण और समझौते की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इस राजवंश में रीढ़हीनता की गहरी विरासत है।

### जेएंडके में आतंकियों के मददगारों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में आतंकवादियों और उनके मददगारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आज आतंकवादियों के तीन सहयोगियों की सपंत्तियां कुर्क कीं। आतंकवादी पाकिस्तान से ही अपनी गतिविधियों को इन मददगारों के सहयोग से अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में हरवानी खानसाहिब में मंजूर अहमद चोपन उर्फ रईस का दो मंजिला आवासीय मकान, चेवा बडगाम में मोहम्मद यूसुफ मलिक उर्फ मोलवी के स्वामित्व वाली पांच कनाल से अधिक जमीन के साथ एक इमारत और बिलाल अहमद वानी उर्फ उमर के नाम पर खग में पंजीकृत लगभग 20 मरला जमीन शामिल है। पुलिस ने कहा कि संबंधित संपत्तियां कार्यकारी मजिस्ट्रेटों की मौजूदगी में कुर्क की गईं।

# अब यूपी के युवाओं को फोन की जगह मिलेंगे टैबलेट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**योगी सरकार कैबिनेट में जल्द ही पेश करेगी प्रस्ताव**



**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत चल रही स्मार्टफोन-टैबलेट योजना में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। अब इस योजना के तहत युवाओं को स्मार्टफोन की जगह टैबलेट दिया जाएगा। सरकार ने शैक्षिक गतिविधियों के लिए टैबलेट को अधिक उपयोगी माना गया है। इस बदलाव को लागू करने के लिए योगी सरकार जल्द ही कैबिनेट के पुराने निर्णय को निरस्त कर नया प्रस्ताव मंजूर कराएगी।

नया प्रस्ताव जल्द ही कैबिनेट में पेश किया जाएगा। इस प्रस्ताव में टैबलेट वितरण की प्रक्रिया, बजट और पात्रता मानदंडों को स्पष्ट किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2025-26 के वित्तीय वर्ष में 15 लाख स्मार्टफोन और 10 लाख टैबलेट वितरित करना है, जिसके लिए 4000 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। यूपी सरकार का मानना है कि टैबलेट शैक्षिक उद्देश्यों के लिए स्मार्टफोन की तुलना में अधिक प्रभावी हैं। टैबलेट की बड़ी स्क्रीन और बेहतर प्रोसेसिंग क्षमता ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ज्यादा उपयुक्त है। कोविड-19 महामारी के बाद डिजिटल शिक्षा के बढ़ते महत्व को देखते हुए सरकार का यह कदम युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार यूपी सरकार ने पहले 25 लाख स्मार्टफोन खरीदने का निर्णय लिया था, जिसके लिए 2493 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया गया था। हालांकि अब इस निर्णय को निरस्त कर टैबलेट वितरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यूपी फ्री टैबलेट स्मार्टफोन योजना 19 अगस्त 2021 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुरू किया था। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य के युवाओं को डिजिटल संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना है। यह योजना ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, टेक्निकल, और डिप्लोमा कोर्स करने वाले छात्रों के लिए है, जिसके तहत लगभग 1 करोड़ युवाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। टैबलेट में प्री-लोडेड शैक्षिक सामग्री होगी, जो ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को इंटरनेट के बिना भी अध्ययन करने में मदद करेगी। योजना का लाभ लेने के लिए छात्रों को अपने कॉलेज या विश्वविद्यालय के माध्यम से आवेदन करना होगा। हाल ही में डुप्लीकेसी रोकने के लिए सरकार ने ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है। छात्र अब खुद भी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं, जिससे योजना का लाभ में देरी नहीं होगी। डेटा सत्यापन के बाद छात्रों को उनके टैबलेट की स्थिति के बारे में एसएमएस के माध्यम से अपडेट मिलेगा।

# लाभार्थियों को ऑन स्पाट मिलेंगे मैरिज सर्टिफिकेट

लखनऊ, वार्ता

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर सरकार ने उठाया कदम**

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब लाभार्थियों का स्पॉट पर ही रजिस्ट्रार, मैरेज ब्यूरो पंजीकरण कर मैरेज सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग की तरफ से यह कदम योजना में पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए उठाया गया है। इससे पूर्व विभाग की तरफ से लाभार्थियों के लिए आधार पंजीकरण किया गया था।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब लाभार्थियों का स्पॉट पर ही पंजीकरण किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रार, मैरेज ब्यूरो या उनकी तरफ से नामित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। जिससे शादी को लीगल घोषित किया जा सके। उन्होंने बताया कि फर्जीवाड़े को रोकने के लिए आधार से भी पंजीकरण कराया जा रहा है। जिससे सही लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत कोई लक्ष्य नही रखा गया है, क्योंकि इससे पारदर्शिता प्रभावित होने का अंदेशा रहता है। कुमार ने कहा कि यदि किसी गांव में पांच लाभार्थी जोड़े सामूहिक विवाह के लिए आवेदन करते हैं, तो फिर उनका सत्यापन जिला स्तर के अधिकारी करेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत बलिया के मनियर ब्लॉक में जनवरी 2024 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा मिला था। शादीशुदा लोगों की शादी करा दी गई थी। इसका वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद जांच शुरू कराई गई थी। इसमें पता चला कि दलालों ने मिलीभगत कर 240 से अधिक फर्जी शादियां करा दी थीं। इसके बाद एफआईआर दर्ज कर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। दो सहायक विकास अधिकारी और एक लिपिक को निलंबित किया गया था।

# जिला निर्वाचन अफसरों को सीईओ ने दिया प्रशिक्षण

लखनऊ, वार्ता

**नवदीप ने केन्द्र के निर्देशों से अवगत कराया**

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को विधानसभा/लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को त्रुटिरहित अपडेट रखने के लिए प्रशिक्षण दिया और केंद्रीय निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमों और दिशा-निर्देशों से अवगत कराया।

रिणवा ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने, बीएलओ की नियुक्ति नियमानुसार करने और राजनैतिक दलों के साथ बैठक करने पर जोर दिया। जिला निर्वाचन अधिकारियों को ईआरओ नेट, बीएलओ एप और वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी गई। गौरतलब है कि पहली बार जिला निर्वाचन अधिकारियों का भौतिक प्रशिक्षण कराया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण के समय मतदाताओं को परेशानी न हो। निर्वाचन अधिकारियों से नागरिकों से फार्म भरवाते समय सही जानकारी दर्ज कराने और फार्म-6, 7 व 8 से संबंधित जानकारी प्रसारित करने के लिए कहा गया। आज लखनऊ में आगरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कानपुर नगर, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, झांसी, जालौन, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, फतेहपुर, बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं, अलीगढ़, मुरादाबाद, गोरखपुर तथा पीलीभीत जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लखनऊ में जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि मेरठ और वाराणसी में भी पहले और दूसरा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे व नेता विपक्ष राहुल ने पीएम को लिखा पत्र

# जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य दर्जा बहाल करें

नई दिल्ली, वार्ता





कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए विधेयक लाने की मांग की है।

खड़गे और गांधी ने कहा कि जम्मू- कश्मीर की जनता पिछले पांच साल से लगातार पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी वैध, संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग कर रही है। यह पहली बार हुआ है जब किसी राज्य का दर्जा कम कर उसे केंद्रशासित प्रदेश में बदला गया है। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से आग्रह किया है कि वह मानसून सत्र में संसद में एक विधेयक लाकर जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करे। उन्होंने इसके साथ ही लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए भी विधेयक लाने का सरकार से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने से वहां की जनता की सांस्कृतिक, विकासात्मक और राजनीतिक आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी और इससे वहां के लोगों के अधिकार, भूमि और पहचान की रक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। जम्मू-कश्मीर को लेकर उन्होंने कहा कि पहले किसी भी सरकार ने किसी भी राज्य को केंद्रशासित प्रदेश में नहीं बदला है। इसके उलट केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य का दर्जा दिया गया है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है और अब उसका राज्य का दर्जा बहाल करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने मोदी को संबोधित पत्र में कहा कि उन्होंने पहले कई बार जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देने वादा किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद के इसी सत्र में जम्मू-कश्मीर के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करते हुए जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिल जाएगा।

### इस दिन का इंतजार था, राहुल-खड़गे के पत्र पर उमर की प्रतिक्रिया



**जम्मू।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए संयुक्त पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि वह इसी दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में आवाज उठाएगा। अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि यह अच्छी बात है। हम तो इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में हमारी आवाज उठाएगा। मैं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का आभारी हूं कि उन्होंने केंद्र के समक्ष जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाया। हम ऐसी कोई चीज नहीं मांग रहे, जिसका हमसे वादा न किया गया हो। संसद में और संसद के बाहर सार्वजनिक कार्यक्रमों में और शीर्ष न्यायालय में भी बार-बार कहा गया है कि उचित समय पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाएगा। जब शीर्ष न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया था, तो उसने कहा था कि जम्मू- कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए।



**सेंसेक्स** 83634.48
**निफ्टी** 25212.05



**सोना रु.** 97460
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 110996
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में हल्की तेजी, लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता



ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मांग में उभार के संकेतके बीच ऑटो, एफएमसीजी, आईटी और पीएसयू बैंकिंग शेयरों में लिवाली के समर्थन से बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। सीमित और सावधानी भरे कारोबार के बीच शुरुआती गिरावट से उबरता कर बीएसई का सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 82,634.48 अंक पर बंद हुआ।

नेशलन स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी50 में 0.06 प्रतिशत की हल्की तेजी रही और कारोबार की समाप्ति पर यह 25,212.05 अंक पर रहा। तीस शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स की 15 कंपनियां लाल निशान में बंद हुईं। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.10 प्रतिशत की तेजी रही। बुधवार को जारी मजबूत तिमाही आंकड़ों के दमपर टेक महिंद्रा के शेयर 1.94 प्रतिशत चढ़े। इटरनल में सबसे ज्यादा 1.58 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

एशियाई बाजारों के लाल निशान में रहने और रुपए में गिरावट के कारण शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक दोपहर तक गिरावट में थे। हालांकि बाद में यूरोपीय बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों से बाजार में तेजी लौटी। एनएसई के ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में हल्की तेजी रही। निफ्टी 100 में 0.09 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप 100 में 0.01 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त दर्ज की गई। एनएसई में ऑटो, एफएमसीजी, आईटी, पीएसयू बैंक, रियलिटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं, हेल्थकेयर, फार्मा और धातु सेक्टर दबाव में रहे।

विदेशों में एशियाई बाजारों में गिरावट रही। जापान का निक्केई, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट लाल निशान में बंद हुए यूरोपीय बाजारों में ब्रिटेन का एफटीएसई तेजी पर था। एलकेपी सिक्योरिटीज़ के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने एक बाजार. टिप्पणी में कहा कि निफ्टी 50 सूचकांक 50.दिवसीय सचल औसत 50 डीएमए से ऊपर बना हुआ है, जो एक सकारात्मक अल्पकालिक रुझान को दर्शाता है।

# सोने और चांदी के दाम गिरे

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम आज 456 रुपए गिरकर 97,460 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 97,916 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,001 कम होकर 1,10,996 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,11,997 पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,439 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,150 रही, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,280 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,000 थी। जबकि कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,280 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,000 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,280 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,000 रही। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

# अन्नपूर्ति एटीएम से राशन पाने का डिजिटल और आसान तरीका

नई दिल्ली, वार्ता



आपने पैसे निकालने के लिए एटीएम मशीन का इस्तेमाल किया होगा, लेकिन अब आपको एटीएम मशीन से राशन भी मिल सकता है। डिपार्टमेंट आफ फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन ने 'अन्नपूर्ति एटीएम' की एक वीडियो शेयर की है। इसकी मदद से आप अपने हिस्से का राशन ले सकते हैं।

इससे मशीन की वजह से लोगों राशन की दुकानों पर लंबी-लंबी कतारें पर खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस मशीन का ठीक इस तरह इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे पैसे निकालने के लिए एटीएम का उपयोग होता है। इसमें पैसे की गेहूं, चावल और चीनी जैसे अनाज निकलेंगे। डिपार्टमेंट आफ फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन की ओर से सोशल मीडिया पर भी शेयर किए गए वीडियो में बताया है कि यह मशीन 5 मिनट में 50 किलो तक अनाज डिस्ट्रिब्यूट करती है। इससे लोगों का 70 प्रतिशत तक समय बचता है। यह मशीन ऑटोमैटिक तरीके से राशन डिस्ट्रिब्यूट का काम करती है। यह राशन पाने का एक डिजिटल और आसान तरीका है। यह मशीन राशन डिस्ट्रिब्यूशन से जुड़ी कई परेशानियों को दूर कर सकती है। इसकी मदद से कोई भी शख्स सिर्फ राशन कार्ड नंबर और अंगूठे की मदद से अपने हिस्से का राशन ले सकता है। इस मशीन की वजह से लोगों को सरकारी राशन की दुकान पर खड़े रहकर अपनी बारी आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, साथ ही इससे राशन लेने आए लोगों का समय भी बचेगा। इसके अलावा मशीन से अनाज बिखरने से भी बटाएगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उदयपुर फाइल्स...**

फैसला लेने दिया जाए। गौरव भाटिया ने अदालत से अनुरोध किया कि मंत्रालय को निर्देश दिया जाए कि वह आज ही याचिका पर निर्णय ले और फिर अदालत शुक्रवार को मामले की सुनवाई करे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह अनुरोध खारिज कर दिया और कहा कि मंत्रालय को सभी पक्षों की दलीलें सुनकर फैसला लेने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए। अगली सुनवाई अब सोमवार को होगी।

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार की कार्यवाही पर प्रतिक्रिया देते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने संतोष जताया और कहा कि पीठ में शामिल जजों की टिप्पणियां बहुत महत्वपूर्ण हैं, जो इस मामले की संवेदनशीलता को दर्शाती हैं। भले ही जजों ने खुद फिल्म नहीं देखी, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट की हिदायतों और फिल्म के कई आपत्तिजनक दृश्यों को हटवाने की कार्रवाई को देखकर अदालत को यह अहसास है कि मौजूदा रूप में फिल्म की रिलीज़ से देश की शांति और कानून व्यवस्था को खतरा हो सकता है। मौलाना मदनी ने कहा कि अदालत की यह टिप्पणी कि फिल्म की रिलीज़ में देरी से कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन अगर रिलीज़ से देश का माहौल बिगड़ा, तो यह बड़ा नुकसान होगा, हमारी कानूनी लड़ाई को सही ठहराती है। उन्होंने विश्वास जताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय संविधान और कानून की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए ऐसा फैसला देगा, जो भविष्य में एक मिसाल बनेगा, और उन फिल्म निर्माताओं को सबक देगा जो सांप्रदायिक शक्तियों को खुश करने के लिए समाज में ज़हर घोलते हैं।

इस बीच, मौलाना अरशद मदनी की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि उन्होंने खुद यह फिल्म देखी है और देखने के बाद वे भीतर से हिल गए क्योंकि इसमें एक विशेष समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले दृश्य हैं। कपिल सिब्बल ने आग्रह किया कि अदालत को यह फिल्म देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी जज यह फिल्म देखेगा, वह इसकी रिलीज़ की अनुमति नहीं देगा। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने हैरानी जताई कि कपिल सिब्बल ने फिल्म देखी है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि अभी के हालात में मामला उन याचिकाकर्ताओं के पक्ष में ज्यादा मजबूत है, जिन्होंने फिल्म पर स्टे की मांग की है, क्योंकि फिल्म के सर्टिफिकेट की वैधता पर पुनर्विचार अभी बाकी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने फिल्म निर्माता और कन्हैयालाल के बेटे को सुरक्षा देने के लिए पुलिस कमिश्नर से संपर्क करने का आदेश भी दिया। अदालत ने मोहम्मद जावेद की याचिका पर भी सुनवाई की, जो कन्हैयालाल हत्याकांड में आरोपी हैं और उन्होंने भी फिल्म की रिलीज़ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने अदालत को बताया कि फिल्म में न केवल एक समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाई गई है, बल्कि न्यायपालिका पर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां हैं। इसके अलावा, फिल्म में ज्ञानवापी और कन्हैयालाल हत्याकांड जैसे मामलों का ज़िक्र भी किया गया है, जो अभी अदालत में विचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म की रिलीज़ निष्पक्ष ट्रायल को प्रभावित कर सकती है। फिल्म निर्माता के वकील गौरव भाटिया ने कोर्ट से अनुरोध किया कि शुक्रवार को मामले की सुनवाई की जाए, लेकिन दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि फिल्म की रिलीज़ में देरी से कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन अगर इससे देश की शांति प्रभावित हुई, तो यह ज्यादा बड़ा नुकसान होगा। अदालत ने कहा कि हो सकता है कि केंद्र सरकार फिल्म से और भी आपत्तिजनक दृश्य हटवाए, जिसके खिलाफ निर्माता कोर्ट का रुख कर सकते हैं। इसलिए पहले सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को फैसला लेने दिया जाए।

**अकबर क्रूर...**

फतेहपुर सीकरी में एक अनुवाद विभाग स्थापित किया और महाभारत (जिसे रज्मनामा कहा गया), रामायण, भगवद् गीता और पंचतंत्र जैसी हिंदू कृतियों का फारसी में अनुवाद करवाया। अकबर के उत्तराधिकारी जहांगीर और शाहजहां को किताब में कला और वास्तुकला का संरक्षक कहा गया है। शाहजहां को ताजमहल के निर्माण के लिए विशेष रूप से याद किया गया, लेकिन ये भी बताया गया कि शाहजहां की बीमारी के बाद उत्तराधिकार की लड़ाई में औरंगजेब ने अपने भाई दारा शिकोह को मार दिया और अपने पिता को बंदी बना लिया।

किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता, लेकिन आज किसी को उनके लिए दोषी ठहराना गलत होगा। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है, जहां ये घटनाएं दोबारा न हों।

### उच्च न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट के दुरुपयोग पर की सख्त टिप्पणी

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बच्चों की लैंगिक उत्पीड़न से हिफाजत के कानून (पॉक्सो एक्ट) के दुरुपयोग के मामले में सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि संपत्ति हड़पने या संपत्ति विवादों को लेकर परिवार के लोगों के खिलाफ बच्चों के लैंगिक उत्पीड़न समेत गंभीर आरोप लगाने का आमतौर पर काफी चलन हो गया है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने दुष्कर्म समेत पॉक्सो एक्ट के आरोपों वाले मामले में नौ साल जेल में बंद सजायाफ्ता व्यक्ति की अपील मंजूर करके तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह फैसला हरदोई के राम सनेही की जेल से भेजी गई अपील को मंजूर करके दिया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पब्लिक स्कूलों को लगातार तीसरे दिन टेरर ईमेल

■ स्पेशल सेल की साइबर सेल को भी किया एक्टिव

**सफदर अली**

**नई दिल्ली।** पिछले दो दिन की पब्लिक स्कूलों में दहशत तीसरे दिन भी कायम रही। बुधवार की सुबह छह पब्लिक स्कूलों द्वारका का सेंट थॉमस, वसंत कुंज का वसंत वैली, हौज खास का मदर इंटरनेशनल,पश्चिम विहार का रिचमंड ग्लोबल स्कूल,लोधी एस्टेट का सरदार पटेल विद्यालय और अशोक विहार का प्रूडेंस स्कूल को टेरर ईमेल मिले।

24 घंटे से भी कम समय में सेंट थॉमस स्कूल को बम की धमकी दूसरी बार मिली। जिसके बाद स्कूल और अभिभावकों में दहशत का माहौल बन गया। दिल्ली पुलिस ने जहां स्कूलों को खाली करवाकर बम व डॉग दस्तों की मदद से छानबीन के बाद कॉल फर्जी बताई। वहीं अभिभावकों ने कहा कि अब तो बच्चों को स्कूल भेजने पर डर लगा रहा है,पता नहीं कभी मेल में लिखी बातें सही न हो जाएं। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस अधिकारी स्कूल प्रशासन के साथ मीटिंग करके सुरक्षा को और पुख्ता करने की बात कर रहे हैं। मगर ईमेल भेजने वाला कौन हैं,इस बारे में दिल्ली की और एन्य एजेंसियों की साइबर टीमें पुख्ता तरीके से कुछ नहीं बोल रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि

अभी तक शुरूआती जांच में पता चल रहा है कि पहचान छुपाने के लिये शायद ईमेल भेजने वाले प्रॉक्सी सर्वर का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह भी पता चल रहा है कि वीपीएन की मदद से लोकेशन और पहचान छुपाकर ईमेल जर्मन से भेजे जा रहे हैं,अभी यहीं पता चला है। इन मेल के एड्रेस और पिछली बार मिले मेल एड्रेस को लेकर जांच की जा रही है। इससे आशंका जताई जा रही है कि मामला राजनी. तिक विरोध या असामाजिक तत्वों की साजिश से भी जुड़ा हो सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल सेल की साइबर टीम को भी एक्टिव कर दिया है। जो पिछले साल इसी तरह से मिले ईमेल की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सबसे पहले ईमेल रिचमंड ग्लोबल स्कूल (सुबह ४.१६ बजे), द्वारका (५.२६ बजे), वसंत कुंज (६.३० बजे), पश्चिम विहार (८.११ बजे), हौज खास (८.१२ बजे) मिले थे। सुबह जब स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन के लोग आए और कंप्यूटर खोले। ईमेल देखते ही स्कूल प्रशासन को सूचित किया और फिर पुलिस कंट्रोल को सूचित करने के तुरंत बाद बच्चों को स्कूल से बाहर निकाला और स्कूल व्हट्सएप ग्रुप पर मामले की जानकारी अभिभावकों को दी। जिसके बाद अभिभावक तुरंत स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों को लेकर घर पहुंचे। कुछ अभिभावक तो घर भी नहीं पहुंचे थे तो कुछ अपनी अपनी नौकरी के लिये निकल गए थे।

दिल्ली पुलिस की टीमों ने भी मौके पर पहुंचकर स्कूल के हर एक क्लासरूम, एडमिनिस्ट्रेशन रूम व ग्राउंड की तलाशी लेने के बाद कॉल को फर्जी बताया। एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक जितने भी पैनिक ईमेल स्कूल कॉलेज को मिले हैं। उन ईमेल में एक जैसा ही मैसेज अभी तक सामने आ रहा है। जिसमें लिखा है कि गुड मॉर्निंग एक्सप्लोसिव डिवाइस यानी विस्फोटक उपकरण बैग के अंदर छिपाए गए हैं और स्कूल के क्लासरूम्स के आसपास रखे गए हैं। यह अत्यंत गंभीर है। आप सभी अपने पापों की कीमत चुकाएंगे। रोडकिल और बेंजी इस खून-खराबे के लिए जिम्मेदार होंगे. हमारे नाम मीडिया के सामने रिलीज करो। साइबर एक्सपर्ट का मानना है कि ईमेल जर्मनी स्थित एन्क्रिप्टेड ईमेल सेवा टुटामेल यानि टुटानोता का उपयोग करके भेजा गया था, जिसने हाल ही में नया एन्क्रिप्टेड प्रोटोकॉल लॉन्च किया है। टुटा एक ओपन-सोर्स, एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड ईमेल प्लेटफॉर्म है, जिसके 10 मिलियन से अधिक यूजर्स हैं। कंपनी जर्मन सरकार के लिए सुरक्षित, पोस्ट-क्वांटम क्लाउड स्टोरेज समाधान पर भी काम कर रही है। जानकार बताते हैं कि मेल में रोडकिल और बेंजी की बात लिखी सामने आई है। ये दोनों नाम आमतौर पर फिक्शन, वेब सीरीज, गेम्स या सोशल मीडिया संदर्भों में देखने को मिलते हैं। रोडकिल असल में एक ब्रिटिश राजनीतिक थ्रिलर टीवी सीरीज है।

# ‘आप’ सरकार पर एक और घोटाले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को प्रेसवार्ता में आम आदमी पार्टी आप सरकार पर “हर जगह घोटाले” करने का गंभीर आरोप लगाया।

उन्होंने बाबा साहब आंबेडकर के नाम पर चलाई गई जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना में कथित रूप से करोड़ों रुपये के घोटाले का दावा किया। आशीष सूद के मुताबिक २०१८ में शुरू इस योजना का उद्देश्य बैज और कमजोर वर्ग के बच्चों को निश्शुल्क कोचिंग देना था, लेकिन महामारी के दौरान शराब घोटाले की तरह इसमें भी वित्तीय अनियमितताएं की गईं। शिक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि जहां कोचिंग संस्थानों का असल बिल १५ करोड़ होना चाहिए था, वहीं बिल १४५ करोड़ रुपये दिखाया गया। वर्ष २०२०-२१ में ‘आप’ सरकार द्वारा चलाई जा रही “जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना” में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। इस योजना का बजट सिर्फ ६९५ करोड़ था, लेकिन ‘आप’ सरकार ने ६९४२ करोड़ से ज्यादा के फर्जी बिलों वाली फाइलों को आगे बढ़ा दिया।

साथ ही यह भी नहीं बताया कि कितने छात्रों को कोचिंग का लाभ मिला। जांच के मुताबिक, कोचिंग सेंटरों की सूची में १३,००० बच्चों के नाम थे, लेकिन सरकारी जांच में केवल ३,००० बच्चे पात्र पाए गए।

# स्थायी समिति बैठक में पास किए गए कई प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति की बैठक में नागरिकों के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। स्थायी समिति के अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि आज बैठक में स्वच्छ भारत मिशन से प्रेरित “एक सड़क - एक दिन” योजना पर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किया गया। योजना के तहत नगर निगम के प्रत्येक जोन में प्रतिदिन एक प्रमुख सड़क का समग्र कायाकल्प किया जाएगा, जिसमें सड़क मरम्मत, फुटपाथों की सफाई और सुधार, साइनेज की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटों की बहाली, अवैध अतिक्रमण हटाना, पेड़ों की छंटाई और सौन्द्रीयकरण जैसे कार्य शामिल होंगे।श्रीमती सत्या शर्मा ने कहा कि १ सितंबर २०२५ से योजना का क्रियान्वयन शुरू किया जाएगा, ताकि २ अक्टूबर को स्वच्छ भारत मिशन की वर्षगांठ से पहले दिल्ली की सड़कों पर परिवर्तन दिखने लगे। इससे न केवल दिल्ली की छवि सुधरेगी बल्कि नागरिकों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह योजना माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा २०१४ में आरंभ किए गए स्वच्छ भारत मिशन की भावना को और मजबूत करेगी तथा दिल्ली की सड़कों को फिर से सुंदर और व्यवस्थित बनाएगी।

उन्होंने बताया कि बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि स्कूलों और धार्मिक स्थलों से १०० मीटर की परिधि में कोई भी मीट की दुकान संचालित न हो। अवैध रूप से चल रही तथा बिना लाइसेंस वाली दुकानों को तुरंत प्रभाव से सील करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त आवारा कुत्तों की समस्या के बारे में चर्चा की गई और इस संबंध में नई नीति बनाने के निर्देश दिए गए। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति ने आज भारत दर्शन पार्क (पंजाबी बाग) में स्वचालित बहुस्तरीय पजल पार्किंग निर्माण के प्रस्ताव को पास किया गया। भारत दर्शन पार्क जैसे भीड़भाड़ वाले पर्यटन स्थल पर अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह पार्किंग सुविधा यातायात को सुचारू बनाएगी और आगंतुकों को राहत देगी।




स्थायी समिति के अध्यक्ष सत्या शर्मा बैठक में स्वच्छ भारत मिशन से प्रेरित ‘एक सड़क - एक दिन’ योजना पर प्रस्ताव पास किए गए।

## एक नजर

### छापेमारी के दौरान पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी प्रवासियों को पकड़ा है। बाद में आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को निर्वासित कर दिया गया।

द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली में अवैध प्रवासियों, विशेष रूप से बांग्लादेशी नागरिकों की मौजूदगी को लेकर बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर, द्वारका जिला पुलिस ने ऐसे लोगों की पहचान, हिरासत और निर्वासन के लिए विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत, थाना बिंदापुर की एक विशेष टीम ने स्थानीय सूत्रों और जानकारी के आधार पर दो बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा, जो बिना वैध दस्तावेजों के द्वारका जिला में रह रहे थे। डाबड़ी के एसीपी राजकुमार की देखरेख व बिंदापुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दर्शन लाल के नेतृत्व में गठित टीम ने स्थानीय सूत्रों, मुखबिरों और तकनीकी जानकारी का उपयोग कर अवैध प्रवासियों की पहचान की। झुग्गी-झोपड़ियों, श्रमिक शिविरों और अनधिकृत कॉलोनियों में छापेमारी और दस्तावेजों की जांच की गई। वहीं, 10 जुलाई को मिली एक विशेष सूचना के आधार पर, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापा मारा और दो अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पकड़ा। इनकी पहचान शहादत व मो अनवर के रूप में हुई। शहादत बांग्लादेश के खुलना जिला का है। वहीं मो. अनवर ढाका का है।

### ‘द भूतनी’ में संजय दत्त मौनी रॉय ने निभाए अहम किरदार

**नई दिल्ली।** 18 जुलाई को रात डरावनी और बेहद मजेदार हॉरर-कॉमेडी फिल्म श्द भूतनीश के वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार हैं। सिनेमाघरों में दर्शकों को गुदगुदाने और डराने के बाद, ‘द भूतनी’ अब अपने जबरदस्त धमाल, रोंगटे खड़े करने वाले रोमांच और जोरदार हंसी के साथ आपके घर आ रही है। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के दीपक मुकुट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स के संजय दत्त द्वारा प्रोड्यूस की गई, और सिद्धांत सचदेव द्वारा लिखी और डायरेक्ट की गई फिल्म, द भूतनी में कई दमदार कलाकारों ने मुख्य किरदार निभाए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त बड़े ही अतरंगी भूत भगाने वाले की भूमिका में हैं, जिसके अपने राज हैं, जबकि मौनी रॉय ने बेहद खघ्तरनाक और दिलों को लुभाने वाली आत्मा, मोहब्बत का किरदार निभाया है। उनके अलावा, सनी सिंह और पलक तिवारी ऐसे कॉलेज छात्रों की भूमिका में हैं, जो रहस्यों से भरे इस तूफानी सफर में फँस गए हैं। फिल्म में आसिफ खान और निक भी सहयोगी किरदारों में नजर आएँगे।

### हरियाणा हत्या कांड में गैंगस्टर भाऊ का नाबालिग यूपी से पकड़ा

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर हिमांशु भाऊ गैंग के एक नाबालिग सदस्य को अपराध शाखा ने बरसाना, मथुरा, उत्तर प्रदेश से पकड़ा है। वह हरियाणा रोहतक के अंकित उर्फ बाबा के चाचा की हत्या का बदला लेने के लिए की गई हत्या में वांछित था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते एक जून को, अंकित उर्फ बाबा के चाचा अनिल कुमार की हरियाणा के रोहतक में गोली मारकर हत्या कर दी गई। कथित तौर पर यह हत्या हिमांशु भाऊ गिरोह ने २०२२ में भाऊ के चचेरे भाई रोहित उर्फ बजरंग और उसके चाचा की हत्या का बदला लेने के लिए की थी। यह हत्या दोनों गिरोहों के बीच २०१९ में एक छोटे से विवाद को लेकर शुरू हुई प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा थी।

# विजेंद्र यादव ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के पूर्व उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव ने हाल ही में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दिल्ली के स्थानीय विकास, प्रशासनिक कार्य प्रणाली और जनसुविधाओं को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री के साथ इस बैठक में निगम प्रशासन के अनुभव, जमीनी समस्याओं और समाधान के सुझाव साझा किए गए। विजेंद्र यादव ने कहा किख्रदिल्ली को स्मार्ट और टिकाऊ सुविधाएं देने के लिए नगर निगम और राज्य सरकार के बीच बेहतर तालमेल और संवाद लगातार बना रहना चाहिए, जिससे हर योजना का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे।

इस अवसर पर उनके साथ उनके पुत्र साहिल यादव भी मौजूद रहे, जो भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश ओबीसी मोर्चा के सोशल मीडिया प्रमुख हैं। दोनों ने मुख्यमंत्री के साथ संवाद में युवाओं की राजनीतिक भागीदारी, संगठनात्मक मजबूती और डिजिटल सशक्तिकरण जैसे विषयों को भी प्रमुखता से उठाया।

### ग्रीन ई-वेस्ट इको पार्क के लिए कराई जा रही स्टडी: सिरसा

**नई दिल्ली।** देश के पहले प्रदूषण-रहित और नेट-जीरो ई-वेस्ट इको पार्क को तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, दिल्ली सरकार ने एक थर्ड-पार्टी कंसल्टेंसी को ग्लोबल स्टडी करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस स्टडी का उद्देश्य होलंबी कलां में एक विश्वस्तरीय सुविधा स्थापित करना है, जो ई- वेस्ट प्रबंधन और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के नए मानक तय करेगी। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह पुष्टि हुई कि 150करोड़ रुपए की लागत वाले इस प्रोजेक्ट के लिए ग्लोबल टेंडर की तैयारी पूरी हो चुकी है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने AI संचालित मशीन स्कैनओएयर डिवाइस का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने मौलाना आजाद इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक द्वारा संचालित मशीन स्कैनओएयर डिवाइस का उद्घाटन किया। इंस्टीट्यूट में मरीजों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्मार्ट सेंसर तकनीक से लैस स्कैनओएयर डिवाइस से अत्याधुनिक, कॉन्टैक्टलेस स्क्रीनिंग और मॉनिटरिंग सिस्टम की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली के मौलाना आजाद इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में लगाए गए स्कैनओएयर डिवाइस को खास तौर पर अधिक भीड़भाड़ वाले सरकारी अस्पतालों में दंतों की स्वास्थ्य जांच को सुरक्षित, स्वच्छ और अत्यधिक कुशल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। जिसके जरिए मरीज खुद अपने दांतों-मसूड़ों की जांच रिपोर्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक द्वारा संचा. लित मशीन तैयार करेंगे और मरीजों की दांतों को स्कैनिंग करके मोबाइल पर जांच रिपोर्ट मिल जाएगी।

सीएसआर के पहल से इंस्टिट्यूट में लगाई गई मशीन से राजधानी दिल्ली के स्वास्थ्य के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक के शामिल होने से भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि स्कैनओएयर डिवाइस अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों के लिए एक ऐसी सुविधा प्रदान करेगा जिसके माध्यम से मरीज खुद ही अपने दांतों और मसूड़े की जांच रिपोर्ट तैयार कर सकेंगे।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भेंट करते निगम स्थायी समिति के पूर्व उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव।

# मरेंगो एशिया इंटरनेशनल इंस्टीटयूट ऑफ न्यूरो एण्ड स्पाइन लॉन्च किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने आज गुरूग्राम में मरेंगो एशिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो एण्ड स्पाइन के लॉन्च की घोषणा की है, जो न्यूरोसाइंस एवं स्पाइन केयर में एक बड़ा कदम है। अस्पताल ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात न्यूरोलोजिस्ट डॉ प्रवीण गुप्ता को भी अपने साथ जोड़ा है, जो संस्थान एवं न्यूरोलोजी विभाग का नेतृत्व करेंगे।

इस अवसर पर डॉ राजीव सिंघल, संस्थापक सदस्य, प्रबन्ध निदेशक एवं ग्रुप सीईओ, मरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने कहा, मरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स में हमारा मानना है कि मरीजों को एक ही छत के नीचे व्यापक एवं सम्पूर्ण देखभाल आसानी से मिलनी चाहिए। डॉ प्रवीण गुप्ता, चेयरमैन, MAIINS चीफ ऑफ क्लिनिकल स्ट्रैटेजी, ग्रोथ एण्ड इनोवेशन, मरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने कहा, मरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स के साथ जुड़ना और मरेंगो एशिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो एण्ड स्पाइन का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है।

# अंतरर्राष्ट्रीय साइबर ठगी मामले में गौरव डालमिया की जमानत याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने अंत. रराष्ट्रीय साइबर ठगी के एक गंभीर मामले में आरोपित गौरव डालमिया की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने माना कि आरो. पित के खिलाफ प्रथम दृष्टया ठोस डिजिटल सुबूत हैं। ऐसे मामलों में हिरासत में पूछताछ जरूरी होती है ताकि साजिश की गहराई और अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका सामने लाई जा सके। विशेष न्यायाधीश एमपी सिंह ने कहा कि यह कोई साधारण आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि सुनियोजित साइबर ठगी का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है। इसमें विदेशी नागरिकों को टारगेट बनाकर धोखाधड़ी की गई। आरोपित की भूमिका को केवल उसकी पूर्व व्यावसायिक संबद्धता तक सीमित नहीं माना जा सकता, जब तक कि संपूर्ण साक्ष्य सामने न आ जाएं।

अदालत ने कहा कि जब आरोप गंभीर हों और आरोपित के पास से अपराध से जुड़ी रकम का डिजिटल साक्ष्य उपलब्ध हो, तो अग्रिम जमानत न्याय के हित में नहीं दी जा सकती। सीबीआई के अनुसार, गौरव डालमिया को दो जर्मन नागरिकों से बिटक्वॉइन के रूप में १.२५ करोड़ रुपये के बराबर राशि प्राप्त हुई, जो साइबर ठगी से हासिल की गई थी। यह राशि उनके क्रिप्टो वॉलेट में ट्रेस की गई, जो उन्होंने व्यक्तिगत लाभ के लिए इस्तेमाल की।





भारत माँ के चार सिपाही हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई देश को मज़बूत बनाना है तो भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा ‘सुमन’**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# विश्व उर्दू दिवस पुरस्कारों की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व उर्दू दिवस पुरस्कार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक वरिष्ठ पत्रकार जलालुद्दीन असलम की अध्यक्षता में दरियागंज, नई दिल्ली में आयोजित की गई। पुरस्कार समिति में डॉ. सैयद अहमद खान (राष्ट्रीय अध्यक्ष, उर्दू डेवलपमेंट आर्गनाइजेशन), अशरफ अली बस्तवी (मुख्य संपादक, एशिया टाइम्स, नई दिल्ली), सुहैल अंजुम (पूर्व संवाददाता, वॉयस ऑफ अमेरिका) और जावेद अख्तर (संपादक, डी.डब्ल्यू. उर्दू, जर्मनी, दिल्ली ब्यूरो) शामिल थे।

इस अवसर पर आगामी 9 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाले विश्व उर्दू दिवस समारोह के लिए पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया। पुरस्कार के लिऐ चयनित लोगों में प्रो. बिलकीस बानो (जैव रसायन विभाग, जीवन विज्ञान संकाय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय) को आजीवन उपलब्धि पुरस्कार, डॉ. रऊफ खैर (हैदराबाद) को साहित्य के लिए अल्लामा मुहम्मद इकबाल पुरस्कार, प्रो. कौसर मजहरी (जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली) को कविता के लिए मिर्जा गालिब पुरस्कार, प्रो. जहरा खातून (जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली) को उर्दू-फारसी भाषा के लिए मौलाना अली मियां पुरस्कार, डॉ. अकील अहमद (सचिव, गालिब अकादमी, नई दिल्ली) को भाषा और साहित्य के लिए मौलाना अब्दुल माजिद दरियाबादी पुरस्कार, के.एल. नारंग साकी (नई दिल्ली) को साहित्य के लिए कुँवर महेंद्र सिंह बेदी पुरस्कार, यासीन मो. मिन (मुंबई) को उर्दू भाषा को बढ़ावा देने के लिए काजी मोहम्मद अदील अब्बासी पुरस्कार, सैयदा तलत नसरीन (टीएन भारती, नई दिल्ली) को पत्रकारिता के लिए नूरजहाँ सरवत पुरस्कार, सैयद जुबैर (मुस्लिम मिरर, नई दिल्ली) को पत्रकारिता के लिए मौलाना उस्मान फार्कलीत पुरस्कार, मौलाना अब्दुल हमीद नोमानी (नई दिल्ली) को स्तंभ लेखन के लिए मौलाना सनाउल्लाह अमृतसरी पुरस्कार, अब्दुल मन्नान (संपादक, योजना उर्दू, नई दिल्ली) को पत्रकारिता के लिए मौलाना मोहम्मद मुस्लिम पुरस्कार, जमशेद खान (आज तक, नई दिल्ली) को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए अमीन सयानी पुरस्कार, सौरभ शुक्ला (छक्ट, नई दिल्ली) को पत्रकारिता के लिए पंडित देवनारायण पांडे पुरस्कार, आबिद अनवर को पत्रकारिता के लिए महफुजुर रहमान पुरस्कार, शोहरत अंसारी दिए गए।

# टीकाकरण सुरक्षा बनाए रखने को 4 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जैसे ही भारत में बच्चे औपचारिक शिक्षा की शुरुआत की ओर बढ़ते हैं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ परिवारों से आग्रह कर रहे हैं कि वे अपने बच्चों को डिप्थीरिया, टेटनस, पर्टूसिस (काली खांसी) और पोलियो के खिलाफ अनुशंसित बूस्टर डोज जरूर दिलवाएं।

यह बूस्टर, जो ४ से ६ वर्ष की उम्र के बीच दिया जाना चाहिए, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा है और प्रारंभिक बचपन के बाद भी सुरक्षा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रारंभिक सुरक्षा शैशवावस्था में दिए गए प्राथमिक टीकाकरण से मिलती है। भारत के राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम (NIP) के अनुसार, डीटीपी वैक्सीन 6, 10 और 14 सप्ताह की उम्र में दी जाती है, इसके बाद 16 से 24 महीने के बीच बूस्टर डोज दी जाती है। पोलियो की अंशीय खुराक भी शैशवावस्था में दो बार दी जाती हैं। डॉ. नितिन वर्मा, निदेशक, रोजवॉक बाय रेनबो, पंचशील पार्क, दिल्ली बताते हैं कि “4 से 6 वर्ष की उम्र वह समय होता है जब शैशवावस्था में मिले टीकों की प्रतिरक्षा घटने लगती है।


उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों पर MPS/SMU खानपान यूनिट्स के अनुबंधों के आवंटन के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया है

| ई-कैटलॉग नं. | विज्ञापन का प्रकार | रेलवे स्टेशन एवं श्रेणीवार आरक्षण | ई-नीलामी के लिए दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| CTG-AUG-01-25 | बहुउद्देशीय स्टॉल व स्पेशल माइनर यूनिट (एस एम यू) | 16 बहुउद्देशीय स्टॉल व 03 स्पेशल माइनर यूनिट (एस एम यू) दिल्ली मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर। | प्रारंभ होने का समय: 04.08.2025 को 11:00 बजे |

वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/ (E-Auction-Leasing)

सं.: 23 AC/CTG/MPS POLICY 2017 दिनांक: 16.07.2025 2155/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### कांवड़ यात्रा के लिए पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल ने किया

# कांवड़ कंट्रोल रूम का निरीक्षण



**गाजियाबाद।** हर वर्ष की भाति इस साल भी कावड़ यात्रा के लिए श्रंद्धालु मार्ग पर निकल चुके हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में कावड़ यात्रियों के लिए तैयारियां जोरो शोरो से शुरू हो चुकी है। ऐसे में आज मेरठ रोड पर कावड़ कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण एडीसीपी सिटी द्वारा किया गया।

गाजियाबाद पुलिस ने पहले से ही अपनी कमर कसी ली है। हर जगह सीसीटीवी से लेकर खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। जिस प्रकार लगातार कांवड़ियों और आम जनता के बीच में तकरार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, ऐसे में एडीसीपी सिटी द्वारा सुरक्षा के मानदंड सुरक्षित किए गए। बता दें, गाजियाबाद पुलिस ने इस बार लगभग 1600 आधुनिक कैमरा से पूरे कावड़ रूट को सुरक्षित किया है।

इसी कावड़ रूट से लाखों का बढ़िया हरियाणा राजस्थान दिल्ली गुजरात आदि राज्यों की तरफ कुछ करते हैं तो सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे के साथ-साथ हर 700 से 800 मीटर पर बीट सिस्टम प्रणाली को भी सक्रिय किया गया है। गाजियाबाद पुलिस पहले से ही मेरठ रोड की एक सड़क को कांवड़ियों के लिए रिजर्व कर चुकी है।

इसी रिजर्व सड़क की सुरक्षा को लेकर आज डीपी सिटी ने कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। जानकारी के लिए बता दे 23 जुलाई 2025 को महाशिवरात्रि के जल के साथ कावड़ यात्रा समाप्त हो जाएगी।

## डीजेजेएस ने किया दिव्य धाम आश्रम में पुण्य उत्सव का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री गुरु पूर्णिमा की आध्यात्मिक महिमा को जन-जन तक पहुँचाने एवं उन दिव्य गुरुदेव के प्रति अपार श्रद्धा और कृतज्ञता प्रकट करने हेतु, जिनका दिव्य मार्गदर्शन शिष्य को सत्य, आत्मपरिवर्तन और मोक्ष के पथ पर अग्रसर करता है, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) द्वारा दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में 'देव दुर्लभ श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। यह पावन दिवस शाश्वत एवं पूर्ण दिव्य गुरु आशुतोष महाराज (संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस) के चरणों में, समर्पण और भावपूर्ण श्रद्धा अर्पण का दिव्य संयोग बना,



जिन्होंने समस्त मानवता को 'ब्रह्मज्ञान' का दिव्य उपहार प्रदान किया है। 'श्री गुरु पूर्णिमा' मात्र एक तिथि नहीं, बल्कि उस सनातन परंपरा की स्मृति है, जो शिष्य और परमचेतना के मध्य गुरु को एक दिव्य सेतु के रूप में स्थापित करती है। जहाँ गुरु सांसारिक विषमताओं के मध्य शिष्य को अंतस की ओर मोड़ता है।

## मयंक गोयल ने कांवड़ शिविर का किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के द्वारा किया गया। कावड़ सेवा कैंप जिसमें भक्तों के लिए नि:शुल्क भोजन, रहने एवं चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध होगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालु कांवड़ियों की सेवा हेतु कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन डाबर चौक कौशांबी पर किया गया। इस विशेष सेवा शिविर में भक्तों के लिए नि:शुल्क आवास, भोजन, जलपान एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। यह शिविर न केवल धार्मिक श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल का कार्य करेगा, बल्कि उन्हें सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से भी लाभान्वित करेगा।

# आईटीएस में पासपोर्ट पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस द्वारा क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय विदेश मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में पासपोर्ट पंजीकरण हेतु विशिष्ट पासपोर्ट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत रूप से संस्थान के द्रोणाचार्य ऑटोरियम में अर्पित चड्ढा, वाइस चेयरमैन, आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप, अनुज स्वरूप, (आई एफ एस) क्षेत्रीय पासपोर्ट ऑफिसर सुरेंद्र सूद, निदेशक (पी आर), आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप एवं डॉ अजय कुमार, निदेशक, आई टी एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, गाजियाबाद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम डॉ अजय कुमार ने सभी अतिथियों एवं क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के पदाधिकारियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में सभी शिक्षकों एवं छात्रों को पासपोर्ट पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित किया और वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सुरेंद्र सूद ने वैश्विक स्तर पर समावेशन एवं कार्यक्षमता बढ़ाने पर जोर दिया साथ ही आईटीएस की पूरे पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम ( एमबीए, पीजीडीएम एवं एमसीए ) की एनबीए (नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन) द्वारा अधिमूल्यांकित होने पर अपने उदगार व्यक्त किए तथा सभी शिक्षकों, छात्रों तथा कर्मचारियों को बधाई दी।

अर्पित चड्ढा ने इस अवसर पर सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। अनुज स्वरूप ने आई टी एस के इस प्रयास एवं योगदान के लिए भूरि भूरि प्रशंसा की साथ ही पंजीकरण कार्यक्रम की सफलता हेतु



आवश्यक सभी व्यवस्था उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने इस प्रकार के कैंप आयोजन करने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही इसकी सफलता हेतु शुभ कामना दी। उद्घाटन समारोह के दौरान आई टी एस गाजियाबाद के निदेशक डॉ वी एन बाजपेई, एम बी ए चेयरपर्सन डॉ उमा गुलाटी, पी जी डी एम चेयरपर्सन डॉ अनुषा अग्रवाल एवं सभी शिक्षकगण मौजूद थे। कार्यक्रम काफी सराहनीय तथा उत्साह वर्धक रहा।

वर्तमान में यह कैंप 17 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकेंगे। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के इस प्रकार घर तक पहुंच कर अपनी सेवा प्रदान करने वाली इस मुहिम की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। भविष्य में भारत वर्ष के उज्ज्वल भविष्य और विकसित राष्ट्र निर्माण में इस प्रकार के कैंप आयोजन को नजर. अंदाज नहीं किया जा सकता।

नवीन पीढ़ी में काफी उत्साह का माहौल देखा गया। गौरतलब है कि आई टी एस द्वारा समय समय पर इस तरह के अनेक सामाजिक, शैक्षणिक एवं सरक. ारी कार्य क्रम आयोजित किए जाते हैं। इस क्रम में हेल्थ चेक अप, ब्लड डोनेशन कैंप, वृक्षारोपण, योग शिक्षा , पिछड़े समुदाय हेतु आवश्यक प्रारंभिक एवं तकनीकी शिक्षा का आयोजन किया जाता है।

### यूपीसीडा द्वारा कराया जा रहा है आरसीसी रोड, आरसीसी ड्रेन व इन्टरलॉकिंग टाइल्स का विकास कार्य

## औद्योगिक क्षेत्रों को सुगम वातावरण प्रदान करना हमारा लक्ष्य: मयूर माहेश्वरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य औघ्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को साकार करने हेतु औघ्योगिक अधोसं. रचना को सुदृढ और आधुनिक बनाने की दिशा में सतल कार्य कर रहा है। इसी दिशा में यूपीसीडा राज्य को एक मजबूत औद्योगिक राज्य के रूप में विकसित करने हेतु अनेक परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों में यूपीसीडा द्वारा प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाओं के दृष्टिगत गाजियाबाद में स्थित औद्योगिक क्षेत्र की जर्जर हालत को सुधारने हेतु उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र लोहा मण्डी में यूपीसीडा से कार्य कराने की माँग पूर्व से ही की जाती रही है।

औद्योगिक क्षेत्र में यूपीसीडा द्वारा निम्न कार्य कराये गये / कराये जा रहें है। यूपीसीडा द्वारा लगभग 1.5 किलोमीटर लम्बाई में आर०सी०सी० रोड, आर०सी०सी० ड्रेन तथा इन्टरलॉकिंग टाईलस से फुटपाथ का निर्माण कराये जाने हेतु वर्ष 2023-14 में कार्यदायी संस्था नगर निगम गाजियाबाद को धनराशि रूपये 983.88 लाख दी गयी। वर्तमान में यूपीसीडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र लोहा मण्डी की समस्त अवशेष सड़कों को धनराशि रूपये 2317.13 लाख से आर०सी०सी० रोड, आर०सी०सी० ड्रेन तथा इन्टरलॉकिंग टाईलस से फुटपाथ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो कि अन्तिम चरण में है। धनराशि रूपये 22.71 लाख की लागत से दिशासू. चक बोर्ड तथा प्रवेश द्वार पर केन्टीलीवर बोर्ड लगाये गये हैं। उक्त औद्योगिक क्षेत्र में ट्रकों की पार्किंग हेतु ऐसोसियेशन के पदाधिकारियों के साथ स्थल चिन्हित कार्यवाही प्रक्रिया में है। औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की मूलभूत सुविधाओं के दृष्टिगत खानपान की सुविधाओं हेतु ऐसोसियेशन के पदाधिकारियो के साथ स्थल चिन्हित कर क्योस्क की व्यवस्था प्रक्रिया में है। लोहा मण्डी औ० क्षे.० के तीन प्रवेश द्वारों का निर्माण धनराशि रूपये 103.5 लाख की लागत से कराये जाने की कार्यवाही प्रक्रिया में है। मुख्य-मुख्य चौराहों पर हाईमास्ट लाइट तथा स्ट्रीट लाइट से सम्पूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों को लैस के जा चुका है। इन कार्यों की मदद से औ० क्षे० को प्रदूषण रहित वातावरण प्रदान करने में मदद मिली है तथा उद्यमियों को सुगम एवं सुव्यवस्थित वातावरण प्रदान किये जाने हेतु यूपीसीडा द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।



**मोदीनगर। राज चौपले पर नगर पालिका परिषद व तहसील प्रशासन द्वारा लगाये जाने वाले कांवड़ यात्रा प्रशासनिक कैम्प का उद्घाटन करते सांसद राजकुमार सांगवान, उनके साथ विधायक डॉ मंजू शिवाच, भाजपा जिलाध्यक्ष चौनपाल सिंग व चेयरमैन विनोद वैशाली, दिनेश सिंघल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।**

## विश्व सनातन हिन्दू वाहिनी ने डीसीपी को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सावन मास के पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान दिल्ली मेरठ हाईवे से गुजरने वाले कांवड़ियों/श्रद्धालुओं की श्रद्धा व पवित्रता को ध्यान में रखते हुए व शान्ति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से गैर हिंदू धर्म के लोगों की जूस, फल, मिठाई, बिरयानी व नानवेज की दुकानें व होटल या अन्य सभी प्रकार की दुकानें कावड़ यात्रा के दौरान तत्काल प्रभाव से बंद कराने के हेतु विश्व सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राज वर्मा, प्रदेश अधिवक्ता अरुण चौधरी जिला अध्यक्ष सागर कुमार व उनकी टीम व सत्य सनातन हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष बबलू चौधरी आदि ने डीसीपी ग्रामीण महोदय को ज्ञापन पत्र सौंपा इसमें यह माग की गई की लगभग प्रतिदिन समुदाय विशेष के लोगो द्वारा खानें व पीने की चीजों में पेशाब व थूक आदि मिलाकर खाद पदार्थों बेचने की घटनाएं लगभग हर रोज घटित हो रही है व अपनी सही पहचान छुपाकर हिंदू देवी देवताओं के नाम से होटल चलाएं जा रहें हैं जिससे भोले के भक्तों अर्थात कांवड़ियों की आस्था भंग होने व साम्प्रदायिक सौहार्द खराब होने की सम्भावना लगातार बनी रहती है।ज्ञापन के द्वारा यह मांग की गई कि दिल्ली मेरठ रोड पर स्थित समुदाय विशेष के लोगों की दुकानें तत्काल प्रभाव से बन्द कराई जाए ताकि शान्ति व्यवस्था व सांप्रदायिक सौहार्द के साथ साथ कानून व्यवस्था कायम रहें।

ज्ञापन सौंपने वालों में विश्व सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान राज वर्मा, प्रदेश अधिवक्ता अरुण चौधरी, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद सागर कुमार, जिला उपाध्यक्ष नरेश ठेकेदार, अमरदीप, सचिन दीपक विनोद मिंदर बंटी अभिषेक, सत्य सनातन हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष बबलू चौधरी व संकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ. प्राची सिंघल को अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** राजधानी दिल्ली के महिपालपुर स्थित रेडिसन होटल में 12 जुलाई से 14 जुलाई तक रेडियोलॉजी विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस एवं वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय था गर्भ में पल रहे शिशु के हृदय की जाँच, जिसे 'फीटल इको' कहा जाता है। इसमें भारत सहित विदेशों से सैकड़ों रेडियोलॉजिस्टों ने भाग लिया।




इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में मोदीनगर की जानी-मानी रेडियोलॉजिस्ट और फीटल इको विशेषज्ञ डॉ. प्राची सिंघल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। उन्होंने दो महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए और वर्कशॉप का संचालन किया, जिससे उपस्थित विशेषज्ञों को अत्यंत लाभ हुआ। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्राची को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

इससे एक दिन पूर्व, 12 जुलाई को डॉ. प्राची ने कानपुर स्थित रामा मेडिकल कॉलेज में आयोजित एक अन्य कांफ्रेंस में भी भाग लिया था, जहाँ उन्होंने "फीटल फेस और एमनियोटिक फ्लूइड" विषय पर दो व्याख्यान एवं वर्कशॉप आयोजित किए।

डॉ. प्राची की यह उपलब्धि न केवल मोदीनगर के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह क्षेत्र के चिकित्सकों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। डॉ प्राची की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के डॉक्टरों ने उन्हें बधाई दी व प्रसन्नता जतायी।

## डीपीएस मोदीनगर में वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में दिनांक 11 जुलाई 2025 को वन विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से "एक पेड़ माँ के नाम" विषय पर एक प्रेरणादायक एवं भव्य वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देना तथा छात्रों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसके उपरांत विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इनमें फलदार, औषधीय एवं सजावटी पौधे शामिल थे। विद्यालय की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने



उत्साहपूर्वक भाग लिया और यह संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल पूरे वर्षभर करेंगे। इस अवसर को और भी रचनात्मक बनाने के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत सुंदर और संदेशप्रद चित्र बनाए। प्रतियोगिता को विभिन्न वर्गों में बाँटा गया और प्रत्येक वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा, "ऐसे प्रयास न केवल विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी उत्पन्न करते हैं।" वहीं ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा,"एक पेड़ सिर्फ प्रकृति नहीं, बल्कि जीवन का उपहार है। इसे माँ को समर्पित करना हमारे पर्यावरण और भावनाओं दोनों के लिए एक पूजनीय कार्य है।" विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री एन. सिंह ने कहा,"वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने का माध्यम है।

### खोया पाया

मेरी इंटरमीडिएट वर्ष 2022 की अंक तालिका अनुक्रमांक नं. -2225290841 वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग अन्य के लिए अवैध होगा मिलने पर सूचित करें।

**मुस्कान पुत्री शिववचन निवासी सरस्वती विहार लोनी गाजियाबाद।**

## स्व. निरंजन प्रसाद कंडेरे को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शिव मंदिर कैलाश पार्क अर्थला मोहन नगर में स्वर्गीय निरंजन प्रसाद कंडेरे (मास्टर जी) जी की शोक सभा में पहुंचे भाजपा नेता, वीरेंदर कुमार कंडेरे, कुशल प्रकाश पवार, हरिओम पवार, किरणपाल कंडेरे मानपुर, सूरजभान कंडेरे, सोनू पवार कंडेरे, युवराज पवार कंडेरे, सुनील कंडेरे कनौजिए, संदीप पांचाल, दीपू चौहान कैप्टन, संदीप चौहान, बलेराम करण दिल्ली, तेजवीर करण रजापुर, मिंटू राजेश, सतवीर कंडेरे दुहाई, गोफी प्रधान राजपुर, उमेश कंडेरे,राकेश कंडेरे, सोनी कंडेरे, मुकेश कंडेरे, ओमकेश कंडेरे, विरजू कंडेरे राऊडी, चरनदेव कंडेरे, दयानन्द कंडेरे, तिरमल सिंह कंडेरे खोड़ा, अजय कंडेरे, संजय करण जलालाबाद, राकेश बजीरपुर, हरिश्चन्द वर्मा, श्रीचंद कंडेरे, देविंदर कंडेरे, गिरिराज कंडेरे टुकाडी, धरमपाल कंडेरे, रामोतार कंडेरे, लोकेन्दर कंडेरे, बबलू कंडेरे नन्दग्राम, रामवीर कंडेरे ने अपने समाजसेवी को नम आँखों से दी श्रद्धांजलि।

## एसआरएमआईएसटी में 'स्टाफ वेलफेयर डे' हर्षोल्लास के साथ मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (दिल्ली-एनसीआर कैंपस) में प्रो-चां. सलर (प्रशासन) डॉ. रवि पचमुथु के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 9 से 15 जुलाई 2025 तक 'स्टाफ वेलफेयर डे' सप्ताह का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। डॉ. धौम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) ने स्वागत भाषण में स्टाफ की प्रतिबद्धता की सराहना की, वहीं डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन) ने 'हमारी सबसे बड़ी संपत्ति: स्टाफ में निवेश' विषय पर विचार व्यक्त



किए। डॉ. एस. विश्वनाथन (निदेशक) ने 'नेतृत्व और करुणा का संगम' विषय पर प्रेरक संबोधन दिया। पैरा ओलंपिक रजत पदक विजेता दीपा मलिक ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की और 'राष्ट्र का गौरव: हमारे खेल नायक' को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि एस. गो. विंदराज (कमिश्नर, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) ने 'सपनों को साकार करना, चैंपियनों को आकार देना' विषय पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया। इसके पश्चात केक कटिंग समारोह हुआ और मुख्य अतिथि बीनू नायर (एरिया एचआर डायरेक्टर, नॉर्थ होटल्स - ताज महल, नई दिल्ली) ने स्टाफ वेलफेयर डे पर अपने विचार साझा किए। 'आउटस्टैंडिंग अचीवर अवॉर्ड्स 2025' के अंतर्गत उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया गया तथा 'विश्व युवा कौशल दिवस 2025' के अवसर पर "AI और डिजिटल स्किल्स के माध्यम से युवाओं का सशक्तिकरणष विषय पर SRM Pro-Skill championship Awards 2025 प्रदान किए गए, जिनके लिए सात प्रेरणादायक दिव्यांग प्रतिभागियों- दीपा मलिक (पैरा एथलीट), दयाल सिंह पंवार (दृष्टिबाधित कवि), सौरभ दत्त (IOCL कार्यकारी निदेशक), मल्लिकार्जुन ऐथा (सामाजिक उद्यमी), रेवंश अदलखा (एथिकल हैकर), विदिशा पोखरियाल (चित्रकार), और ऐश्वर्या (कला, नृत्य व अभिनय में पारंगत)- को चुना गया। इन युवाओं ने अपने साहस और प्रतिभा से समाज को प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का समापन डॉ. ए. गीता भवानी (डीन, रिसर्च) के धन्यवाद ज्ञापन और स्टाफ के लिए आयोजित स्वादिष्ट जलपान के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन को डॉ. एस. विश्वनाथन (निद. ेशक), डॉ. आर. पी. महापात्रा, डॉ. नवीन अहलावत, डॉ. धौम्या भट्ट और डॉ. गीता भवानी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

### संबंध विच्छेद

मैं मखमली देवी पत्नी स्व. पवन कुमार निवासी- म.नं- 311, ब्लॉक- ए, विकास कुंज, बेहटा हाजीपुर थाना- लोनी बॉर्डर जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र अनुज मित्तल व पुत्रवधु शिल्पी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### संबंध विच्छेद

मैं असलम पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी- म.नं- 528, अशोक विहार लोनी थाना- लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र आस मोहम्मद व पुत्रवधु आसमीन को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# विवाहिता ने की जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** थाना क्षेत्र के रठौंडा गांव में अपने मायके में रह रही एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर ली जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार रठौडा गांव निवासी मनिषा उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्री तेजवीर बाल्मीकि कि शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व कुन्दन निवासी सिद्दीपुर थाना दादरी नोएडा के साथ हूई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही पति पत्नी मे मन मुटाव हों गया जिसके चलते विवाहिता मनीषा काफी समय से अपने मायके रठौडा में ही रह रही थी। पति से मन मुटाव को लेकर मनीषा ने मंगलवार की देर रात घर पर रखी सल्फास की गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली सुबह जब परिजनों को इस बात की जानकारी हुई तो परिजनों ने


मृतका का फाइल फोटो

आनन-फानन से मनीषा को डाक्टर के पास लेकर गए जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। इसकी सूचना परिजनों ने थाना छपरौली को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी देवेश कुमार शर्मा ने बताया कि घटना की



सूचना सुबह मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची उन्होंने बताया कि मृतका ने अपने हाथ पर पेन लिखा हुआ था कि मेरी मौत का जुमेदार मेरा पति कुन्दन है। इस विषय में अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है तहरीर आने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली लाईन में फाल्ट के चलते ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** टुकाली गांव में बिजली फाल्ट के चलते गांव के लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जर्जर बिजली के तारो को बदलवानें की मांग की है।

टुकाली फुलैरा गांव में बिजली में फाल्ट के चलते 24 घन्टे बीत जाने तक बिजली न आने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जो बिजली के केवल वाली लाईन लगायी गयी है। वह घटिया क्वालिटी की लगी है जिस कारण आय दिन केविल टूट जाता है। बिजली फाल्ट के चलते बिजली न आने के कारण ग्रामीणों के रोजमर्रा के कार्य ठप पड़े है। ग्रामीणों ने बताया कि वह कई बार शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि कोई अधिकारी तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने समस्या को देखते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की है।

## एक नजर

### 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपए के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 40 लाख की रकम नहीं लौटाई थी और व्यापारी को डोला गांव में बुलाकर उसकी हत्या कर दी थी। मुठभेड़ में घायल बदमाश को पुलिस ने अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है और मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। मृतक व्यापारी राहुल की पत्नी ने 5 जुलाई को थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था और बताया था कि 40 लाख रुपए की उधारी वापस देने के लिए इंद्रपाल सचिन और 2 से 3 अज्ञात लोगों ने राहुल को अपने गांव डोला बुलाया था और इसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए राहुल के शव को 6 जुलाई की गोसपुर गांव के जंगल से बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मुख्य आरोप इंद्रपाल भगत को गिरफ्तार किया था। राहुल का दूसरा हत्यारा सचिन जो फरार चल रहा था उसपर एसपी ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था। मंगलवार की देर रात्रि में मुखबिर की सूचना पर थाना सिंघावली अहीर पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी तभी सचिन पुलिस को देखकर भागने लगा और पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया जिसे गिरफ्तार करते हुए पुलिस के अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाश के पास से एक अवैध तमंचा और 2 जिंदा कारतूस और मृतक राहुल की एक एक्टिवा बरामद की है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। एएसपी एनपी सिंह ने बताया कि की 25 हजार के ईनामी बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है।

### प्लॉट में बुजुर्ग का पड़ा मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बड़ौली गांव में एक प्लॉट से बुजुर्ग का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव की पहचान के लिए सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो अपलोड किए। इससे शव की पहचान फतेहपुर पुट्ठी गांव निवासी शिवकुमार 90 वर्षीय के रूप में हुई। मृतक के बेटे हरेंद्र ने बताया कि उनके पिता 11 जुलाई को सुबह 8 बजे घूमने के लिए निकले थे। वह कुछ समय तक विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज में नजर आए, लेकिन बाद में बावली गांव के आसपास उनका कोई सुराग नहीं मिला। हरेंद्र ने बिनौली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार की शाम को पुलिस ने हरेंद्र को शव मिलने की सूचना दी। हरेंद्र ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान अपने पिता के रूप में की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ड्रग विभाग की मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सरूरपुर कला गांव में ड्रग विभाग ने कावड़ यात्रा को देखते हुए मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी की। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देश पर ड्रग इंस्पेक्टर मोहित कुमार ने यह कार्रवाई की। बड़ौत-बागपत हाइवे स्थित कावड़ मार्ग पर पांच मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। इनमें आशीष मेडिकल स्टोर, साक्षी मेडिकल स्टोर, लक्की अक्की मेडिकल स्टोर, राज मेडिकल स्टोर शामिल हैं। इन दुकानों से 7 संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। ड्रग इंस्पेक्टर मोहित कुमार ने स्टोर संचालकों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान सभी जरूरी दवाएं स्टोर पर उपलब्ध रखी जाएं। दवाओं की ओवर रेटिंग न की जाए। एंटी रेबीज वैक्सीन की भी जांच की गई है। इंस्पेक्टर ने चेता. वनी दी है कि नियमों का उल्लंघन न किया जाए। प्रतिबंधित दवाएं बेचने पर कार्रवाई होगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वाल्मीकि नवयुवक संघ सदस्य मदन को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** क्षेत्र के गांव किशनपुर बिराल में अ.भा.वा. नवयुवक संघ के सदस्य को 13वीं के अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए हवन का आयोजन किया गया तथा श्रद्धांजलि कार्यक्रम के माध्यम से समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। छपरौली ब्लॉक अध्यक्ष उपेंद्र गहलोत ने उनके जीवन से जुड़ी घटनाएं बताई नवयुवक संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर सादर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की मीडिया प्रभारी अक्षय कुमार ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की इसके बाद पगड़ी रस्म कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें गुलाब सिंह वह सुदेश भगत को परिवार व समाज के लोगों द्वारा जिम्मेदारी की पगड़ी सौंपी गई छोटे भाई विनोद ने अपने भाई के सपनों को साकार करने का वादा किया। इस अवसर पर हरवीर सिंह राजू जगपाल सिंह इंद्रपाल जसवीर सिंह राजकुमार विनोद पदम प्रमोद बिल्लू भगत रेगपाल यशपाल सोनू महावीर फौजी महेश हरेंद्र रमेश रोहित अमित अंकित लविश अभिषेक सचिन संदीप मोनू मनीष लखन विशाल आदि उपस्थित रहे।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर ट्रक-टैंपो की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सरफाबाद गांव के समीप आगे चल रहे ट्रक के ब्रेक लगाने से टेम्पो की भिंड़त हो गयी जिसमे एक युवक की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिर्जापुर के सम्भल निवासी 33 वर्षीय रियाज पुत्र मिजाज अपनी पत्नी शहनाज के साथ टेम्पो द्वारा हरियाणा जा रहे टेम्पो में अन्य लोग भी थे। टेम्पो जब ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सरफाबाद गांव के समीप पहुंचा तो आगे चल रहे एक ट्रक ने ब्रेक लिया जिससे टेम्पो से


मृतक का फाइल फोटो

उसकी भिंड़त हो गयी और टेम्पो डिवाइडर पर जा टकराया जिससे टेम्पो में बैठे रियाज उसकी पत्नी शहनाज और शीशपाल घायल हो गये। सूचना मिलते ही पुलिस मौकें पर पहुंच गयी और घायल रियाज को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाने लगे जहा रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है।

# घरेलू विवाद में युवक ने जहर खाकर जान दी

## बिना पुलिस को सूचना दिए अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जोया।** परिजनों के डांटने से परेशान युवक ने जहर खाकर जान दे दी। घटना से घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना परिजनों को सूचना दिये शव का अन्तिम संस्कार कर दिया है। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाले 38 वर्षीय युवक का किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद चल रहा था। जिसे लेकर युवक बीते दो-तीन दिन से युवक तनाव में था। बताया जा रहा है कि बुधवार को इसी घरेलू विवाद के चलते 38 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घर पहुंचे शव का खामोशी से अंतिम संस्कार कर दिया। युवक द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम की जानकारी से पुलिस ने इनकार किया है। इस समय युवा पीढ़ी को परिजनों की नसीहत बुरी लग रही है। बात-बात पर वह जान दे रहे हैं। यह मामला भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

# किसान दिवस में किसानों ने रखीं अपनी प्रमुख समस्याएं, समाधन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी नीरज श्रीवास्तव और कृषि अधिक. ारी बाल गोविंद यादव एवं आदि अधिकारीण कर्मचारीगण और विभिन्न किसान संगठनों के पदा. धिकारी और किसान भी मौजूद रहे।

किसान दिवस के दौरान किसानों ने अपनी प्रमुख समस्याएं रखीं। इनमें बकाया गन्ना भुगतान, विद्युत आपूर्ति, राजस्व विभाग से जुड़े मुद्दे और खाद की उपलब्धता शामिल थी। कार्यक्रम के दौरान किसान नेताओं के बीच नोकझोंक भी हुई, जिसे अधिकारियों ने समझा-बुझाकर शांत कराया। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीटू नैन ने कहा कि अधिकारी समस्याएं तो सुनते हैं,



लेकिन समाधान नहीं करते। उन्होंने बताया कि गन्ने का भुगतान समय पर नहीं हो रहा है। बिजली की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। खाद गोदामों में खाद की कमी से किसानों को परेशानी हो रही है। राजस्व विभाग के लेखपाल मनमानी कर रहे हैं। भाकियू टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर ने अधिकारियों से समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। अधिका. रियों ने सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

# 29 साल से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

## गजरौला में छिपकर रह रहा था आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रजबपुर।** पुलिस ने चोरी के मामले में 29 साल से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। जेल से छूटकर आने के बाद वह गजरौला में छिपा हुआ था। अदालत ने उसका रेड वारंट जारी किया था। बुधवार को पुलिस ने वारंटी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव कलाली निवासी खुर्शीद के खिलाफ साल 1996 में चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। जेल से छूटकर आने के बाद से वह इस मुकदमे की तारीख पर अदालत में हाजिर नहीं हो रहा था। इसके बाद खुर्शीद परिवार समेत गायब हो गया था, ग्रामीणों को भी उसकी कोई जानकारी नहीं थी। करीब 29 साल से फरार खुर्शीद के अदालत से बीते दिनों रेड वारंट जारी हुए थे।

# सरकार द्वारा स्कूलों को बंद करने के निर्णय के विरोध में अधिवक्ताओं ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बुधवार को बागपत न्यायालय परिसर मे एडवोकेट रासिद तस्लीम के चैम्बर पर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता जिला बार के पूर्व अध्यक्ष सोमेन्द्र ढाका तथा संचालन एड.समोद पंवार ने किया।

इस दौरान बैठक में अधिवक्ताओ ने सरकार द्वारा विद्यालयों को बंद करने के निर्णय का घोर विरोध किया। बैठक के दौरान एडवोकेट महेश रंगा ने कहा कि यह बड़ा दुर्भाग्य पूर्ण है कि सरकार ने शराब के ठेको की संख्या में तो बड़ी मात्रा मे वृद्धि कर दी है, लेकिन स्कूलों को बंद कर रही है। इस दौरान एडवोकेट फिरोज ने कहा कि सरकार शिक्षा के निजीकरण पर जोर दे रही है,



ओर गरीब मजदूर के बच्चों से शिक्षा दूर कर रही है। एडवोकेट हर्ष वशिष्ठ ओर तेजपाल भाटी ने कहा कि सरकार को अपना शिक्षा विरोधी निर्णय तुरंत वापस लेना होगा क्योंकि अच्छी ओर मुफ्त शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है ओर अधिवक्ता समाज बच्चों के शिक्षा के कानूनी अधिकार कि हर कीमत पर रक्षा करेगा। बैठक में आरिफ, सुरजीत अजित, अजय वर्मा, गिरीश, नेतृपाल, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** महाशिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। डीएम अस्मिता लाल और एसपी सूरज कुमार राय ने बड़ौत, दाहा, भड़ल और पुसार में कावड़ मार्गो का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मार्गो पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। 66 मोबाइल कावड़ बाइक टीमें तैनात की गई हैं।

सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। बागपत के रास्ते हरियाणा, राजस्थान, नोएडा और गाजियाबाद से शिवभक्त कांवड़ यात्रा करते हैं। महाशिवरात्रि पर बागपत के ऐतिहा.



सिक पुरा महादेव मंदिर पर लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। एसपी ने पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि डयूटी में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डीएम-एसपी ने बॉर्डर चौकियों का भी निरीक्षण किया। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य है कि शिवभक्तों को यात्रा के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो। स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है।

# एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बुधवार को उपनिदेशक पंचायत, मेरठ मण्डल, मेरठ के कुशल मार्ग निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना तहत वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स पीएआई ऋसंस्करण 1.0 के प्रसार एवं संस्करण 2.0 के प्रसार हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकासखंड पिलाना जनपद बागपत में किया गया जिसका उद्घाटन सहायक विकास अधिकारी पंचायत, प्रतिनिधियों एवं सचिव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0 पर सभी प्रतिभागियों को मास्टर ट्रेनर श्री प्रवीण कुमार, सुश्री निशा एवं वरिष्ठ फैकल्टी हापुड़, डा.दीपक सिंह द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ फैकल्टी मेरठ चरणजीत मौजूद रहे।

# सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर भूजल रथ किया रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बुधवार को जनपद बागपत में 16 जुलाई से 22 जुलाई के मध्य भूजल सप्ताह का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव द्वारा विकास भवन से हरी झंडी दिखाकर भूजल रथ की रवानगी की गई। जो प्रत्येक ग्राम पंचायत में जाकर ग्राम पंचायत जागरूकता अभियान चलाएगी। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी अटल भूजल योजना सर्वेश कुमार, सहायक अभियंता लघु सिंचाई डालचंद, अमित कुमार देशवाल अवर अभियंता लघु सिंचाई, अमित कुमार श्रीवास्तव, घनेंद्र सिंह एग्रीकल्चर एक्सपर्ट, समस्त ब्लसक कोऑर्डिनेटर एवं राहुल शर्मा, अंजली नैन, अमित कुमार द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# कांवड़ मार्ग पर चारों तरफ हो रही बम बम भोले की जयकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** क्षेत्र की सड़के केसरिया रंग में रंगने लगी हैं। चारों तरफ कावड़ मार्ग पर बम बम भोले की जय जयकार हो रही है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़िए निकल चुके हैं और भगवान शिव के जयकारे गूंज रहे हैं। कांवड़िए भी गंगाजल लेकर अपनी मंजिल की तरफ बढ़ रहे हैं और हर कोई उनका स्वागत करने के लिए घरों से बाहर आ रहा है। सावन माह शुरू होते ही कांवड़ियों की संख्या भी बढ़ने लगी है। हरिद्वार व गोमुख से कांवड़िए बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग से राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा की तरफ रवाना हो रहे हैं। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़िए हर-हर महाद. ेव, बोल बम-बम के जयघोष के साथ नाचते-गाते शिवालयों की तरफ बढ़ रहे हैं। मार्ग भी भोले की




जयघोष से भक्तिमय होते जा रहे हैं। क्षेत्र के लोग भी कांवड़ियों की सेवा करने में जुटे हैं और उनका स्वागत कर रहे हैं। क्षेत्र में एक से बढ़कर एक कावड़ एवं कावड़िया कोई शिव भक्त 121 लीटर गंगाजल तो श्रद्धालु 151 गंगाजल तो कोई भोले का भक्ति 175 लीटर गंगा जल लेकर अपने कंधों पर लेकर चल रहा है। सभी शिव भक्त अपनी-अपनी इच्छा के अनुसार अपने कंधों पर गंगाजल लेकर चल रहे हैं।

हरियाणा सोनीपत के कावड़िया नरेंद्र शर्मा विनोद शर्मा पंकज शर्मा रवि गुप्ता दिनेश गुप्ता प्रवेश गुप्ता सुंदरपाल कश्यप हुकम सिंह राजवीर सिंह का कहना है कि शिव की भक्ति में नील होकर सुख शांति व सरकारी नौकरी के लिए कांवड़ लेकर आए है जब हम भोले शिव शंकर से मस्तक झुका कर अपनी मनोकामना के लिए उनकी भक्ति करते हैं तो भगवान शिव भी अपने भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। हम सच्ची श्रद्धा भाव से शिव की महिमा का गुणगान करते हुए नंगे पैर चलते हुए अपने शिवालय में जलाभिषेक करेंगे।

# शिक्षा मंत्री से मिले शिक्षक विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हापुड़ में दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर कुछ दिन पूर्व दुर्घटना में घायल हुई प्रदेश की माध्यमिक शिक्षामंत्री गुलाब देवी से मिलने के लिए बुधवार को शिक्षक विधायक डॉ. हरिसिंह ढ़िल्लो और सिद्धार्थ बोर्डिंग एकेडमी के प्रबंधक रविराज सिंह पहुंचे। बता दें कि दुर्घटना के बाद शिक्षा मंत्री का उपचार दिल्ली स्थित एम्स में चल रहा था।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र गौरव व पुत्रवूध रिया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
रजनीश पुत्र मंगत निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र पंकज व पुत्रवूध वंशिका से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
शीशपाल पुत्र नवाब सिंह निवासी ग्राम हलालपुर तहसील बडौत जनपद बागपत।

# खाद विक्रेताओं के 32 स्थानों पर छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के आदेश पर मंगलवार को जिलेभर में उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान तहसीलवार टीम गठित कर कुल 32 स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया।

हापुड़ सदर तहसील में तहसीलदार हापुड़ और जिला कृषि अधिकारी की संयुक्त टीम ने नई मंडी स्थित इफको किसान सेवा केंद्र और गन्ना समिति के उर्वरक बिक्री केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गन्ना समिति का केंद्र बंद मिला, जिस पर संबंधित प्रबंधक को नोटिस जारी किया गया। गढ़ तहसील में उपकृषि निदेशक के नेतृत्व में तहसीलदार गढ़ की टीम ने कई दुकानों पर छापेमारी की, वहीं धौलाना तहसील में तहसीलदार के साथ अपर जिला कृषि



अधिकारी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर कई दुकानों पर नियमों के उल्लंघन के प्रमाण पाए। छापेमारी के दौरान कुल 9 उर्वरक नमूने जांच के लिए भेजे गए, ताकि खाद की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच की जा सके। इसके अतिरिक्त 7 दुकानदारों को उर्वरक नियंत्रण आदेशों की अवहेलना पर नोटिस दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद की गुणवत्ता और आपूर्ति में कोई भी अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी ऐसी छापेमारी लगातार जारी रहेंगी।

## चोरी के समान के साथ चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड देहात पुलिस ने थाना क्षेत्र मे हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक चोर गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि थाना हापुड देहात पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र मे हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक चोर नकुल पुत्र अमरीश उर्फ डब्बल को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से चोरी के चांदी के आभूषण, एलईडी टीवी, मोटर साइकिल एवं अवैध चाकू बरामद हुआ है। चोर की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# हैंडिकैप्ड स्कूल में बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने पहुंची पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाज में सुरक्षा और कानून व्यवस्था के साथ-साथ संवेदनशीलता और सेवा की मिसाल पेश कर रही है हापुड़ पुलिस। इसका एक जीवंत उदाहरण थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मसूरपुर बाईपास पर स्थित गौतम बुद्ध हैंडिकैप्ड चैरिटेबल स्कूल में देखने को मिला जहां पुलिस अधिकारियों ने बच्चों के बीच पहुंचकर उनके जीवन में खुशियों के रंग भर दिए।

इस विशेष विद्यालय में अध्ययनरत विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए थाना देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता एवं थाना हाफिजपुर प्रभारी आशीष कुमार द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, पौष्टिक फल एवं मिठाइयाँ वितरित की गईं। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से आत्मीयता से संवाद किया, उनके सपनों और पढ़ाई के विषय में बातचीत की और उन्हें जीवन में कभी हार न मानने का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों से



कहा कि आप सभी समाज का अभिन्न अंग हैं और हम सभी आपके साथ खड़े हैं। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक, कर्मचारीगण एवं अभिभावक भावविभोर हो उठे। विद्यालय प्रबंधन ने हापुड़ पुलिस के इस संवेदनशील एवं प्रेरणादायक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सहभागिता बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करती है। पुलिस द्वारा की गई इस सकारात्मक पहल ने न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि वर्दी में सिर्फ सख्ती नहीं संवेदनशीलता भी होती है।

# किसानों के हक में 20 अगस्त को होगी महापंचायत: अनीश गाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनीश गाजी एडवोकेट ने जनपद हापुड़ के आवास विकास कॉलोनी, बुलंदशहर रोड पर पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने किसान हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए बताया कि आगामी 20 अगस्त को मेरठ कमिश्नरी पर किसानों की एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया जाएगा।

इस महापंचायत के मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रिशिपाल अंबावता होंगे। अनीश गाजी ने कहा कि इस ऐतिहासिक पंचायत में पश्चिमी



उत्तर प्रदेश सहित देशभर से हजारों किसान शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह महापंचायत केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि किसानों की समस्याओं के समाधान की दिशा में एक निर्णायक कदम होगी। प्रवक्ता अनीश गाजी ने कहा कि ये मांगें किसान समाज के सम्मान, सुरक्षा और भविष्य की गारंटी से जुड़ी हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि अब वक्त आ गया है कि किसानों को सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस नीतिगत निर्णय दिए जाएं। इस प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के विस्तार की घोषणा भी की गई, जिसमें बलराज मावी जिला अध्यक्ष बुलंदशहर, जाकिर अंसारी, हरिओम भड़ाना, हाजी अलाउद्दीन, जुनैद भाई, भाई जियाउद्दीन और आज़ाद भाई प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अनीश गाजी ने सभी किसान संगठनों, नेताओं और जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे 20 अगस्त को मेरठ पहुंचकर इस किसान शक्ति को एकजुटता के साथ मजबूत करें।

# छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स के तत्वावधान में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्नातक पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि, मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की प्रतिबद्धता आंकलन करते हुए प्रोत्साहित करना हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के सचिव डा. रोहन सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल, महानिदेशक प्रोफेसर डा. सुभाष गौतम, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य डा. निधि मालिक, डीन, प्राचार्य, सभी विभागाध्यक्ष




आदि ने दीप प्रज्वलन करते हुए किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में बीसीए, बीबीए, बीएससी,बीकॉम एवं बीए जैसे पाठ्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। इस समारोह में न केवल प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया, बल्कि अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिली कि वे भी उच्चतम लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए अच्छे अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में अपना नाम करा सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी, कैंपस मैनेजर, चीफ प्रॉक्टर, एवं स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

# जिलाधिकारी के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के.सी. पांडेय के नेतृत्व में हापुड़ जिले के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने मिलकर वर्तमान जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन उपजिलाधिकारी मनोज सिंह एवं उपजिलाधिकारी रमेश चंद्र पांडेय ने संयुक्त रूप से स्वीकार किया।

ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि हापुड़ की जनता जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निष्पक्ष, संवेदनशील व पारदर्शी प्रशासनिक कार्यों से अत्यधिक संतुष्ट है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पांडेय का कार्यकाल आम जनमानस के लिए एक आदर्श साबित हुआ है। वे न केवल जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समर्पित हैं, बल्कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर अभियान चलाकर जिले को एक नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी स्पष्ट किया कि हाल ही में एक निलंबित लेखपाल की आत्महत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को आधार बनाकर कुछ असामाजिक तत्व एक कर्मठ और सजग जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय को निशाना बनाकर षडयंत्रपूर्वक हटाने का प्रयास कर रहे हैं, जो हापुड़ ही नहीं, पूरे प्रदेश के ईमानदार अधिकारियों के मनोबल को ठेस पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने मांग की कि इस दुर्भावनापूर्ण प्रयास को मुख्यमंत्री द्वारा रोका जाए और जिलाधिकारी को आशीर्वाद व समर्थन प्रदान कर जनहित में उनकी सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि लेखपाल की आत्महत्या दुखद है और सभी की संवेदनाएं परिवार के साथ हैं, लेकिन इसके लिए एक निष्पक्ष, ईमानदार और जनप्रिय अधिकारी को गलत तरीके से बदनाम करना न्यायसंगत नहीं है। हापुड़ की जनता ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि वह एक कर्मठ, सजग और जनता के प्रति जवाबदेह जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय को अपना संरक्षण प्रदान कर हापुड़ जैसे ज़िले को भ्रष्टाचार से मुक्त और विकासशील बनाए रखने की दिशा में मजबूती प्रदान करें।

# रोटरी क्लब ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए 150 पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रोटरी क्लब हापुड़ डायमंड ने अपने नए सत्र का आगाज़ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत एक प्रेरणादायक और पर्यावरण-हितैषी पहल के साथ किया है। इस एक पेड मां के नाम अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ शक्ति का सम्मान करना है।

क्लब की अध्यक्ष पूनम कर्णवाल के नेतृत्व में क्लब के सभी सदस्यों ने दिल्ली रोड स्थित हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की आनंद विहार योजना में लगभग 150 पौधे लगाए। क्लब की सचिव शिखा बंसल ने बताया कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति क्लब की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि रोटरी क्लब हापुड़ डायमंड समय-समय पर विभिन्न सामाजिक और पर्यावरणीय परियोजनाओं के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करता रहा है। एक पेड मां के नाम अभियान के तहत इस पहल के तहत लगाए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल करना और संरक्षण की ज़िम्मेदारी रोटरी क्लब हापुड़ डायमंड के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने ली है। इस भावनात्मक पहल का लक्ष्य केवल हरियाली बढ़ाना ही नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना भी है। रोटरी क्लब हापुड़ डायमंड ने भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और पर्यावरणीय प्रोजेक्ट्स को जारी रखने का संकल्प लिया है। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की जमकर सराहना की है और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया है। यह पहल निश्चित रूप से अन्य सामाजिक संगठनों और व्यक्तियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकती है।

## एक नजर

### सात दिन पूर्व नहर में कूदे व्यक्ति का नहीं लगा कोई सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव बड्डा में नहर में कूदकर जान देने वाले व्यक्ति महेश निवासी गांव लाड़पुर का सात दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजन ने हापुड़ और जनपद बुलंदशहर क्षेत्र की सीमा तक उनको तलाश किया है।

गांव निवासी महेश छह दिन पूर्व मानसिक तनाव के चलते अपने घर से सिंभावली के गांव बड्डा पहुंचा गया। वहां उसने अपने भाई श्योदान सिंह को फोन कर नहर में कूदने की बात कहीं थी। तभी से उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। तीन दिन से निंरतर उनको तलाश कर रहे है। परिजन ने पुलिस का सहयोग लेते हुए नहर का पानी कम करने की मांग की थी। पुलिस ने नहर सिंचाई विभाग से वार्ता कर पानी कम कराने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका हैं।

### मकान पर कब्जे के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी फैमिदा ने बताया कि उसकी पुत्रवधू ने पिछले दिनों उन पर दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उस मामले में उनके द्वारा जमानत भी करा ली गई है, लेकिन अब उसकी पुत्र वधू अपने मायके वालों के साथ उसके घर आई और उनके पिटाई कर दी। पीड़िता ने बताया कि वह उसके मकान पर कब्जे के प्रयास कर रही है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुत्र वधू पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव सरुरपुर निवासी महिला ने पुत्रवधू पर पिटाई करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत पर आरोपी ने बेटे से तलाक देने की मांग की है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी नसीम ने बताया कि वह मूल रूप से आसाम की रहने वाली है। इसलिए उसका मायका का कोई भी व्यक्ति आस पास में नहीं रहता है। पीड़िता ने बताया कि उसके बेटे के पत्नी आए दिन उसके साथ उत्पीड़न करती है। पीड़िता ने बताया कि बुधवार को भी उसने उसको पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने बताया कि जब उसने बेटे से शिकायत की तो उसने बेटे से भी तलाक देने की मांग की। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के पबला रोड स्थित दिनेश नगर आवासीय कॉलोनी में बुधवार सुबह एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार मृतका निधि राणा कुछ समय से दिनेश नगर आवासीय कॉलोनी के टावर नंबर 32 में किराए के मकान में अपनी 11 वर्षीय पुत्री सिया और 5 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ के साथ रह रही थीं। बुधवार की सुबह निधि अपने दोनों बच्चों को स्कूल छोड़ने गई थीं। वापस घर आने के बाद उन्होंने अपनी चुन्नी के दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाया और आत्महत्या कर ली। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए हैं। मृतका निधि का अपने पति पुनीत बजाज से काफी समय से न्यायालय में वाद चल रहा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। मृतका के परिजनों ने अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का वास्तविक कारण पता चल पाएगा।

# कांवड़ यात्रा के दौरान थाना हाफिजपुर ने कांवड़ियों को वितरित किया शीतल जल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सावन माह में कांवड़ यात्रा अपने चरम पर है और उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों से लाखों शिवभक्त गंगाजल लेने हरिद्वार की ओर पैदल यात्रा पर निकले हुए हैं। ऐसे में हापुड़ जनपद के थाना हाफिजपुर पुलिस ने न सिर्फ सुरक्षा की जिम्मेदारी बखूबी निभाई, बल्कि मानवता की मिसाल पेश करते हुए कांवडियों की सेवा में एक अनुकरणीय कार्य भी किया।

गर्मी और उमस भरे मौसम में जब श्रद्धालु थकान और प्यास से जूझ रहे थे, तब हाफिजपुर पुलिस ने सेवा शिविर लगाकर उन्हें ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया। कांवड़ मार्ग पर स्वयं थाना प्रभारी आशीष कुमार और पुलिस स्टाफ ने मोर्चा संभालते हुए कांवडियों को जल वितरित किया और उन्हें विश्राम करने की सुविधा भी प्रदान की। जहां एक ओर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकस नजर आई, वहीं दूसरी ओर मानवता के धर्म को निभाते हुए श्रावण मास के इस पवित्र अवसर को सेवा से जोड़ा। थाना प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारा फर्ज भी है और धर्म भी। हमारा प्रयास है कि कोई भी कांवडिया हमारे क्षेत्र में असहज महसूस ना करे। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने भी पुलिस की इस सेवा भावना की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करते हैं और एक मजबूत विश्वास का वातावरण तैयार करते हैं। सिर्फ कांवड़ियों के लिए राहत



की बात है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा भी है कि वर्दी केवल कानून की नहीं, सेवा और सद्भाव की भी पहचान बन सकती है।

### सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति की उपचार के दौरान हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के मेरठ मार्ग पर सड़क के गड्डे भरने के दौरान सडक हादसे में घायल व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के बेटे ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जनपद मुरादाबाद के थाना भोजपुर के गांव गुड़लिया मुराद निवासी सतीश ने बताया कि उसके पिता महेंद्र सिंह 56 वर्ष गांव निवासी लखपत के साथ गढ़ में काम करने के लिए आए थे। नौ जुलाई की शाम को मेरठ मार्ग पर सड़क के गड्डे भरने के दौरान बाइक सवार सोहेल निवासी खानपुर जनपद बुलंदशहर ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसके पिता को टक्कर मार दी। हादसे में उसके पिता घायल हो गए उनको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की रात को पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान वैट नहर पटरी पर एक संदिग्ध युवक को घूमते हुए देखा। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा करते हुए उसको पकड़ लिया। पकड़ा गया आरोपी गांव वैट निवासी शहजाद है। उसके कब्जे से तमंचा बरामद किया है।

# संस्कृति विवि में शुरू हुई जगद्गुरु शंकराचार्य की चातुर्मास व्रत व्यास पूजा

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में जगद्गुरु शंकराचार्य का चातुर्मास व्रत व्यास पूजा और संकल्प के साथ शुरू हुआ। यह व्रत सात सितंबर तक चलेगा। संस्कृति विश्वविद्यालय के सुसज्जित परिसर में जगद्गुरु शंकराचार्य अनन्तश्री स्वामी अमृतानंद देवतीर्थ महास्वामी सनातन धर्म की गौरवमयी परंपरा के अनुसार पिछले 23 वर्षों से प्रतिवर्ष इस व्रत का पालन करते आ रहे हैं। व्रत के शुभारंभ पर जगदगुरु शंकराचार्य द्वारा विवि के परिसर में पौधारोपण किया गया। यह आयोजन भक्ति, साधना, पर्यावरण संरक्षण, और शिक्षा का एक अनुपम संगम है, जिसमें नित्य नक्षत्र वृक्ष रोपण और प्रति सप्ताह एक हरिशंकरी वृक्ष का रोपण होगा। बताते चलें कि सनातन धर्म में चातुर्मास (आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी तक) एक पवित्र अवधि है, जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में लीन रहते हैं और भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं। श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा इस व्रत के लिए विशेष रूप से पवित्र मानी जाती है। यह समय तप, साधना, भक्ति, और आत्मिक शुद्धि के लिए समर्पित है। भक्तों को कीर्तन, भागवत कथा, तुलसी पूजन और नक्षत्र वृक्ष रोपण जैसे अनुष्ठानों में भाग लेकर आध्यात्मिक उन्नति का अवसर प्राप्त होता है। संस्कृति यूनिवर्सिटी का परिसर, जो इस चातुर्मास व्रत को और अधिक भव्य बनाएगा। इस दौरान होने वाले कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भक्तजन भाग ले रहे हैं। इस दौरान भगवान शिव की विशेष पूजा और अभिषेक, जो आत्मिक शांति प्रदान करने वाला रुद्राभिषेक, सनातन धर्म की गहराईयों को उजागर करने वाले नियमित धार्मिक अनुष्ठान, भक्ति भजन और कीर्तन, संकल्प, प्रतिदिन एक नक्षत्र वृक्ष का रोपण, जो वैदिक परंपरा के अनुसार पर्यावरण संरक्षण और नक्षत्र दोष निवारण में सहायक है, प्रति सप्ताह एक हरिशंकरी वृक्ष (पीपल, बरगद, और आँवला का संयुक्त रूप) का रोपण, जो भगवान शिव और विष्णु की कृपा का प्रतीक है, किया जाएगा।

# घेवर के स्वाद के बिना सूखा रहता है सावन

**रोबिन शर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर।** श्रावण का महीना हो और मिठाई के रूप में घेवर का स्वाद न लिया जाए, तो ऐसा समझो सावन सूखा ही चला गया। घेवर के बिना श्रावण खासकर हरियाली तीज सूनी सी दिखाई देती है। सावन में बहन-बेटियां भी अपने मायके से घेवर आने की बाट जोहने लगती हैं। श्रावण माह शुरू होते ही ज्यों-ज्यों रक्षाबंधन का पर्व नजदीक आता जा रहा है, त्यों-त्यों बाजारों में हलवाइयों की दुकानों पर अब मिठाई के रूप में घेवर दिखाई देने लगा है। हलवाइयों की दुकानों पर घेवर बनाने का कार्य पूरे जोरों पर है। मिठाइयों की दुकानों पर आजकल अन्य मिठाइयों के मुकाबले घेवर ही खरीदारी अधिक होती दिखाई देती है। इनमें सादा घेवर, मावा वाला, घेवर बनाए जाते हैं। देसी घी व रिफाइंड में घेवर बाजारों में उपलब्ध होते हैं। सादा घेवर 200 से 250 रुपये किलोग्राम में मिल रहा है। जबकि घेवर मावे वाले 400 से 500 रुपये किलोग्राम तक में उपलब्ध है। वहीं गुझिया मावा युक्त 400 रुपये किलो तक बिक रही है। व्यापारी अमन, धर्मजीत, सोनू, विमल कुमार का कहना है कि श्रावण माह में घेवर की बिक्री बढ़ जाती है। हम पिछले कई वर्षों से मिठाई के काम में हैं। इस बार घेवर की बिक्री अभी कम दिखाई दे रही है। हालांकि अभी सीजन शुरू हो हुआ है। धीरे-धीरे घेवर की विक्री में तेजी आएगी। इस सीजन में अच्छा-खासा घेवर बिकता है। तीज व रक्षा बंधन पर तो घेवर की मांग इतनी अधिक बढ़ जाती है कि ग्राहकों को अपनी बारी के लिए इंतजार करना पड़ता है।

# पोषाहार मांगने पर अभद्रता करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया कि उनके गांव के स्कुल में 192 बच्चो का पोषाहार आया था। जब वह वहां पर पोषाहार लेने के लिए गई तो वहा मौजूद आंगनबाड़ी ने उनके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर स्कुल का हेड मास्टर भी वहां आ गए। उन्होनें भी उनके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए धक्का देकर स्कुल परिसर से बाहर निकालने लगे। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि स्कुल के बच्चो का पोषाआहार का गबन किया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पांच टप्पेबाज पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस की टप्पे बाज गैंग से मुठभेड़ हो गई। पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी। ये लोग कार में सवारी को बैठाकर उसको झांसे में लेकर लूटपाट करते है।

थाना सेक्टर 39 पुलिस दिल्ली ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से सेक्टर 37 की तरफ मुडनें वाले कट पर चौकिंग कर रही थी। एक कार में सवार कुछ व्यक्ति एक्सप्रेस वे से सेक्टर 37 की तरफ दादरी रोड पर आये। पुलिस पार्टी ने रूकने का इशारा किया। वह नहीं रुके बल्कि दादरी रोड की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। शक होने पर पुलिस पार्टी ने उनका करीब एक किमी तक पीछा किया। अपने आप को घिरता देख ग्रीन बैल्ट में




गाड़ी मोड़ दी जहां घबराहट में कार पेड़ से टकरा गई।

**पुलिस ने वॉर्निंग दी फिर किया फायर:** कार से उतर कर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से बदमाश ने फायर किया। पुलिस पार्टी ने पहले वॉर्निंग दी। इसके बाद जवाबी फायर किया। एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जमीन पर गिर गया। उसे गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान विकास पुत्र जय प्रकाश निवासी भागलपुर बिहार हुई। इसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस मिला। घायल बदमाश कार और साथी को छोड़कर झाड़ियों की तरफ भागे।

**कांबिंग के दौरान चार गिरफ्तार:** सभी चार साथियों को पुलिस पार्टी ने कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया। इनकी पहचान रंजन पुत्र लक्ष्मण महतो, मौहम्मद कुर्बान पुत्र बाबू जान, पिन्टू उर्फ संजय पुत्र सलमान, और अमन पुत्र नन्हें मियां है। ये सभी दिल्ली के रहने वाले है। इनके कब्जे से एक गाडी स्विफ्ट डिजायर रंग सफेद बरामद की गई। दो सफेद रंग में बंधी कागज की गड्डी जिसके ऊपर एक-एक नोट 500 का लगा हुआ था। 05 मोबाइल फोन बरामद किए गए। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक तृतीय क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। चौगानपुर गोलचक्कर पर रात्रि चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया। संदिग्ध ने रुकने के बजाय भागने की कोशिश की।

पुलिस ने जब उसका पीछा किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई।

घायल बदमाश की पहचान मोहित उर्फ लगड़ा के रूप में हुई। वह बुलंदशहर के जहांगीराबाद का रहने वाला है और फिलहाल ग्रेटर नोएडा के कुलेसरा में रह रहा था। बदमाश से एक मोबाइल फोन, 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा



कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई कर रही है।

# सावन में वेज बिरयानी मंगाना पड़ गया भारी

■ रेस्टोरेंट संचालक ने ग्राहक को भेजी चिकन बिरयानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सावन माह में एक परिवार को वेज बिरयानी मंगाना भारी पड़ गया। रेस्ष्टोरेंट संच. लक ने वेज की बजाए चिकन बिरयानी भेज दी। परिवार के सदस्यों ने जब बिरयानी खाई तक उन्हें चिकन बिरयानी का पता चला।

जिसके बाद सभी का मन खराब हो गया। पीडित परिवार ने पूरे मामले का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। साथ ही घटना की सूचना पुलिस व फूड विभाग को भी दी।

बिरयानी को पैक कर परिवार के सदस्य रेस्टोरेंट पर पहुंचे और शिकायत दर्ज की। बताया कि उन्होंने स्विगी से वेज बिरयानी व पनीर का आर्डर किया था। किए गए आर्डर को भी उन्होंने दिखाया। सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।

संचालक ने अपनी गलती मानते हुए माफी मांगी। कहा कि यह गलती अनजाने में हुई है। ग्राहक व रेस्टोरेंट संचालक के बीच समझौता होने के बाद मामला सुलझ गया।

# वाहन चोरी करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बीटा दो कोतवाली पुलिस ने दिल्ली एनसीआर में दोपहिया वाहन चोरी करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी की पांच बाइक बरामद की गई। इनमें से तीन बाइक दिल्ली, सूरजपुर और बादलपुर कोतवाली क्षेत्र से चुराया गया था। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह पुलिस ने नट मढैया गोल चक्कर के पास से शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान दिलीप निवासी ग्राम बगियाना जिला अलीगढ़, अजय निवासी चाईबासा, गुमला झारखंड, जैद निवासी अहमदनगर, थाना लिसाड़ी गेट, मेरठ और राज निवासी सिकन्दरा राऊ, जिला



हाथरस के रूप में हुई।

इनकी निशानदेही पर फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की पांच बाइक बरामद की गई। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह दिल्ली एनसीआर से वाहन चोरी करते थे। पुलिस से बचने के लिए बाइक में फर्जी नंबर प्लेट लगा रखी थी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपियों से बरामद दो बाइक के मालिकों का पता नहीं चल सका है। पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। आरोपियों के अन्य साथियों के बारे में भी पूछताछ जारी है।

## एक नजर

### एम्स पैरामेडिकल परीक्षा के दौरान मुन्नाभाई गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित एक कॉलेज में एम्स पैरामेडिकल की परीक्षा के दौरान एक मुन्ना भाई समेत दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक मिलान न होने पर पहले एक आरोपी को पकड़ा गया था। एम्स पर्यवेक्षक की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नॉलेज पार्क थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को एक कॉलेज में एम्स पैरामेडिकल की लिखित परीक्षा थी। इस दौरान एम्स पर्यवेक्षक ने बायोमेट्रिक मिलान नहीं होने पर राजस्थान के रहने वाले आरोपी मनीष गोस्वामी को रंगे हाथ पकड़ा।

पुलिस पूछताछ में पता चला कि मनीष गोस्वामी राजस्थान के रहने वाले नितेश नाम के एक अभ्यर्थी की परीक्षा देने पहुंचा था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए मनीष गोस्वामी और एक दलाल प्रशांत को गिरफ्तार किया। इस मामले में अभ्यर्थी नितेश के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

### युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** फेज-दो थाना क्षेत्र के नयागांव में रहने वाले 38 वर्षीय युवक ने मंगलवार देर रात अपने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। युवक पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव से जूझ रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मंगलवार देर रात युवक के फंदे पर लटके होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए। युवक की पहचान जिला देवरिया निवासी राम प्रवेश के रूप में हुई। परिजन ने पुलिस को बताया कि वह कुछ दिनों से बेरोजगार था। इसके चलते मानसिक तनाव से जूझ रहा था। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। युवक के मोबा. इल की कॉल डिटेल और डाटा से पुलिस आत्महत्या के सही कारणों को जानने का प्रयास कर रही है।

### तेज रफ्तार कार चारदीवारी तोड़कर 25 फीट नीचे गिरी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चारदीवारी तोड़कर 25 फीट नीचे हाजीपुर अंडरपास की तरफ गिर गई। हादसे में कार की चपेट में आकर स्कूटी और बाइक सवार घायल हो गए। कार चालक को भी चोटें आई हैं। सेक्टर-39 थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के बीटा टू थानाक्षेत्र में रहने वाला चालक मंगलवार की दोपहर साढ़े 12 बजे होंडा सिटी कार लेकर नोएडा से ग्रेटर नोएडा की तरफ जा रहा था। हाजीपुर अंडरपास के पास कार अनियंत्रित हो गई। गति इतनी तेज थी कि गाड़ी एक्सप्रेसवे के किनारे चारदीवारी को तोड़ती हुई 25 फीट नीचे हाजीपुर अंडरपास की तरफ पलटती हुई सड़क पर गिरी।

इस बीच बाइक सवार शिवम बंसल निवासी ग्रेटर नोएडा और स्कूटी चालक पंकज कुमार निवासी हाजीपुर घायल हो गए। गाड़ी पंकज की कमर पर आकर लगी थी। दूसरे वाहन चालकों ने तुरंत पलटी गाड़ी से घायल चालक को बाहर निकाला। गनीमत रही कि तीनों के शरीर के कई हिस्से में चोट लगी पर सिर वाला हिस्सा सुरक्षित रहा। राहगीरों ने तुरंत घटना की जानकारी कंट्रोल रूम में दी। सूचना मिलते ही सेक्टर-98 चौकी प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। राहगीरों की मदद से घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों का कहना है कि कार चालक समेत तीनों घायलों की हालत खतरे से बाहर है। हादसा होने के बाद व्यस्त सड़क होने की वजह से जाम लग गया। लोग करीब दस मिनट तक जाम में फंसे रहे। क्षतिग्रस्त कार, स्कूटी और बाइक को घटनास्थल से हटवाया गया, इसके बाद आवागमन शुरू हुआ। झपकी आने से हादसा होने की आशंका आशंका जताई जा रही है कि झपकी आने से कार चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो गया होगा। हादसे के कारणों की पुलिस जानकारी जुटा रही है। घटनास्थल के कुछ वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुए।

# बैरिकेड लगाने से लंबा जाम लगा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी वन में बुधवार को सड़क पर बैरिकेडिंग के कारण जाम लग गया। इसके कारण लोगों को दो घंटे जाम में फंसना पड़ा। नौकरीपेशा को दफ्तर और बच्चों को स्कूल जाने में देरी हुई। सोसाइटी में रहने वाले पुलकित, राजकुमार और अन्य लोगों ने बताया कि गौर सिटी के 7 एवेन्यू के सामने सड़क पर बैरिकेडिंग लगा दी गई। इसके कारण दो लाइन की सड़क सिंगल लाइन में बदल गई। ऐसे में लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। बुधवार सुबह को बैरिकेडिंग के कारण गौर सिटी वन के अंदर भीषण जाम लग गया। इससे लोगों को जाम में फंसना पड़ा।

# कुत्ते के भौंकने पर तीन लोगों ने धारदार हथियार से युवक की काटी नाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-दो में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके कुत्ते के भौंकने पर आक्रोशित होकर तीन लोगों ने उसके घर पर धावा बोला। उक्त लोगों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर उसके बेटे की नाक काट दी। यही नहीं बेटे को बचाने आई उसकी पुत्रवधू के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सुखबीर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह गांव नटो की मडैया बीटा- थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार 8 जुलाई की रात 10 बजे के करीब उनके घर पर अचानक सतीश उर्फ लाला, तुषार तथा अमित लाठी-डंडे और धारदार हथियार से लैस होकर आए। उक्त लोगों ने उनके बेटे के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से उबेटे की नाक काट दी। पीड़ित के अनुसार उनकी पुत्रवधू मुन्नी देवी जब उनके बेटे को बचाने आई तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके बेटे को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से उसे दिल्ली के एम्स में रेफर किया गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित ने आज घटना की शिकायत थाने में की है। इस मामले में पुलिस ने सतीश, तुषार और अमित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# यमुना सिटी में सौर ऊर्जा के उपकरण तैयार होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना सिटी के सेक्टर-8 में सौर ऊर्जा के उपकरण तैयार करने के लिए 200 एकड़ में बड़ा प्लांट स्थापित होगा। इसके लिए सील सोलर पी6 प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को उत्तरप्रदेश सरकार ने मंजूरी दे दी है। कंपनी पैनल शीट और अन्य संयंत्र तैयार करेगी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के एक अधिकारी ने बताया कि यह क्षेत्र में नई ग्रीनफील्ड परियोजना होगी। इसे अल्ट्रा मेगा श्रेणी में रखा गया है। इस श्रेणी तीन हजार करोड़ या इससे अधिक निवेश करने वाली कंपनियों को शामिल किया जाता है।

कंपनी ने यीडा से सेक्टर-8 में प्लांट स्थापित करने के लिए 200 एकड़ भूमि की मांग की थी। 24 फरवरी 2025 को प्राधिकरण ने कंपनी को लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी करते हुए प्रस्ताव शासन को भेज दिया था। बीते 10 जुलाई को इंवेस्ट यूपी ने कंपनी के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए पत्र जारी कर दिया गया। बुधवार को शासन से पत्र प्राप्त होने के बाद प्राधिकरण ने कंपनी को भूमि आवंटन करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। वहीं, कंपनी के पदाधिकारियों ने भी यीडा पहुंचकर इस संबंध में दस्तावेज समेत अन्य बिंदुओं पर बातचीत की। उम्मीद है कि इसी महीने कंपनी को भूमि आवंटित कर दी जाएगी। कंपनी के पदाधिकारी ने बताया कि कंपनी के पास भारत में 6.7 गीगावॉट से ज्यादा की सोलर परियोजना है। इनमें कुछ चल रहे हैं और कुछ निर्माणाधीन हैं। कंपनी के पास पहले से 3.5 गीगावॉट की टॉपकोन सोलर मॉड्यूल तैयार करने की क्षमता है।

**2500 लोगों को रोजगार मिलेगा सील सोलर:** पी6 प्राइवेट लिमिटेड कंपनी यीडा क्षेत्र में करीब 8253 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह प्रस्ताव यीडा क्षेत्र में अबतक के सबसे बड़े निवेश में से एक है। इस निवेश से क्षेत्र में करीब 2500 लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

**सोलर मॉड्यूल और सेल तैयार होंगे:** यह कंपनी पांच गीगावॉट (जीवी) की सोलर सेल विनिर्माण इकाई और पांच गीगावॉट की सोलर मॉड्यूल विनिर्माण इकाई स्थापित करेगी।

# ग्रेनो स्वास्थ्य विभाग ने लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का कूड़े का उचित प्रबंध न करने वाले बल्क वेस्ट जेनरेटरों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य निरीक्षक सतीश अधाना के नेतृत्व में विभाग की टीम ने बुधवार को बिल्डर्स एरिया स्थित सिल्वर ओक और जल शक्ति विहार सोसायटी में कूड़े के प्रबंधन का जायजा लिया। दोनों जगहों पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 रूल के अनुसार कूड़े को प्रोसेस नहीं किया जा रहा था, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों सोसायटी पर 12700--12700 रुपए का जुर्माना लगाया।



उन्होंने बताया कि प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के अंतर्गत आने वाले सभी बल्क वेस्ट जेनरेटरों के यहां मौके पर जाकर कूड़े के प्रबंधन का निरीक्षण कर रही है। कूड़े का उचित प्रबंधन न मिलने पर टीम पेनल्टी भी लगाती है। जुर्माने की रकम तीन कार्य दिवस में जमा करने के निर्देश दिए गए है।

वहीं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने चेतावनी दी है कि सभी बल्क वेस्ट जेनरेटर अपने कूड़े का निस्तारण खुद से करना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ रखने में सभी निवासियों से प्राधिकरण का सहयोग करने की अपील की है।

# बेरोजगारी से तंग युवक ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेस-2 क्षेत्र के नया गांव में रहने वाले एक 38 वर्षीय युवक ने बेरोजगारी से तंग होकर अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। वह मूल रूप से जनपद देवरिया उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। इसके अलावा थाना फेस- वन क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर दो अज्ञात शव पुलिस को मिले हैं। पुलिस शवों का पोस्टमार्टम करवाने के साथ ही शिनाख्त का प्रयास कर रही है। थाना फेस-दो के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि मूल रूप से जनपद देवरिया के रहने वाला रामप्रवेश उम्र 38 वर्ष नोएडा के नया गांव में रहता थे। उन्होंने बताया कि वह कुछ दिनों से बेरोजगार था। उन्होंने बताया कि पड़ोसियों के अनुसार नौकरी न मिलने की वजह से वह परेशान चल रहा था। उन्होंने बताया कि रामप्रवेश ने मंगलवार की देर रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

वहीं थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान ने बताया कि थाना पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-4 में एक 38 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी के छपरौला की रॉयल सिटी कॉलोनी में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर हत्या कर दी गई। मृतका के पिता ने दो महिलाओं समेत छह लोगों के खिलाफ बादलपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गाजियाबाद के विजयनगर में सलीम सैफी परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बेटी मनीषा की शादी 9 जुलाई 2023 में बादल. पुर कोतवाली क्षेत्र के रॉयल सिटी कॉलोनी निवासी रियाज उर्फ रियाजउद्दीन के साथ की थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग बाइक और नकदी की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर मारपीट करने लगे। विवाहिता ने घटना की सूचना परिजनों को दी।

9 जुलाई की रात मनीषा के साथ मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। 10 जुलाई को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# डी पार्क में वाहनों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सिपाहियों की तैनाती होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 14 स्थित यातायात पुलिस कार्यालय में बुधवार को पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ भारतीय किसान यूनियन (भानु) और व ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमे सेक्टर 62 में डी पार्क में वाहनों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सिपाहियों की तैनाती समेत अन्य मांगों पर सहमति बनी है। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक लाखन सिंह यादव, एसीपी ट्रैफिक राजीव कुमार गुप्ता, एसीपी ट्रैफिक प्रवीन रंजन, एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा प्रशासन और एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन के परिवहन मंत्री चौधरी ओमप्रकाश गुर्जर ने कहा कि आठ सूत्रीय मांगों को लेकर वार्ता हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि 20 हजार निजी में पंजीकृत और व्यावसायिक में इस्तेमाल हो रही बाइक को पकड़ने के लिए बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन ,सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन, सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशन, ओखला बर्ड सेंचुरी मेट्रो स्टेशन और सेक्टर 62 मेट्रो स्टेशन पर जांच अभियान चलाया जाएगा।

ऑटो स्टैंड के लिए नोएडा प्राधिकरण से सिफारिश की जाएगी, यातायात पुलिसकर्मी ऑनलाइन कागज की जांच के बाद ही कार्रवाई करेंगे और एक जिला एक परमिट की मांग की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

# मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी किसानों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में किसानों की समस्याओं के निराकरण एवं उनके कल्याण के उद्देश्य से आज विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी विधानाथ शुक्ल ने की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों, किसान प्रतिनिधियों एवं कृषकों ने भाग लिया।

मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान हेतु त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं




के प्रति संवेदनशील है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

किसानों द्वारा फसल बीमा, सिंचाई व्यवस्था, उर्वरक वितरण, विद्युत आपूर्ति, पशुपालन एवं कृषि यंत्र अनुदान से संबंधित समस्याएं उठाई गईं। इन समस्याओं का निराकरण संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा निश्चित समयावधि में समाधान हेतु आश्वस्त किया गया। कार्यक्रम का समापन उप कृषि निदेशक राजीव कुमार द्वारा किसानों को जागरूकता, नवीन कृषि तकनीकों के प्रयोग एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हुए किया गया।

इस अवसर पर कृषि विभाग, पशुपालन, सिंचाई, बीज निगम, दुग्ध विकास एवं राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# खुफिया टीम ने मंदिरों में की जांच

## फिरोजपुर महादेव मंदिर में बुधवार को पहुंची था बम निरोधक दस्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** कांवड़ को शांतिपूर्ण कराये जाने तथा उनकी सुरक्षा के मध्यनजर रखते हुए बम स्क्वायड एवं एलआईयू की टीम ने बुधवार को नगर के श्रीशिव दुर्गा मंदिर एवं फिरोजपुर महादेव मंदिर पर जाकर बारीकी से जांच की। बम स्क्वॉड की टीम ने नहर पटरी पर लगने वाले कांवड़ शिविर की जगह जैसे अकबरपुर सादात एवं बटालवी, झुनझुनी, कोहला, करीमपुर में जाकर मशीनों से झाड़ियों में बारिकी से जांच की।



बम स्क्वायड के प्रभारी देवेंद्र सिंह चौहान एवं एलआईयू के बहसूमा, फलावदा प्रभारी मुशीर खान ने बताया कि आगामी 23 जुलाई को महा. शिवरात्रि का पर्व आ रहा है। जिसको लेकर उच्चाधिकारियों के आदेश पर बहसूमा थाना क्षेत्र के सड़कों पर पड़ने वाले मंदिरों पर जाकर बारिकी से जांच की। उन्होंने बताया कि नगर में स्थित श्रीशिव दुर्गा मंदिर, मौडखुर्द में स्थित शिव मंदिर प्राचीन काल फिरोजपुर महादेव मंदिर पर जाकर विभिन्न बिंदुओं पर बारीकी से जांच की। उन्होंने बताया कि उसके बाद नहर पटरी पर लगने वाले कांवड़ शिविर वाली जगह पर मशीनों द्वारा झाड़ियो में जांच की। उन्होंने बताया कि कांवड़ को शांतिपूर्ण कराया जाएगा। इस मौके पर उपनिरीक्षक उदयपाल सिंह, उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार, कांस्टेबल अमन यादव आदि लोग शामिल रहे।

## सरधना में लगेगा विद्युत समाधान मेगा कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में आगामी 17 जुलाई से 19 जुलाई तक बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली समाधान मेगा कैंप का आयोजन किया जायेगा, जिसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। अवर अभियंता संजीव कुमार ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को अपनी परेशानी के निस्तारण हेतू बिजली विभाग पर चक्कर काटने के बजाय उनकी समस्या का समाधान करने लिए मेगा समाधान कैंप का आयोजन कालंद चुंगी के पास स्थित बिजली घर पर किया जायेगा, जिसकी अवधि 17 जुलाई से 19 जुलाई के बीच रहेंगी। कैंप में उपभोक्ताओं के खराब पड़े मीटर, बिजली बिल, और लंबें समय के चल रही समस्याओं को समाधान कैंप के अंदर ही किया जायेगा।

## शिवभक्तों के आगमन से शिवमय हुआ कांवड़ मार्ग, सेवा में जुटे क्षेत्र के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शिवरात्रि के लिए जल लेकर लौट रहें शिवभक्तों के आगमन से इन दिनों गंग नहर कांवड़ मार्ग व रजवाहे की पटरी पर शिवमय माहौल में रंगी हुई। क्षेत्रीय लोग भी शिवभक्तों की सेवा में दिन रात लगे हुए है। पुलिस प्रशासन भी शिवभक्तों के लिए दिन रात डटे हुए है।



गंगनहर पटरी पर कांवड़ मार्ग से होकर राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली व अन्य राज्यों के लोग जलाभिषेक के लिए जल लेकर लाखों शिवभक्तों का करीब दस दिन तक आगमन लगा रहता है। जिसमें जगह जगह पर ग्रमीणों द्वारा शिविर लगााकर शिवभक्तों के लिए ठहरने व भोजन की व्यवस्था की जाती है। प्रत्येक वर्ष ग्रामीण इन दिनों अपने काम को छोड़कर भक्तों की सेवा में लीन रहतें है। गंगनहर दौराला पुल पर शिविर लगाने वाले ललित गुर्जर व राजीव ने बताया कि करीब दस दिनों तक कावंड़ मार्ग से कई राज्यों के लाखों शिवभक्त हरिद्वार से जल लेकर अपनों गंणत्वय के लिए चलते है। जिनकी सेवा करने से उनके मन को शांति मिलती है, और भक्तों की सेवा करने से शिव जी के नजदीक जाने का अहसास होता है। जलाभिषेक के दो दिन पूर्व पुरा महादेव की तरफ जाने वाले शिवभक्तों कें लिए भी ग्रामीण रजवाहे की पटरी पर शिविरों को संचालन करते है। पुलिस प्रशासन भी कांवड़ यात्रा के लिए दिन रात मुस्तैदी के साथ लगा हुआ।

## उधार दिए शराब के पैसे मांगने पर कैंटीन संचालक पर बोतल से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव झुनझुनी में ठेका देशी शराब की दुकान से उधार के पैसे मांगने पर कैंटीन संचालक पर शराब की बोतल से हमला कर दिया। जिसमें कैंटीन संच. ालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। घटना के बाद इस मामले का दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। लेकिन मारपीट की वीडियो वायरल होते ही थाना पुलिस ने आरो. पित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चले कि झुनझुनी नहर पुल पर देशी ठेका शराब की दुकान स्थापित है। उसके बराबर में कैंटीन भी चल रही है। वहा पर शराब पीने वालों का जमावड़ा रहता है। मंगलवार की शाम थाना मवाना क्षेत्र के गांव कौल निवासी मनोज से कैंटीन संचालक सत्यवान ने उधार दी गई। शराब की बोतल के पैसे मांगे तो दोनों में कहासुनी हो गई। जिसमें मनोज ने खाली बोतल उसके मुंह पर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। झगड़े की वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घायल की डाक्टरी कर दी गई और आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि इस मामले में दोनों पक्षों का समझौता चल रहा था।

## घर के बाहर बैठे युवक को तीन हमलावरों ने मारी गोली, हालत गंभीर

**नगर के मोहल्ला तिहाई जुड्डी का मामला, युवक की पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर के मोहल्ला तिहाई में मंगलवार रात अपने घर के बाहर बैठे एक युवक को बाइक सवार तीन हमलावरों ने गोली मार दी। उसके बाद हमलावर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। सीओ मवाना के साथ इंस्पेक्टर मवाना ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। सीओ ने अधिनस्थों को आसपास के सीसीटीवी कैमरों से हमलावरों का पता लगाने को निर्देशित किया। उधर, देर रात पहुंचे मवाना पहुंचे एसपी देहात ने इस मामले में घायल के भाई से पूछताछ की।

मोहल्ला तिहाई निवासी सुनील (32) पुत्र चेतराम मजदूरी का काम करता है। रात करीब सवा नौ बजे वह अपने मकान के बाहर पड़ोसियों के साथ बैठा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गली में बाइक सवार तीन युवक आए और मामूली कहासुनी का बहाना करते हुए तमंचे से उसके सिर में गोली मार दी। गोली लगते हुए सुनील अचेत होकर गिर गया और पास बैठे लोगों में अफरा तफरी मच गई। गोली मारने के बाद हमलावर दूसरी गली से फरार हो गए। सूचना पर सुभाष बाजार चौकी इंचार्ज अनुराग सिंह पहुंचे और उसे तुरंत सीएचसी ले गए, जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। परिजनों के मुताबिक उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस मामले में सुनील की पत्नी आरती ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### एसपी देहात ने ली घटना की जानकारी

देर रात एसपी देहात राकेश मिश्र थाना मवाना पहुंचे और सुनील के भाई प्रवीन से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। उसके बाद वह सीओ अभिषेक पटेल के साथ घटनास्थल मोहल्ला तिहाई पहुंचे और अधिनस्थों को दिशा निर्देश दिए।



घटनास्थल पर पहुंचे एसपी देहात व सीओ मवाना।

# कांवड़ यात्रियों को मिलता है अश्वमेध यज्ञ जैसा फल

**शिवभक्तों के व्यक्तित्व के विकास में सहायक होती है कांवड़ यात्रा**

**शिव कुमार शर्मा/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** हरिद्वार, गोमुख आदि पावन तीर्थ स्थल से कांधे पर पवित्र गंगाजल लाकर अपने घर के समीप किसी प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा ही कांवड़ यात्रा कहलायी जाती है। श्रावण के पवित्र मास में भोले के भक्तों में अद्भुत आस्था उत्साह और अगाध भक्ति के दर्शन होते हैं। केसरिया रंग के कपड़ों में कांवड़ियों के सैलाब में रंग बिरंगी कांवड़ देखते ही बनती है।

सावन में कांवड़ यात्रा निकालने की परंपरा काफी पुरानी है और भगवान शिव की कृपा पाने के लिये कांवड़ यात्रा एक श्रेष्ठ माध्यम है। यह यात्रा शिव भक्तों के व्यक्तित्व के विकास में सहायक होती है। इस यात्रा से शिव भक्तों के व्यक्तित्व का विकास होता है, मन में संकल्प शक्ति और आत्मविश्वास जगता है यहीं कारण है कि सावन में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ में पवित्र जल लेकर शिवलिंगों का जलाभिषेक करते हैं। माना जाता है कि भगवान शिव पूरे श्रावण मास अपनी ससुराल राजा दक्ष की नगरी कनखल हरिद्वार में निवास करते हैं और इन दिनों भगवान विष्णु सहित सभी देवता शयन करते हैं इसलिए तीनों लोको की देखभाल भगवान शिव ही करते हैं यही कारण है कि श्रावण मास में कांवड़िए हरिद्वार आते हैं और गंगा. जल ले जाकर भगवान शिव पर पवित्र गंगा जल चढ़ाते हैं। मान्यता है सबसे पहले भगवान परशुराम ने पुरा महादेव गंगाजल लाकर शिवलिंग का अभिषेक किया था, इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज करोड़ों की संख्या में शिव भक्त हरिद्वार, गोमुख इत्यादि पवित्र स्थलों से कांवड़ लाकर श्रावण मास में शिव पर जल चढ़ाते हैं। वहीं ऐसी ही एक दूसरी मान्यता के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने कांवड़िया बनकर सुल्तानगंज बिहार से देवघर झारखंड स्थित बैजनाथ ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया था ऐसा आनंद रामायण में लिखा गया है। सावन मास में भगवान शिव और भक्तों के बीच दूरी कम हो जाती है इसीलिए भगवान को प्रसन्न कर मनोवांछित फल पाने के लिए कांवड़ यात्रा की जाती है माना जाता है जो शिव भक्त सच्चे मन से श्रावण मास में कांधे पर कांवड़ रख पैदल यात्रा करते हुए बोल बम का नारा लगाते हुए गंगा जल लाते हैं उन्हें अश्वमेघ यज्ञ में जितना फल मिलता है। शिव भक्तों के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मन वांछित फल पाकर शिव भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कांवड़ यात्रा के कुछ नियम भी हैं जिनके अनुसार कांवड़ यात्रा के समय कांवड़िया यात्रा में नशा, मांस, मदिरा, तामसिक भोजन का त्याग करता है और बिना स्नान कर कांवड़ को हाथ नहीं लगाता, भूमि पर बैठकर ही भोजन करता है, भूमि पर ही सोता है इतना ही नहीं शिवभक्त कांवड़ उठा लेता है उसी समय से उसके घर वाले भी सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं।

## डिस्कॉम के समस्त 14 जनपदों में 17 जुलाई से 19 जुलाई तक होगा बिल रिवीजन मेगा कैम्पों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विद्युत उपभोक्ताओं की बिल संशोधन, नये संयोजन निर्गत करने, विधा परिवर्तन, बिल जमा करने एवं अन्य संबंधित कार्यों की शिकायत के समाधान हेतु मेगा कैम्पों का आयोजन डिस्काम के प्रत्येक वितरण खण्ड में 17, 18 व 19 जुलाई को किया जायेगा। इस बिल रिवीजन मेगा कैम्पों के आयोजन में, समस्त अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त कारपोरेशन मुख्यालय लखनऊ द्वारा वितरण मण्डलों के अन्तर्गत लगने वाले कैम्पों में भ्रमण हेतु 29 अधिकारियों को नामित किया गया है। नामित अधिकारी संबंधित खण्ड मे आयोजत कैम्पो एवं संबंधित खंड के अधिशासी अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियंता को स्थलीय निरीक्षण कर, संबंधितों को मार्गदर्शन/दिशा-निदेश देगें। कैम्पों का आयोजन वितरण खण्ड स्तर पर किया जायेगा। प्रबंध निदेशक ईशा दुहन (आई.ए.एस.) ने उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या मे कैम्पों मे प्रतिभाग करने का आह्वन किया है। उन्होने उपभोक्ताओं को कैम्पों का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने हेतु कैम्प स्थल पर कैम्प के एक दिन पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये हैं। प्रबंध निदेशक ने कहा कि कैम्पों के आयोजन से पूर्व कैम्पों का प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों यथा. स्थानीय समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, एफएम रेडियों, जनप्रतिनिधियों से संवाद, जनसम्पर्क, मुनादी इत्यादि से कराया जाये जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता आयोजित मेगा कैम्पों का लाभ उठा सकें। कैम्प का आयोजन प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सांय पांच बजे तक किया जायेगा।

## किशोर को अगवा करने के मामले में दो युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गजरौली निवासी पूर्व प्रधान के 13 वर्षीय पुत्र को गांव के ही दो युवकों ने अगवा कर लिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पूर्व प्रधान के पुत्र की तलाश में जुट गई है।

गजरौली निवासी सूबे सिंह उर्फ बबलू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह गांव का पूर्व प्रधान है और उसने पास के गांव रठौरा खुर्द में आटा चक्की व तेल का स्पेलर लगा रखा है। बीती 12 तारीख को वह अपने 13 वर्षीय पुत्र मनु के साथ अपनी दुकान पर था। गांव निवासी दो युवक उसकी दुकान के इर्द-गिर्द चक्कर लगा रहे थे। सुबह के समय वह दुकान से किसी काम के लिए चला गया तो उक्त दोनों युवकों ने मनु से काफी देर तक बातचीत की। उसके बाद वे दोनों वहां से चले गए। दोपहर में मनु खाना खाने घर चला गया। खाना खाने के बाद जब मनु अपने छोटे भाई 7 वर्षीय प्रण के साथ दुकान पर आने के लिए घर से निकला तो गांव निवासी विशाल रठौरा खुर्द की ओर से स्कूटी लेकर आया और मनु को अपने साथ बैठाकर चल दिया। जब उसकी पत्नी ने आवाज लगाई तो विशाल ने कहा कि कुछ देर में लौट आएंगे, लेकिन उसके बाद से मनु घर नहीं लौटा। आरोप है कि विशाल व उसके साथी नितिश ने मिलकर मनु को अगवा कर लिया है। पीड़ित थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने नामजदों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर मनु और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित परि. जनों ने किसी अनहोनि घटना की आशंका जताते हुए पुलिस ने मनु को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है।



13 वर्षीय मनु।

## जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने कांवड़ियों को किया प्रसाद वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कुराली सेवा समिति ने कांवड़ सेवा शिविर में बुधवार को मुख्य अतिथि गौरव चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष ने पहुच कर शिव भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि कांवड़ मार्गों पर लाइटिंग मोबा. इल टॉयलेट की व्यवस्था बना दी गई अगर कोई बिना वजह पुलिस या सरकारी कर्मचारी परेशान करता है तो उन्हे सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि मनोज चौहान कुराली समाजसेवी जनता के बीच रहकर सेवा करते रहते हैं और भोलो की सेवा में भी एडिंग है वह ऐसे व्यक्ति की सराहना करते हैं। उन्होंने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अतुल पुनिया, टीकाराम, राकेश भोला, गुलाब, जतिन कुराली, पवन टिकरी आदि मौजूद रहे।

## शोभित विश्वविद्यालय में नौ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित डीम्ड विश्वविद्यालय मेरठ के स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग एंड लाइफ साइंसेज द्वारा संचालित नौ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन सात जुलाई से 15 जुलाई तक किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अभिनव महावीर कैंसर संस्थान, पटना द्वारा पर्यावरण विषय विज्ञान की निगरानी और इसके जनस्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान से हुई।

प्रोफेसर डॉ. रेखा दीक्षित सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि ने फसल सुधार के लिए क्रिस्पर -कैस 9 आधारित जीनोम एडिटिंग पर व्याख्यान दिया। डॉ. कुमार गौरव एमिटी विश्वविद्यालय, हरियाणा ने सतत् जैव ईंधन उत्पादन में चुनौतियां और नवाचार विषय पर चर्चा की। डॉ. अनीता कुमारी केंद्रीय विवि, हरियाणा ने गैर-संचारी रोगों की रोकथाम हेतु आहार प्रबंधन और रणनीतियों पर व्याख्यान दिया। डॉ. अमित धीर थापर विश्वविद्यालय, पटियाला ने थापर मॉडल के बारे में बताया, जो जल अपशिष्ट उपचार के लिए विकेन्द्रीकृत दृष्टिकोण तथा जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित था। डॉ. तेजपाल धोवा केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा ने स्वयं और स्वयं प्लस प्लेटफार्म के माध्यम से भारत की हालिया ई-लर्निंग पहलों पर जानकारी दी। डॉ. रंजना पांडेय शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा ने खाद्य उद्योग पर जैव प्रौद्योगिकी के प्रभाव पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. नीलेश कपूर सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सतत् कृषि के लिए नैनो उर्वरकों के नवीन दृष्टिकोण विषयक व्याख्यान के साथ हुआ। इस सत्र का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम शोध एवं औद्योगिक प्रौद्योगिकियों से अवगत कराना था ताकि वे छात्रों को भी इस दिशा में प्रेरित कर सकें। इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर जयानंद ने सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों को ऐसे वैज्ञानिक मंच से जुड़ने के लिए बधाई दी और ज्ञान के आदान-प्रदान हेतु फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की आवश्यकता बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड लाइफ साइंसेज के निदेशक प्रोफेसर दिव्या प्रकाश ने इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षण और अनुसंधान के नए दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। एफडीपी समन्वयक रुपेश कुमार ने सभी विशेषज्ञ वक्ताओं, प्रतिभागियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभिन्न संकाय सदस्य, डाक्टर संदीप कुमार, डाक्टर संजुक्ता, डाक्टर मोनिका चौधरी, प्रियांक भारती, अविताज, सोनिया और मानसी उपस्थित रहे और अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया।

## फलावदा चेयरमैन ने दो शिक्षण कक्षों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के जावित्री देवी सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को ऊपरी तल पर दो शिक्षण-कक्षों के निर्माण कार्य का शुभारंभ चेयरमैन अशोक कुमार सैनी प्रबंधक प्रदीप कुमार विश्नोई ने किया। पिछले दिनों विद्यालय में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में चेयरमैन अशोक कुमार सैनी व प्रबंधक प्रदीप बिश्नोई ने एक-एक शिक्षण-कक्ष के निर्माण की घोषणा की थी। उसी क्रम में दोनों ने अपनी घोषणाओं को मूर्त रूप देते हुए आज शिक्षण-कक्षों के निर्माण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के उपाध्यक्ष विजय कुमार विश्नोई, विकास अग्रवाल, भास्कर अग्रवाल, विवेक कुमार सैनी, पं. राजेंद्र शर्मा, सभासद कुसुमलता बिश्नोई एवं आर्यन आदि अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाचार्य सुबोध सिंह ने किया। इस दौरान समस्त स्टाफ ने सहयोग किया।

# पार्टी का नेतृत्व करने में नाकाम हो रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव भाटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में कांग्रेस पार्टी खुद को स्थापित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। राहुल गांधी गांव-गांव शहर-शहर घूम कर लोगों के दिलों में कांग्रेस के लिए जगह बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष भी पूरी ताकत के साथ पार्टी का जनाधार बढ़ाने में लगे हैं। इसी को लेकर बीते दिनों कांग्रेस ने मेरठ की कमान जिला अध्यक्ष के रूप में गौरव भाटी को सौंप दीं लेकिन गौरव भाटी को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपकर शायद कांग्रेस ने मेरठ के अंदर अपना बचा कुचा जनाधार भी खो दिया है। गौरव भाटी ना तो पार्टी का नेतृत्व कर पा रहे हैं और ना ही जनता तक पार्टी की नीति और पार्टी को पहुंचा पा रहे हैं। जो कुछ भी पहचान पार्टी के पास है वह सिर्फ राहुल गांधी की देन है। साथ ही साथ रंजन शर्मा जो कि गौरव भाटी के साथ ही महानगर अध्यक्ष बनाए गए थे कुछ हद तक उनका गुट काम करता हुआ दिखाई दे रहा है और महानगर अध्यक्ष के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजल भी लगे हुए हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी भी रंजन शर्मा गुट के साथ नजर आ रहे हैं। गौरव भाटी जिला अध्यक्ष होने के बावजूद भी पूरे जिले में अलग थलग दिखाई दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि वह जनता से दूरी बनाकर रखते हैं, लोगों में घुल मिल नहीं पाते इसीलिए वह सबसे अलग दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस ने जिले का चुनाव करते वक्त गौरव भाटी की सदस्यता तो देख ली कि वह कितने पुराने हैं लेकिन शायद उनकी काबिलियत देखना भूल गए। उत्तर प्रदेश में 2027 का सियासी मैदान तैयार होने लगा है। मेरठ एक क्रांतिधरा है जो अलख मेरठ से जगती है वह पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर फैलती है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बीती तीन योजनाओं से मेरठ की धरती से ही अपना सियासी शंखनाद बजाते रहे हैं। ऐसे में मेरठ को इग्नोर करना कांग्रेस के लिए एक बहुत बड़ी गलती साबित हो सकती है। अगर जल्द ही कांग्रेस ने अपने नेतृत्व पर ध्यान नहीं दिया तो शायद उत्तर प्रदेश में उसका सियासी सूखा एक बार फिर पांच साल के लिए बंजर जमीन की तरह ही दिखाई देगा। मेरठ के अंदर कांग्रेस के बीच कितनी बड़ी गुटबाजी हो रही है यह बात भी किसी से छुपी नहीं है जिसे देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि शायद कांग्रेस का नेतृत्व करने में गौरव भाटी नाकाम साबित हो रहे हैं।

# सरधना के पूर्व चेयरमैन ने टीकाकरण के लिए लोगों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को गावी जीरो डोज इम्पलीमेन्टशन प्रोग्राम के तहत सरधना के पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी व चेयरमैन पुत्र शाहवेज अंसारी से 0-5 साल तक के बच्चों के नियमित टीकाकरण व जीरो डोज चिल्ड्रन, वेब परिवारों विरोधी परिवार को लेकर चर्चा की गयी तथा नगर पालिका परिषद में वार्ड मेंबरों की मीटिंग के जरिए एवं कोटेदार मीटिंग के जरिए ओर अर्बन लोकल बॉडी के जरिए लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया जाए।



चेयरमैन ने कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ऑडियो के माध्यम से टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने में सरधना नगर मै कूड़े की गाड़ियों द्वारा ऑडियो के माध्यम से चलवाने का आश्वासन दिया। जिसमें शाहवेज अंसारी ने कहा की टीकाकरण लगवाने से व्यक्ति, परिवार और समुदाय को बीमारियों से बचाता है। यह न केवल बीमारियों को रोकने में मदद करता है, बल्कि उनके प्रसार को भी कम करता है, जिससे एक स्वस्थ समाज बनता है। हमे बच्चों मैं जरूर टीकाकरण कराना चाहिये। टीकाकरण एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय है जो व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। यह एक महत्वपूर्ण निवेश है जो एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज बनाने में मदद करता है। जिसमें गावी पीसीआई इण्डिया के सीएसओ कोर्डिनेटर प्रवीण कौशिक, गावी पीसीआई इण्डिया के क्लस्टर कोर्डिनेटर मोहित खटीक एवं आबिद सलमानी, शाहिद मलिक सभासद, सईद कुरैशी, कदिर अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# जनपद के उर्वरक विक्रेताओं के यहां की गई छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शासन के निर्देशो के क्रम में जिलाधिकारी शामली द्वारा गठित की गई टीमो द्वारा जनपद शामली के कृषको को गुणवत्तायुक्त उर्वरक की उपलब्धता तथा निर्धारित दर पर बिक्री सुनिश्चित करने हेतु आज उर्वरको की दुकानों पर छापेमारी का आयोजन कर 4 उर्वरक के नमूने गृहित किए गए। जनपद के जिला कृषि अधिकारी शामली प्रदीप कुमार यादव की टीम द्वारा छापेमारी का आयोजन किया गया।

जिसमे मै. रघुनाथदास ब्रजभूषण लाल थानामवन के यहां से 2 उर्वरक नमूने तथा मै. किसान पेस्टीसाइड एवं फर्टिलाइलर्स के यहीं से 1 नमूना उर्वरक का ग्रहित किया गया। जनपद के उप कृषि निदेशक शामली प्रमोद कुमार व अनुज कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक वर्ग-1 की टीम द्वारा छापेमारी का आयोजन किया गया। जिसमे मै. अनुज खाद विक्रेता ऊन के यहां से 1 नमूना उर्वरक का ग्रहित किया गया।

छापेमारी के दौरान पेस्टीसाइडस उर्वरक विक्रेताओं को बिक्री पर अनिवार्य रूप से कैश मैमो देने व उर्वरक विक्रेताओं को पी.ओ.एस. मशीन से उर्वरक बिक्री के साथ-साथ स्टॉक रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए एवं कृषको को पी.ओ.एस. मशीन से उनकी जोत के अनुसार उर्वरक देने हेतु निर्देशित किया गया।

नमूनो को शीघ्र ही जॉच हेतु प्रयोगशाला मे भेजा जाएगा तथा परिणाम प्राप्ति के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।जनपद में सभी प्रकार के पेस्टीसाइडस उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा जनपद मे निर्धारित दरो पर ही बिक्री की जा रही है। जनपद में समस्त प्रकार के उर्वरको की कोई कमी नहीं है।

# सीडीओ ने ली उर्वरक वितरण की प्रभावी व्यवस्था को बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिक.ारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद की उर्वरक वितरण की प्रभावी व्यवस्था हेतु जनपद के सभी सम्बन्धित अधिकारियो, कर्मचारियो थोक विकेताओ, कम्पनी के प्रति. निधियो के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन के निर्देश के क्रम में जनपद में उर्वरको की उपलब्धता एवं वितरण पर चर्चा की गई। जनपद में सभी प्रकार के उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया जिसमें जनपद में 3436 मै. टन यूरिया एवं 1828 मै. टन फास्फेटिक उर्वरको की उपलब्धता है तथा बफर गोदाम जसाला में विभिन्न प्रकार के उर्वरक जिनकी मात्रा लगभग 2500 मे. टन है। बैठक में मुख्य विकास





अधिकारी शामली द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद ने किसी भी प्रकार की ओवर रेटिंग तथा कालाबा.जारी पर सतत निगरानी की जाए। कोई पेडिंग एनक्लोजमेन्ट न रखा जाए साथ ही कृषकों को कैश मैमो अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। जनपद के टॉप-20 बायर्स को चिन्हित करते हुए कठोर कार्यवाही की जाए और शासन के निर्देशो के क्रम में प्राईवेट रैंक से प्राप्त मात्रा का 40 प्रतिशत सहकारिता को आवंटन समय से किया जाए। जनपद से इतर लगने वाली रैक की सूचना सम्बन्धित प्रदायदाताध्आपूर्तिकर्ता कम्पनी द्वारा समय पर देना तथा उर्वरक कमेटी से अनुमोदन कराकर ही थोक रिटेल विक्रेता को उर्वरक का आवंटन किया जाए।

नैनों यूरिया एवं अन्य उत्पादों की टैगिंग यदि किसी भी संस्था तथा दुक.ानदार द्वारा किया जाता है तो सभी सम्बन्धित के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धाराओ एवं अन्य सुसंगत नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही सम्पादित कराई जाए। उर्वरक विक्रेताओं ध्समितियो को पी.ओ.एस. मशीन से उर्वरक बिक्री के साथ-साथ स्टॉक रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए एवं कृषको को पी.ओ.एस. मशीन से उनकी जोत के अनुसार उर्वरक देने हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित दिया गया। बैठक में उप कृषि निदेश शामली, जिला कृषि अधिकारी शामली, जिला गन्ना अधिकारी शामली, ए.आर.कोपरेटिव शामली, उप क्षेत्र प्रबन्धक इफको एवं कृभको जनपद के सभी समिति सचिव इंचार्ज सहकारी/ गन्ना समिति समस्त थोक विक्रेता, समस्त प्रदायदाता आपूर्ति कर्ता कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।

# नेशनल चैंपियनशिप में किया तीसरा स्थान प्राप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** वेस्ट युपी -19 टीम की सीवी रमन यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर उड़ीसा में 10 जुलाई से 15 जुलाई तक संपन्न हुई । जिसमें 17 टीमों ने अलग-अलग राज्य से हिस्सा लिया। जिसमें जिला शामली के गांव हथछोया निवासी रुद्र प्रताप शर्मा, अश्मित तोमर खिलाड़ीयों ने भी यूपी -19 में प्रतिभाग लिया था। हेड कोच सौरव नैन जानकारी देते हुए बताया कि वेस्ट यूपी -19 टीम ने सीरीज में तीसरा स्थान प्राप्त कर अच्छा प्रदर्शन किया । जिसमें वेस्ट यूपी -19 की टीम इस प्रकार है रितेश पांडे कैप्टन, समीर वोइस कैप्टन, अर्पित अनमोल,जय, कार्तिक विकेटकीपर, शौर्य, अस्मित तोमर, वंश , रुद्र प्रताप शर्मा, सुहेल ,ध्रुव, मनप्रीत, दक्ष, विशाल, सक्षम विकेटकीपर रहे। हेड कोच सौरव नैन ने बताया वेस्ट यूपी -19 टीम ने प्रथम मैच महाराष्ट्र टीम को 9 विकेट से हराया। द्वितीय मैच में वेस्ट यूपी ने हैदराबाद को 9 विकेट से हराया। तृतीय मैच में वेस्ट यूपी -19 टीम ने तेलंगाना को 51 दिन से हराया। चतुर्थ मैच में बिहार ने वेस्ट यूपी-19 टीम को 19 रन से हराया। इस सीरीज में वेस्ट यूपी -19 टीम के खिलाड़ी जयकुमार को बोलिंग अवार्ड मिला। मुख्य हेड कोच सौरव नैन ने उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।

# निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद शामली में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम आगामी 18 जुलाई 2025 से प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य चरणबद्ध समय-सारिणी के अनुसार संपन्न कराया जाएगा।

डीएम ने बताया कि मतदाता सूची की प्रारंभिक तैयारी एवं प्रशिक्षण 18 जुलाई से 13 अगस्त तक बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को कार्य क्षेत्र का आवंटन होगा। प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी वितरण का कार्य किया जाएगा।

घर-घर सर्वेक्षण एवं पाण्डुलिपि निर्माण 14 अगस्त से 29 सितम्बर, तक बीएलओ द्वारा सर्वेक्षण कर पाण्डुलिपि तैयार की जाएगी। 1 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र व्यक्तियों को भी सूची में शामिल किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन 14 अगस्त से 22 सितम्बर तक मतदाता ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवे.दनों की जांच 23 से 29 सितम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर जांच की जाएगी।

हस्तलिखित पाण्डुलिपि जमा 30 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में पाण्डुलिपियां जमा होंगी। कम्प्यूटरीकरण कार्य 7 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार की जाएगी।

मतदाता क्रमांकन एवं मैपिंग 25 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक मतदाता क्रमांकन, मतदान केंद्रों की मैपिंग एवं सूची की प्रतियों का कार्य होगा। अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन 5 दिसम्बर को अनन्तिम सूची प्रका.शित की जाएगी। 6 से 12 दिसम्बर तक मतदाता सूची का निरीक्षण और दावेध्आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। 13 से 19 दिसम्बर, तक निस्तारण की प्रक्रिया चलेगी। 20 से 23 दिसम्बर, 2025 तक पूरक पाण्डुलिपियां जमा की जाएंगी। 24 दिसम्बर से 8 जनवरी, 2026 तक सूची में परिवर्धन एवं समावेशन किया जाएगा। 9 से 14 जनवरी 2026 तक पूरक सूची का क्रमांकन, मैपिंग एवं प्रतियां तैयार की जाएंगी।

15 जनवरी, 2026 को अन्तिम मतदाता सूची जनसामान्य के लिए प्रकाशित की जाएगी। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि उक्त कार्यक्रम की जानकारी सभी संबंधित कार्यालयों के सूचना पट्टों पर प्रदर्शित की जाएगी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। साथ ही, इस अवधि में पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाशों के बावजूद कार्य संबंधित कार्यालयों में चलता रहेगा।

## एक नजर

### ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना को डीएम ने की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद की ग्राम पंचायत में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज कैंप कार्यालय पर समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी द्वारा डीपीआरओ शामली से ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु ग्राम पंचायतों का चयन, वित्तीय व्यवस्था, आईटी उपकरणों की विशिष्टिया, फर्नीचर/संग्रहण सामग्री की विशिष्टिया, निर्धारित पुस्तकों का चयन आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए दिशा निर्देश दिए गए तथा फर्नीचर क्रय समिति और पुस्तक क्रय समिति का गठन हेतु डीपीआरओ को निर्देशित करते हुए जल्द से जल्द नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा), शामली,उपनिदेशक पंचायत सहारनपुर हरिकेश बहादुर, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल, जिला सूचना विज्ञान अधिक.ारी अश्विनी कुमार शर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी धीरज कुमार,पटल सहायक सूरज आदि मौजूद रहे।



गढ़ीपुख्ता। वेस्ट यूपी-19 चैंपियनशिप में विजेता टीम। छाया शाह टाइम्स

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इनर व्हील क्लब शामली की ओर से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के सरस्वती विद्या बालिका इंटर कॉलेज में पौधारोपण किया गया।

अध्यक्ष वीना अग्रवाल द्वारा पेड़ों का महत्व बताया गया। कहा कि वृक्ष हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर है। हमें अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष जरुर लगाना चाहिए। कहा कि पेड लगाने के साथ साथ उसकी देखभाल भी जरूर करनी चाहिए। इस दौरान छात्राओं ने भी स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। मौके पर प्रधानाचार्य रविंद्र, रेखा गोयल, प्रिया भट्ट, गीता कांबोज आदि मौजूद रहे।



# कांवड़ सेवा शिविरों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, उमड़ रहा सैलाब



शामली। समर्पण सेवा ट्रस्ट व नामदेव नव युवा ट्रस्ट ने कांवड़ शिविर का किया उद्घाटन।



शामली। नप ने सभासदों को बनाया कांवड़ प्रभारी।



शामली। कांवड़ में चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए।



शामली। कांवड़ शिविर का निरीक्षण करते सीडीओ।

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** आज समर्पण सेवा ट्रस्ट एवं नामदेव नव युवा ट्रस्ट शामली के द्वारा श्याम महल पैलेस बनत में द्वितीय विशाल कावड़ शिविर का शुभारंभ किया गया, शिविर का शुभारंभ पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानन्द गिरी जी महाराज एवं सादर विधायक प्रसन्न चौधरी जी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में राला.ेद प्रदेश महासचिव विजय कौशिक जी, बनत सभासद प्रशांत चौहान जी, समाज सेवी सुधीर चौधरी जी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में स्वामी प्रबोधानंद गिरी जी महाराज ने सभी शिव भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए कावड़ लाने का सही ओर पौराणिक तरीका समझाया और उन्होंने कावड़ यात्रा के पौराणिक महत्व भी बताया। शिविर में उपस्थित रहे शिविर संरक्षक सतेन्द्र नारायण जी, पवन नामदेव जी, बालेश नामदेव जी संदीप उपाध्याय, संदीप नामदेव , विशाल उपाध्याय, रवि नामदेव, उत्तम नामदेव, सौरभ नामदेव, उज्वल नामदेव, टिंकू गोस्वामी, शिवा भारद्वाज, चिराग जैन, कुलदीप गौड, धर्मेन्द्र उपाध्याय, मुदित नामदेव, राहुल बेदी, रजत नामदेव, आकाश जैन, पुनीत नामदेव, नमन नामदेव, वंश नामदेव, अमन नामदेव आदि रहे।

## नगर पालिका ने कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कांवड प्रभारी मनोनीत किए

**शामली।** कांवड यात्रा की शुरूआत 11 जुलाई से प्रारम्भ हो चुकी है जो कि 23 जौलाई को श्रावण माह की शिवरात्रि पर सम्पन्न होगी। कांवड यात्रा को मध्यनजर रखते हुए, शहर में सम्पन्न होने वाले कांवड मेला यात्रा को सम्पन्न कराए जाने के सम्बन्ध में नगर पालिका ने पांच सभासदों प्रमोद जांगिड उर्फ राजू, डा। राजेन्द्र संगल, धुरेन्द्र निर्वाल, सविता पत्नी सेठपाल सभासद, शाहिदा पत्नी गुलजार को कांवड मेला प्रभारी नियुक्त किया है। चेयरमैन अरविन्द संगल व ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने कांवड मेला प्रभारियों के वाहन को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने बताया कि मेला प्रभारी मिलकर अपनी देखरेख में कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराएगे तथा कांवडियों को आने वाली समस्त समस्याओं को देखते हुए, प्रशासन को अवगत कराकर उनकी समस्या का समाधान कराएगे और कांविडयां को सुरक्षित अपने गन्तव्य तक प्रस्थान करने में मदद करेगे। दोनो महिला सभासद शहर में लगने वालो कांवड शिविरों में महिला कांवडियों की सुरक्षा व समस्याओं का निरीक्षण भी करेगी। रामनिवास सैनी, सभासद तोहिद रहमानी, संजय उपाध्याय, कालू कुरैशी, लिपिक लक्ष्मण सिंह, मनीष भटनागर, अमित पंवार आदि मौजूद रहे।

**शामली।** बुधवार को शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के कांवड सेवा शिविर के तीसरे दिन प्रमुख समाजसेवी कुशांक चौहान, अलका चौहान, रेखा, चौहान, डा। जनेश्वर चौहान ने भगवान शिव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भगवान शिव की आरती की गई, जिसके बाद इस दौरान चिकित्सकों की टीम डा। राजीव, डा। अक्षय, डा। नदीम, डा। राजाराम, डा। गुंजन, डा। शबनम, डा। सोनम, डा। सावेज आदि ने मिलकर शिवभक्त कांवडियों की सेवा की। कांवडियों के लिए दूध, फल, भोजन, विश्राम, स्नान आदि की व्यावस्था की गई थी। शहर के मंदिर हनुमान टीला, हनुमान धाम शामली पर चल रहे विशाल कांवड़ सेवा शिविर में शिव भक्त कावड़ियों की भारी भीड़ रही। हनुमान धाम के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी ने बताया कि कल लगभग तीन हजार शिव भक्ति कावड़ियों ने विश्राम एवं भोजन प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के द्वारा कांवड़ियों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था की गई है जिसमे छोले चावल, अरहर की दाल, आलू की सब्जी, पेठे की सब्जी, आलू गोभी की सब्जी चावल और चपाती आदि की व्यवस्था की गई है। मौके पर राज.कुमार मित्तल, रमेश धीमान, दिनेश भारद्वाज, शिवम गिरी, सन्दीप नामद.ेव, अमित प्रजापति, अमित गर्ग आदि मौजूद रहे। इसके अलावा गुलजारी वाला शिव मंदिर के कांवड सेवा शि.विर में कांवडियों की भारी भीड रही। जहां उनके भोजन और विश्राम की उचित व्यावस्था की गई थी।

## कांवड़ चिकित्सा सेवा शिविर का शुभारंभ

**शामली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल एवं लायंस क्लब उज्ज्वल शामली द्वारा आयोजित निशुल्क कांवड़ चिकित्सा सेवा शि.विर का शुभारंभ देर रात्रि मंदिर के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित गोयल ने किया। शि.विर संयोजक संजीव कुमार ने शिविर के बारे में जानकारी दी। अंकित गोयल ने कहां कि शिव भक्त कावड़ियों की सेवा करना बहुत पुन्य का कार्य है, और शामली का व्यापारी समाज हमेशा ही अपने सभी कार्य छोड़कर एक सप्ताह यह सेवा कार्य करता है, और नीमा के सभी डॉक्टर निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर कमल गोयल, रोहित बांगा, निखिल ऐरन, राहुल तायल, गौरव संगल, अनिल भार्गव, श्याम सिंह, अनिल कुमार, अरविंद सिंघल, राजेंद्र गुप्ता, कुलदीप गोयल, अनुराग जैन, राहुल गोयल, संजय गोयल, यशपाल मलिक, भोपाल सिंह मौजूद रहे।

## सीडीओ ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

**शामली।** कांवड़ मेले को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। बुधवार को सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने शामली शहर से लेकर हरियाणा बॉर्डर तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कांवड़ सेवा शिविरों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने शिविर संचालकों से बात कर कांवड़ियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। प्रशासन ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ साफ-सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी विशेष प्रबंध किए हैं। सीडीओ ने अधिकारियों को समय-समय पर निगरानी करते रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने को कहा।

**शामली।** सावन मास का शिव.रात्रि पर्व जैसे जैसे नजदीक आ रहा है पानीपत- मुजफ्फरनगर हाईवे पर कांवड़ियों की संख्या तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। बुधवार को बड़ी संख्या में कांवड़ियों के आने से समूचा हाईवे शिवभक्तमय हो गया। कंधे पर रंगबिरंगी और भारी भरकम कांवड़ लेकर शिवभक्त तेजी से अपने शिवलयों की ओर कदम बढ़ाते रहे।

मुजफ्फरनगर-शामली-पानीपत हाईवे पर गत 11 जुलाई से रूट डायवर्जन व्यवस्था लागू कर दी गई थी, जिसके बाद हाईवे पर केवल छोटे वाहनों को ही आने-जाने की छूट है। सावन मास के छटे दिन कांवड़ियों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी दिखाई दी। बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़िए हरिद्वार से कांधे पर रंगबिरंगी और भारी भरकम कांवड़ लेकर कतारबद्ध अपने गंतव्य की ओर बढ़ते दिखाई दिए। इसके साथ ही कई कांवड़ियों ने अपनी कांवड़ को ऐसा सजाया, हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करने न चूक सके। हरियाणा हिसार निवासी युवा शिवभक्त कांवडियों की टोली 151 किलोग्राम वजन की कावड लेकर शामली पहुंची। टीम में शामिल सागर, दिनेश, वंश आदि ने बताया कि उनकी यह दूसरी कांवड है। उन्होंने अपने परिवार की सुख शांति और मां पिता की दीर्घायु की भगवान शिव से मनोकाना मांगी है। इसके अलावा हरियाणा के पानीपत निवासी महिला सोनम व साक्षी ने बताया कि वह पहली बार कांवड लेकर पहुंची है। बताया कि वह पुत्र की शादी के बाद फिर से कांवड लेकर आएगी।



झिंझाना। कांवड़ियों की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी।

## कांवड़ मार्ग को किया गया वन-वे, हो रही दिक्कतें

**शामली।** कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कांवड मार्ग को पूरी तरह से वनवे कर दिया है। शामली कलक्ट्रेट चौराहा से लेकर कैराना की पूर्वी यमुना नहर तक जिला पुलिस प्रशासन ने एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया है। उक्त मार्ग पर एक साइड से केवल कांवडिए ही जा सकते है, जबकि मार्ग के दूसरे रास्ते से वाहन चालक आ और जा सकते है। कांवड मार्ग वनवे होने से जहां वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और जाम की समस्या का भी सामना करना पड रहा है। वही शहर के लोगों को भी अपने घरो तक जाने में काफी दिक्कते हो रही है। कई कई किलोमीटर अतिरिक्त चलकर अपने घर पहुंचना पड रहा है। वनवे रास्ते पर पडनी वाली दुकानों पर ग्राहकों की कमी हो गई है। ऐसे में व्यापारियों का व्यापारी भी प्रभावित हुआ है। ऐसे में शहर के लोगों को कई कई किलोमीटर दूर जाकर बसे मिल रही है, जिससे उनका समय तो बर्बाद हो ही रहा है साथ ही वहां तक जाने में ई-रिक्शा चालक मनमाना किराया वसूल रहे है।

## चेयरमैन ने किया कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

**शामली।** बुधवार को शहर के रजवाड़ा फार्म स्थित सर्वमंगला शिव शक्ति सेवा समिति के 50वें 6 दिवसीय कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ हो या। जिसका शुभारंभ चेयरमैन अरविंद संगल ने किया। इस अवसर पर भगवान शंकर, मां पार्वती व भगवाण गणेश की पूजा अर्चना पंड़ित सहदेव जोशी, पंड़ित हरीश नैथानी ने कराई। शिविर में शिवभक्त कावड़ियों के लिए खाने-पीने, विश्राम करने, चिकित्सा सुविधा, स्नान आदि की संपूर्ण गई है। समिति के अध्यक्ष डा। राजेंद्र संगल ने बताया कि वर्ष 1973 से यह कैंप शामली के धर्म प्रेमी व्यक्तियों द्वारा मुजफ्फरनगर पुरकाजी रोड पर बरला में लगता था उसके बाद शामली की वह समिति जो बरला में कैंप लगाती थी। इसको शामली में लगाने लगी और तब से अब तक 19 साल हो चुके हैं। इस मौके पर डा। राजेंद्र संगल, डा। सुशील मित्तल, रामअवतार संगल, संजय गोयल बोबी, अमित संगल राजू, डॉ। भूपेंद्र कुमार, आकाश गोयल, अनुज सोनी, रामकुमार गोयल, संजय गोयल, प्रथम संगल, चिराग संगल आदि मौजूद रहे।



शामली। कांवड़ शिविर का शुभारंभ करते चेयरमैन।



**झिंझाना।** कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए सभी इंतजाम पूरे कर लिए गई है सभी तरह की व्यवस्था बिजली पानी मेडिकल सुरक्षा आदि के लिए सभी विभागों को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है तथा अलग-अलग जगह पर कंट्रोल रूम बनाकर वहां सभी विभाग के एक-एक कर्मचारी को भी तैनात कर दिया गया है जो 24 घंटे अपने-अपने विभाग की सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखेंगे। बुधवार की दोपहर को पुलिस कप्तान रामसेवक गौतम मेरठ कनाल हाईवे के बिडोली बॉर्डर पर पहुंचे और वहां की सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से जांचा। उसके बाद यमुना नदी के जलस्तर को भी चेक किया।उनके साथ थाना झिंझाना के थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार शर्मा व चौकी इंचार्ज बिडोली अजय पाल भी मौजूद रहे हाईवे पर बने वाच टावर का भी निरीक्षण किया गया तथा उसके बाद थाना झिंझाना प्रभारी को कुछ और निर्देश देकर पुलिस कप्तान वहां से चले गए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम BAIRA PRAVEEN D/O NASHEER था मैंने अब शादी के बाद बदल कर KM BARIA PRAVEEN रख लिया है। भविष्य में मुझको KM BARIA PRAVEEN W/O MOHD JAVED के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

KM BARIA PRAVEEN
W/O MOHD JAVED
R/O 48 कलालान कैराना जिला शामली उत्तर प्रदेश 247774

खेल विशेष

## आरसीबी भगदड़ रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए: कर्नाटक हाईकोर्ट

**लॉड्र्स, वार्ता।** बेंगलुरु, वार्ता। कर्नाटक हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह चार जून को हुई भगदड़ की घटना पर अपनी स्थिति रिपोर्ट सार्वजनिक करे, जिसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई आईपीएल जीत के जश्न को गहरा धक्का पहुंचाया था। इस त्रासदी में 11 लोगों की मौत हुई थी और 50 से अधिक लोग घायल हुए थे। राज्य सरकार ने हाई कोर्ट से इस रिपोर्ट को गोप. नीय रखने का अनुरोध किया था, लेकिन कोर्ट ने सोमवार, 14 जुलाई को स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह की गोपनीयता के लिए कोई कानूनी आधार नहीं है, और ये केवल 'सरकार की दृष्टि में तथ्यों की प्रस्तुति' है। कोर्ट ने सरकार को यह रिपोर्ट मामले के अन्य पक्षों - आरस. ीबी, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स, जो फ्रेंच. इजी के इवेंट पार्टनर हैं - को सौंपने का भी निर्देश दिया है।

## जितेश शर्मा घरेलू सत्र से पहले विदर्भ से बड़ौदा चले गए

**नई दिल्ली, वार्ता।** विदर्भ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर जितेश शर्मा आगामी सत्र में बड़ौदा का प्रतिनिधित्व करेंगे। 31 वर्षीय जितेश शर्मा 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दौरान किसी भी मैच में नहीं खेले और कप्तान और पहली पसंद विकेटकीपर अक्षय वाडकर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वह करुण नायर की अगुवाई वाली विदर्भ की सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा बने रहे। बड़ौदा में स्थानांतरण की योजना पिछले कुछ समय से चल रही थी, और माना जा रहा है कि बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पांड्या के साथ जितेश के घनिष्ठ संबंधों ने इस कदम को आसान बनाया।

# सीरीज फतह करने की तैयारी में हरमनप्रीत बिग्रेड



**● इंग्लैंड की धरती पर पहली बार टी-20 सीरीज जीतने के बाद भारतीय टीम का आत्मविश्वास शीर्ष पर**

**साउथम्प्टन, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंग्लैंड में अपनी ऐतिहासिक टी-20 सीरीज जीत के बाद, अब एक नई चुनौती के लिए तैयार है। इंग्लैंड की धरती पर पहली बार टी-20 सीरीज (3-2 से) जीतने का कारनामा करने के बाद, भारतीय टीम का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होगा, और अब उनकी निगाहें वनडे प्रारूप में भी अपनीधाक जमाने पर टिकी हैं। साउथम्प्टन के रोज बाउल में वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा, जहां दोनों टीमें एक मजबूत शुरुआत करना चाहेंगी। साउथम्प्टन का रोज बाउल मैदान आमतौर पर एक संतुलित पिच प्रदान करता है। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, जहां गेंद बल्ले पर अच्छे से आती है और उछाल भी समान रहता है। हालांकि, शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को स्विंग और कुछ मूवमेंट मिल सकती है, खासकर यदि मौसम में नमी हो। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, स्पिनर बीच के ओवरों में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। कुल मिलाकर, यहां एक उच्च स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद की जा सकती है। भारत हाल ही में शानदार फॉर्म में है। टी-20 सीरीज में इंग्लैंड को उनके घर में हराना एक बड़ी उपलब्धि थी, जिसने टीम की गहराई और जुझारूपन को दिखाया। इसके ठीक पहले, भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका में खेली गई त्रिकोणीय वनडे सीरीज में भी विजेता का खिताब अपने नाम किया था, जहां फाइनल में स्मृति मंधाना के शानदार शतक (116 रन) ने भारतीय बल्लेबाजी की ताकत को दर्शाया था। सितंबर में होने वाले घरेलू वनडे वर्ल्ड कप से पहले, भारत के पास अपनी टीम संयोजन रणनीतियों को आजमाने के लिए केवल छह मुकाबले बचे हैं। इंग्लैंड में शुरू हो रही यह सीरीज टीम की योजनाओं की एक अहम झलक दिखा सकती है। कप्तान हरमनप्रीत कौर इसे एक 'सकारात्मक चुनौती' मानती हैं, जिसका श्रेय वे टीम में बढ़ती गहराई और संतुलन को देती हैं। वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुटे भारत के पास हर विभाग में कुछ अहम चयन दुविधाएं हैं। प्रतिका रावल बनाम हरलीन और शेफाली की ओप. निंग जोड़ी के चयन से जुड़े कुछ अहम सवालों का जवाब देना होगा। साथ तेज गेंदबाजी और स्पिन विभाग में भी उन्हें सही विकल्पों का चुनाव करना होगा। वहीं इंग्लैंड की टीम टी-20 में मिली हार के बाद वनडे में वापसी करने का भरपूर प्रयास करेगी।


शेफाली वर्मा

## लॉड्र्स में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड पर जुर्माना

**● इंग्लैंड के अब डब्ल्यूटीसी तालिका में 24 की जगह 22 हो गए है और अंक प्रतिशत 61.11 हो गया**

**दुबई, वार्ता।** लॉड्र्स टेस्ट मेंधीमी ओवर गति के कारण इंग्लैंड के डब्ल्यूटीसी में दो अंक काटे गए हैं, साथ ही उन पर जुर्माना भी लगा है।

इसकी वजह से इंग्लैंड के अब डब्ल्यूटीसी तालिका में 24 की जगह 22 हो गए हैं और उनका अंक प्रतिशत भी 66-67 प्रतिशत से 61.11प्रतिशत हो गया है। इस कारण से अब वे ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बाद दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। डब्ल्यूटीसी खेल शर्तों के अनुच्छेद 16-11-2 के अनुसार, समय को ध्यान में रखने के बाद प्रत्येक ओवर के लिए एक अंक का दंड दिया जाता है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपनी गलती मानी है, जिसके बाद कोई आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। तीसरे टेस्ट को जीतकर इंग्लैंड ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। यह एक उच्च दबाव और रोमांच वाला मैच रहा, जिसमें खिलाड़ियों के बीच गर्मागर्मी भी देखी गई। व्यक्तिगत प्रदर्शन में जोफ्रा आर्चर का सबसे तेज स्पैल, जो रूट और केएल राहुल का शतक और जसप्रीत बुमराह का पांच विकेट शामिल रहा। मैच की तीव्रता जल्द ही बढ़ गई जब दोनों टीमें पहली पारी में 387 के समान स्कोर पर रह गई, जिससे टेस्ट दूसरी पारी में भी बराबरी पर आ गया। जब भारत को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य मिला, तो उन्होंने निचले क्रम की महत्वपूर्ण साझेदारियों के साथ खेल को आखिरी सत्र तक पहुंचाया।

## टॉप-10 बल्लेबाजों में लौटी शेफाली

**● इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 176 रन बनाकर शेफाली वर्मा दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी-20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष 10 बल्लेबाजों में वापस आ गई हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में 158-56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाकर, शेफाली साथी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के बाद दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। 21 वर्षीय शेफाली ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। पांचवें मैच में भारत की आखिरी गेंद पर हार में 41 गेंदों पर 75 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं और 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गईं। भारत की 3-2 से श्रृंखला जीत में एक और अहम योगदान देने वाली अरुंधति रेड्डी, जिन्होंने श्रृंखला के दौरान छह विकेट लिए, ने भी बढ़त हासिल की। अंतिम टी-20 मैच में दो विकेट लेने वाली रेड्डी गें. दबाजी रैंकिंग में चार स्थान की छलांग लगाकर 39वें और ऑलराउंडरों की सूची में 26 स्थान की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंच गईं। इंग्लैंड के कई सितारों ने भी सकारात्मक प्रगति की है। स्पिनर चार्ली डीन ने पिछले मैच में 23 रन देकर 3 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीतकर गेंदबा. जी रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाई। वह आठ स्थान की छलांग लगाकर नशरा संधू और जॉर्जिया वेयरहैम के साथ संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गईं। लिंसे स्मिथ भी नौ स्थान की छलांग लगाकर 38वें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज इस्सी वोंग सात स्थान की छलांग लगाकर 50वें स्थान पर पहुंच गईं। एमिली अर्लट, जिन्होंने इसी साल गर्मियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के लिए पदार्पण किया था, 15 स्थान के सुधार के साथ 67वें स्थान पर पहुंच गईं। सोफिया डंकले, जो 151 रनों के साथ इंग्लैंड की शीर्ष स्कोरर रहीं, पिछले दो मैचों में 22 और 46 रनों के महत्वपूर्ण योगदान के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में सात अंक की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गईं।


जो रूट

## टेस्ट रैंकिंग में फिर नंबर-1 जो रूट

**● कुमार संगकारा के बाद नंबर-1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज बने रूट**

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड के जो रूट ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत लॉड्र्स में भारत पर 22 रनों की जीत के साथ आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। रूट (888 रेटिंग अंक) ने 104 और 40 रनों की पारी की बदौलत हमवतन हैरी ब्रूक (862) को पछाड़कर नंबर 1 स्थान हासिल किया, जिससे मेजबान टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। रूट का यह आठवां शीर्ष स्थान है और 34 साल की उम्र में, वह दिसंबर 2014 में 37 वर्षीय कुमार संगकारा के बाद से नंबर 1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलियाई स्टीव स्मिथ (816) भी जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में किए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत शीर्ष 10 में एक स्थान ऊपर चढ़े हैं। स्मिथ ने मेहमान टीम की जीत में 48 रन बनाए, जबकि उनके साथी कैमरन ग्रीन 46 और 42 रन की पारी की बदौलत 16 स्थान की छलांग लगाकर 29वें (619) स्थान पर पहुंच गए। कैरेबियन में गुलाबी गेंद से गेंदबाजों ने दूधिया रोशनी में शानदार प्रदर्शन किया, स्कॉट बोलैंड के टेस्ट में छह विकेट (और एक हैट्रिक) लेने के प्रयास ने उन्हें करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंचा दिया।





## लक्ष्य सेन, सात्विक-चिराग शेट्टी जापान ओपन के राउंड ऑफ-16 में

**टोक्यो, वार्ता।** लक्ष्य सेन और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बुधवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर जापान ओपन 2025 के अगले दौर में जगह बना ली है। सेन ने संयमित प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग लजग को 21-11, 21-18 से हराया। सेन का दूसरे दौर में जापान के स्टार खिलाड़ी कोडाई नाराओका से मुकाबला होगा। वहीं पुरुष युगल के मुकाबले में, सात्विक और चिराग ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और दक्षिण कोरिया के कांग मिन-ह्युक और की डोंग-जू की जोड़ी को 21-18, 21-10 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

# शास्त्री ने बताए हार के दो अहम पल

**● भारतीय उप-कप्तान ऋषभ पंत का रन आउट और करुण नायर का आउट होना**

**लंदन, वार्ता।** लॉड्र्स में खेला गया तीसरा टेस्ट मैच इंग्लैंड और भारत के बीच एक जबरदस्त मुकाबला रहा, जिसमें ज्यादातर समय दोनों टीमों के बीच कोई घस फर्क नहीं पड़ा। लेकिन आखिरकार मेजबान टीम ने बढ़त हासिल कर ली और कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड के गें. दबाजों ने चौथे दिन के आखिरी और पांचवें दिन के शुरुआती सत्र में नाटकीय रूप से भारतीय टीम कोधराशायी कर दिया और 193 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही भारत की टीम को 170 रनों पर समेट दिया।



हालांकि आईसीसी के नंबर 1 टेस्ट ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने जबरदस्त वापसी की। एक रोमांचक टेस्ट मैच में, जो लगातार आगे-पीछे होता रहा, शास्त्री ने उन अहम पलों की ओर इशारा किया जिन्होंने पलड़ा इंग्लैंड के पक्ष में झुका दिया, ठीक उस समय जब भारत का पलड़ा भारी लग रहा था। रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के नवीनतम संस्करण में कहा कि इस टेस्ट मैच में मेरे लिए टर्निंग पॉइंट, सबसे पहले, पहली पारी में ऋषभ पंत का आउट होना था। बेन स्टोक्स, लंच के समय दाहिने छोर पर हिट करने और उसे सफलतापूर्वक आउट करने के लिए अद्भुत सूझबूझ का परिचय देते हैं। क्योंकि भारत बढ़त बना सकता था और वे ड्राइवर सीट पर थे। भारतीय उप-कप्तान पंत 74 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन स्टोक्स की शानदार फीलल्डग ने उन्हें तीसरे दिन लंच के समय ड्रेसिंग रूम वापस भेज दिया। शास्त्री ने कहा कि यह कहने के बाद, दूसरी पारी में एक बार फिर 40/1 के स्कोर पर, मुझे लगा कि करुण नायर की एकाग्रता में बहुत बड़ी चूक थी, एक सीधी गेंद, एक न चलने वाली गेंद, को छोड़ देना और इंग्लैंड के लिए रास्ता खोल देना। मुझे लगता है कि उस आउट होने के समय ने स्थिति बदल दी। उन्होंने कहा कि क्योंकि आपने देखा होगा कि जब सिराज ने बल्लेबाजी की, जब बुमराह ने बल्लेबाजी की, जब जडेजा ने बल्लेबाजी की, एक बार जब गेंद 40 ओवर पुरानी हो गई, तो उन्होंने मुश्किल से कोई गलती की। शास्त्री ने कहा कि 'उनका डिफेंस मज़बूत था और लंच के समय 82 रनों का लक्ष्य हासिल करने के लिए, आपको लगता था कि अगले 10 मिनट में यह काम पूरा हो जाएगा। लेकिन उस 82 या 83 रनों को 22 रनों पर लाना एक बड़ी उपलब्धि थी। उन्होंने कहा कि 'इससे पता चलता है कि अगर चौथे दिन, अंत में, शीर्ष क्रम थोड़ा और मजबूत और मानसिक रूप से मजबूत होता, तो यह मैच भारत का होता। शास्त्री का मानना है कि मैच के कुछ चरणों में भारत शीर्ष पर था, लेकिन इंग्लैंड को जरूरी मौकों का फायदा उठाने के लिए पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए।

## फौजा सिंह को कार से टक्कर मारने के आरोप में प्रवासी गिरफ्तार

**जालंधर, वार्ता।** मैराथन धावक फौजा सिंह (114) को कार से टक्कर मारकर घायल करने के आरोप में पुलिस ने प्रवासी (एनआरआई) अमृतपाल सिंह ढिल्लों (26) को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरविंदर सिंह विर्क ने बुधवार को यहां एक प्रेस सम्मेलन में बताया कि पुलिस ने घटना के तीस घंटों के भीतर मामले को सुलझाते हुए आरोपी ढिल्लों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था। ढिल्लों करतारपुर के दसूपुर गाँव का निवासी है और कनाडा में रहता है। वह आठ दिन पहले ही भारत आया था।

उन्होने कहा कि पूछताछ में ढिल्लों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है और बताया है कि घटना के समय वह अकेला था और भोगपुर से किशनगढ़ की ओर जा रहा था। जब वह ब्यास लपड के पास पहुंचा तो एक बुजुर्ग उनकी गाड़ी की चपेट में आ गया। उन्हें ये नहीं पता था कि बुजुर्ग फौजा सिंह हैं। जब देर रात खबरें आनी शुरू हुई तो फौजा सिंह की मौत के बारे में पता चला। पुलिस ने उसकी फॉर्च्यूनर कार को भी जब्त कर लिया है। ढिल्लों को आज अदालत में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आरोपी ढिल्लो ने 14 जुलाई को सड़क पार करते समय अपनी फॉर्च्यूनर एसयूवी कार से फौजा सिंह को टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। बाद में श्री फौजा सिंह ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एसएसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए बनाई गई टीम ने कुछ गाड़ियां लिस्ट आउट की थीं। उन्होंने बताया कि उनमें से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी की पहचान मंगलवार देर शाम की गई। नंबर से पता चला कि गाड़ी कपूरथला के अठौली गांव के रहने वाले वरिंदर सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। जिसके बाद जालंधर पुलिस की टीमें कपूरथला रवाना हुईं और वरिंदर तक पहुंचीं।

## भारत के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों में खेल सकते हैं: आर्चर



**लंदन, वार्ता।** जोफ्रा आर्चर ने कहा कि लॉड्र्स में जीत के साथ शानदार वापसी करने के बाद, वह भारत के खिलाफ इंग्लैंड की श्रृंखला के आखिरी दो टेस्ट मैचों में खेल सकते हैं। चोटों के कारण यह तेज गेंदबाज चार साल से ज्यादा समय तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहा, लेकिन 22 रनों की रोमांचक जीत में अहम भूमिका निभाई जिससे इंग्लैंड को श्रृंखला में 2-1 की बढ़त मिली। 30 वर्षीय आर्चर ने अपनी वापसी की तीसरी गेंद पर एक विकेट लिया, फिर भारत की दूसरी पारी में तीन विकेट लिए, जब इंग्लैंड ने 192 रनों के लक्ष्य का बचाव किया।

उन्होंने 39-2 ओवर पूरे किए और पूरी पारी में तेज गति से गेंदबाज़ी की - उनकी औसत गति कभी भी 87 मील प्रति घंटे से कम नहीं रही और ससेक्स के इस खिलाड़ी ने 41 गेंदें 90 मील प्रति घंटे से ज्यादा की रफ़्तार से फेंकी। टेस्ट क्रिकेट में वापसी के दौरान आर्चर का बहुत ध्यान रखा गया था और उन्होंने लगभग सिर्फ सफ़्‍ेद गेंद वाले मैच ही खेले थे। ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टेस्ट और ओवल में पांचवां टेस्ट एक के बाद एक हैं, इसलिए यह सुझाव दिया गया है कि इंग्लैंड को उनके कार्यभार को नियंत्रित करना होगा। लेकिन आर्चर ने कहा कि 'अगर वे मुझे अनुमति दें तो मैं बाकी दो मैच भी खेल सकता हूँ। मैं यह सीरीज नहीं हारना चाहता। मैंने कहा था कि मैं गर्मियों में टेस्ट मैच खेलना चाहता हूँ और एशेज भी खेलना चाहता हूँ।

आर्चर ने कहा कि एक टेस्ट मैच पहले ही हो चुका है और मैं नवंबर में ऑस्ट्रेलिया जाने वाली फ्लाइट में बैठने के लिए हरसंभव कोशिश करूंगा। आर्चर ने लॉड्र्स में अपना 14वां टेस्ट कैप जीता। उनका 13वां टेस्ट मैच 2021 की शुरुआत में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ आया था। इस बीच, पीठ और कोहनी की गंभीर चोटों के कारण उनका करियर खतरे में पड़ गया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कभी टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर संदेह हुआ, तो उन्होंने जवाब दिया: ''नहीं।

## दीपिका और विक्टर वेगनेज ने जीता शीर्ष पुरस्कार

**स्विट्ज़रलैंड, वार्ता।** एक और रोमांचक एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के समापन के बाद, दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों ने दीपिका (भारत) व विक्टर वेगनेज (बेल्जियम) को पोलिग्रास मैजिक स्किल अवाड्र्स का विजेता चुना है। एफआईएच ग्लोबल सप्लायर पोलिटन द्वारा प्रदान किए गए इस पुरस्कार में, प्रशंसकों ने 4 से 13 जुलाई तक हॉकी के जादू को दर्शाने वाले पलों को चुनने के लिए वोट किया। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए शॉर्टलिस्ट में छह शानदार प्रदर्शन शामिल थे -3 महिला और 3 पुरुष- जिन्होंने 'लीग ऑफ द बेस्ट' सीजन के दौरान मैदान की शोभा बढ़ाई। आखिरकार, पो. लिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड दीपिका को उनकी शानदार ड्रैगिंग और फ्लिकिंग क्षमता के लिए मिला, जिसमें उन्होंने एक शानदार सोलो गोल किया।

# जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन पूरे करने के करीब



**लंदन, वार्ता।** दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन पूरा करने के करीब पहुंच गए हैं। जडेजा ने लॉड्र्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में नाबाद 61 रन बनाये लेकिन भारत यह मुक. ाबला 22 रन से हार गया। जडेजा का यह लगातार चौथा अर्द्धशतक था। उन्होंने बर्मिंघम और लॉड्र्स दोनों में जुड़वां फिफ्टी लगाई।

उनसे पहले इंग्लैंड में लगातार चार 50+ स्कोर बनाने वाले केवल दो भारतीय बल्लेबाज हैं - सौरव गांगुली (2002) और ऋषभ पंत (2022 और 2025)। लॉड्र्स में आखिरी दिन उनकी नाबाद 61 रन की पारी टेस्ट की चौथी पारी में उनका पहला 50+ स्कोर था। इंग्लैंड में जडेजा ने टेस्ट में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए 942 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में मेहमान बल्लेबाजों में उनसे ज्यादा रन सिर्फ गैरी सोबर्स (1097) ने बनाए हैं। इंग्लैंड में उनके नाम एक शतक और सात अर्द्धशतक हैं, गैरी सोबर्स (9) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। भारत ने सोमवार को सातवां विकेट गिरने के बाद जितनी गेंदें (301) खेलीं। यह टेस्ट की चौथी पारी में आखिरी तीन साझेदारियों में खेली गई सबसे अधिक गेंदें हैं। इससे पहले रिकॉर्ड 294 गेंदों का था, जो इंग्लैंड ने 2015 में दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था (नोट: गेंदों का डेटा 1998 से उपलब्ध है)। जडेजा और जसप्रीत बुमराह ने 22 ओवर तक साझेदारी निभाई। यह पिछले दस वर्षों में भारत के लिए 9वें या 10वें विकेट के लिए सबसे लंबी साझेदारी है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लॉड्र्स में टेस्ट में चार बार प्लेयर ऑफ द मैच बने हैं। यह इस मैदान पर किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। उन्होंने इससे पहले 2015 (न्यूजीलैंड), 2017 (विंडीज) और 2019 (ऑस्ट्रेलिया) में यह अवॉर्ड जीता था। कुल मिलाकर उनके नाम टेस्ट में 11 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड हैं, जो इंग्लैंड के लिए तीसरे सबसे ज्यादा हैं। उनके आगे जो रूट (13) और इयान बॉथम (12) का नाम आता है। इस लॉड्र्स टेस्ट में इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों में 15 बल्लेबाज बोल्ड हुए, यह 1965 से खेले गए 2000 से अधिक मैचों में सबसे अधिक है। पिछली बार टेस्ट में 1965 में जॉर्जटाउन में विंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए टेस्ट में 15 या उससे अधिक खिलाड़ी बोल्ड हुए थे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 17 जुलाई 2025

# नाटो का टैरिफ राग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्यापार करने की जो नई राह दिखाई, उस पर अब नाटो भी चलता दिखाई दे रहा है। नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को बेहद बेबाक तरीके से कहा कि भारत के प्रधानमंत्री हों या ब्राजील के राष्ट्रपति हों या चीन के राष्ट्रपति हों, इससे उनको कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर कोई भी देश रूस के साथ व्यापार करता है, तो उसको भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वह यह सलाह भी देते दिखाई दिए कि चीन, भारत और ब्राजील को रूस पर दबाव डालना चाहिए। जिससे वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें और अगर यह ऐसा नहीं करते और रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर सौ प्रतिशत सेकेंडरी प्रतिबंध लगाया जाएगा। रूस ने नाटो महासचिव की इस धमकी को पूरी तरह खारिज किया है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने हालांकि कहा कि रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं और अगर नाटो व अमेरिका व्यापार को लेकर ऐसा ही रवैया अपनाएंगे, तो रूस भी ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा यानि नए साथी बनाएगा। डोनाल्ड ट्रम्प पहले ही व्यापार को लेकर बेहद आक्रामक मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। वह व्यापार को लेकर किस तरह का नजरिया रखते हैं, इसका पता उनके यह कहने से चल जाता है कि वह ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है। वह अपने इस अल्टीमेटम का बचाव कर रहे थे जो उन्होंने रूस को कहकर दिया कि अगर राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करते, तो उस पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। भारत-पाक के बीच जो सीज फायर हुआ था, उसका श्रेय भी ट्रम्प ने यह कहकर कई बार लेने की कोशिश की कि उन्होंने दोनों देशों से व्यापार की धमकी देकर युद्ध को रुकवाया था। यह बात अलग है कि भारत ने कभी भी यह स्वीकार नहीं किया और ट्रम्प के दावे को खारिज किया, लेकिन ट्रम्प के व्यवहार में कोई कमी आती दिखाई नहीं दी। इसमें कोई दोराय नहीं कि हर देश को यह हक है कि वह अपने हितों को देखकर व्यापार करे। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। बुराई तब पैदा होती है जब कोई देश दूसरे के हित की अन्देखी करता है और अपने ही हितों को साधने की कोशिश करता है, जैसाकि अमेरिका इस समय करता दिखाई दे रहा है और अब तो उसके साथ नाटो भी लग गया है। अमेरिका चाहता है कि उसके लिए दुनियाभर के बाजार खुलें। वह भी बिना कुछ दिए, यानि उसके सामानों पर किसी तरह का कोई टैक्स न लगे, लेकिन जो सामान अमेरिका आए उस पर भारी टैक्स लगाया जाए। इसे कहीं से भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता और यूं भी अमेरिका अभी भी विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति है। इस नाते तो उसका और भी कर्तव्य बढ़ जाता है कि वह छोटे व विकासशील देशों का ध्यान रखे। भारत के साथ अभी तक यूं तो उसकी कोई ट्रेड डील सामने नहीं आई, लेकिन ट्रम्प खुद ही उम्मीद जताते दिखाई दे रहे हैं कह रहें कि हमें इंडियन मार्केट में पहुंच मिलने वाली है।

## इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे



मैं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का आभारी हूं कि उन्होंने केंद्र के समक्ष जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाया, हम तो इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में हमारी आवाज उठाएगा, हम ऐसी कोई चीज नहीं मांग रहे, जिसका हमसे वादा न किया गया हो, संसद में और संसद के बाहर सार्वजनिक कार्यक्रमों में और शीर्ष न्यायालय में भी बार-बार कहा गया है कि उचित समय पर जम्मू- कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाएगा, जब शीर्ष न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया था, तो उसने कहा था कि जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए, जितनी जल्दी हो सके वाले वाक्य का अब औचित्य नहीं रहा और समय आ गया है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाए। **-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# 'एक्सोलोटल' की अंग पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर



एम. इमरान

जैव-विज्ञान के इतिहास में कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जब विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं की सीमा से बाहर निकलकर मानव भविष्य को बदलने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाता है। जून 2025 का महीना भी ऐसा ही एक ऐतिहासिक समय बन गया, जब वैज्ञानिकों ने दुनिया के सबसे आश्चर्यजनक जीवों में से एक एक्सोलोटल की अंग-पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर कर दिया। यह खोज न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महान उपलब्धि है, बल्कि यह भविष्य में मानव शरीर के अंगों की मरम्मत, अंग पुनः उत्पत्ति और चोटों के बाद अंगों की पुनर्रचना के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

एक्सोलोटल, जिसे मेक्सिकन वॉकिंग फिश भी कहा जाता है, वास्तव में एक उभयचर (Amphibian) है और यह विशेष रूप से अपनी असाधारण क्षमता के लिए जाना जाता है। यह अपने शरीर के कटे हुए अंगों को पुनः विकसित कर सकता है, चाहे वह हाथ-पैर हो, रीढ़ की हड्डी हो, मस्तिष्क का भाग हो या यहां तक कि दिल का कुछ हिस्सा भी। वैज्ञानिकों ने दशकों से इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश की थी कि आखिर कैसे एक्सोलोटल बिना किसी जख्म या निशान के पूरे अंग को फिर से उगा लेता है, लेकिन जून 2025 में नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने इस गूढ़ रहस्य की जड़ तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की।

इस अनुसंधान की मुख्य खोज रही CYP26B1 एंजाइम की भूमिका। इस एंजाइम का कार्य शरीर के एक विशेष अणु, रेटिनोइक एसिड (Retinoic Acid) को तोड़ना है। यह अणु शरीर के विभिन्न हिस्सों को यह स्थिति संकेत देता है कि वे शरीर के किस भाग में स्थित हैं जैसे कि कंधे, कोहनी या अंगुलियां। जब एक्सोलोटल का कोई अंग कटता है, तो पुनर्जनन प्रक्रिया शुरू होती है। इस प्रक्रिया में कोशिकाएं एक ब्लास्टेमा नामक संरचना बनाती हैं, जो मूल रूप से स्टेम सेल्स से भरी एक निर्माण इकाई होती है। अब प्रश्न यह था कि ए स्टेम सेल्स कैसे जानती हैं कि उन्हें क्या बनाना है? कोहनी? अंगुली? या पूरा हाथ?

CYP26B1 एंजाइम इस प्रक्रिया में मुख्य भूमिका निभाता है। यह एंजाइम रेटिनोइक एसिड को कंधे की ओर अधिक मात्रा में रहने देता है और हाथ की ओर इसे तोड़ता है। इस कारण एक प्रकार का जैविक केमिकल मैप बनता है जो कोशिकाओं को यह दिशा देता है कि वे कहां हैं और उन्हें कौन सा अंग बनाना है। इस खोज ने पहली बार यह



वैज्ञानिक प्रमाण दिया कि अंग-पुनर्जनन में रासायनिक संकेतों की दिशा और तीव्रता किस प्रकार निर्णायक होती है।

इस शोध में एक और दिलचस्प प्रयोग किया गया। वैज्ञानिकों ने एक दवा टालारोजोल (Talarozole) का उपयोग किया, जो CYP26B1 एंजाइम को अवरुद्ध कर देती है। जब इस दवा का उपयोग कर एक्सोलोटल की कोहनी की कोशिकाओं में रेटिनोइक एसिड का स्तर बढ़ा दिया गया, तो वे कोशिकाएं यह समझने लगीं कि वे शरीर के ऊपरी हिस्से जैसे कंधे में हैं। परिणामस्वरूप उन्होंने एक नया पूरा हाथ विकसित कर लिया यानी एक अंग से दो अंग निकल आए। यह घटना वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत चौंकाने वाली थी, क्योंकि यह पहली बार हुआ कि कोशिकाओं की स्थिति की समझ को कृत्रिम रूप से बदला गया और उससे पूर्ण अंग का निर्माण हुआ।

इस खोज में एक अन्य महत्वपूर्ण जीन Shox की भूमिका भी स्पष्ट हुई। यह जीन मानवों और अन्य प्राणियों में हाथ-पैर की लंबाई और हड्डियों के विकास में भूमिका निभाता है। वैज्ञानिकों ने जब इस जीन को निष्क्रिय किया, तो एक्सोलोटल के पुनर्जीवित अंगों में विकृति देखी गई। विशेष रूप से ऊपरी हड्डियां अधूरी और असामान्य थीं। इसका तात्पर्य यह है कि Shox जीन अंग की संरचना और विस्तार को निर्देशित करता है। यदि यह जीन निष्क्रिय हो जाए, तो कोशिकाएं जानती तो हैं कि वे कौन सा अंग बना रही हैं, लेकिन वे उसे सही रूप में नहीं बना पातीं। यह शोध इसलिए भी अद्भुत है क्योंकि यह मानवों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से एक नई दिशा दिखाता है। मनुष्य का शरीर भी रेटिनोइक एसिड, CYP26B1 और Shox जैसे जीन और एंजाइम से युक्त होता है, लेकिन हमारे शरीर की चोटों पर प्रतिक्रिया जख्म और दाग-धब्बों के रूप में होती है न कि अंग के पुनः निर्माण के रूप में।

इस शोध से यह संभावना बनती है कि यदि हम इन जैविक सिग्नलों को कृत्रिम रूप से नियंत्रित कर सकें, तो हम भी भविष्य में स्कारलेस वाउंड हीलिंग, अंग पुनर्रचना और स्टेम सेल आधारित उपचार विकसित कर सकते हैं। यह खोज केवल जैविक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और चिकित्सा दृष्टिकोण से भी अत्यंत गहन है। मान लीजिए भविष्य में मानव हाथ या पैर कट जाने पर पुनः उगाए जा सकें, तो इसकी चिकित्सा, बीमा, पुनर्वास और कानून से संबंधित समस्याएं भी उत्पन्न होंगी, लेकिन साथ ही यह उन लोगों के लिए आशा की किरण होगी जो दुर्घटनाओं, जन्मजात विकारों या युद्धों में अपने अंगों को खो चुके हैं।

इस शोध का तकनीकी पक्ष भी उतना ही प्रभावशाली है। वैज्ञानिकों ने RNA अनुक्रमण, CRISPR तकनीक, इन-विवो इमेजिंग और जनरल स्टेम सेल विश्लेषण का प्रयोग करके पूरे पुनर्जनन प्रक्रिया को सूक्ष्मतम स्तर पर समझा। उन्होंने एक्सोलोटल के शरीर में रासायनिक संकेतों की दिशा, समय और घनत्व का सटीक मानचित्र तैयार किया, जो किसी भी पुनर्जीवन चिकित्सा के लिए आधारभूत उपकरण बन सकता है। वर्तमान में वैज्ञानिक मानव त्वचा की मरम्मत, यकृत ऊतकों के पुनर्निर्माण और रीढ़ की हड्डी की मरम्मत जैसे प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन अंग-पुनर्जनन एक अलग ही स्तर की चिकित्सा क्रांति होगी। एक्सोलोटल की यह खोज इसमें नींव का पत्थर सिद्ध हो सकती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस खोज के प्रभाव केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं हैं। सेना, अंतरिक्ष विज्ञान, खेल जगत, औद्योगिक दुर्घटनाओं से पीड़ित व्यक्तियों, और यहां तक कि कृत्रिम अंग उद्योग पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। जब मनुष्य स्वयं अंग पुनः उत्पन्न करने में सक्षम हो जाएगा, तो कृत्रिम अंगों की आवश्यकता में कमी आ सकती है। साथ ही इस दिशा में अनैतिक प्रयोगों की आशंका भी बढ़ेगी, जिसके लिए नीति-निर्माताओं और वैज्ञानिक समुदाय को पहले से ही तैयारी करनी होगी। जून 2025 की यह खोज केवल एक अंग पुनर्जनन का रहस्य उजागर नहीं करती, बल्कि यह एक व्यापक क्रांति की शुरुआत है एक ऐसा समय, जब विज्ञान और प्रकृति के अद्भुत समन्वय से हम अपने शरीर की मरम्मत स्वयं कर सकने में सक्षम होंगे। यह उस विज्ञान की जीत है जो प्रकृति के सिद्धांतों को समझकर उन्हीं सिद्धांतों का उपयोग करके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करता है।

विज्ञान में यह खोज एक नए अध्याय की शुरुआत है मॉलिक्यूलर पॉजिशनल आइडेंटिटी का युग। जहां यह समझना संभव होगा कि कोशिकाएं कैसे अपने स्थान को जानती हैं, कैसे अंग की दिशा और रूपरेखा तय होती है और कैसे हम इन संकेतों को नियंत्रित करके शरीर में किसी भी प्रकार की जैविक मरम्मत कर सकते हैं।

यदि हम इस दिशा में शोध को आगे बढ़ाते हैं, तो संभवतः एक दिन हम न केवल अंग, बल्कि आंख, लीवर या यहां तक कि मस्तिष्क के कुछ हिस्सों को भी पुनः उत्पन्न करने में सफल होंगे। यह विज्ञान और चिकित्सा की सबसे बड़ी जीत होगी जब शरीर स्वयं को स्वयं ठीक कर सकेगा। एक्सोलोटल ने हमें वह झरोखा दिया है जिससे झांककर हम पुनर्योजन की दुनिया को देख सकते हैं। अब यह मनुष्य पर है कि वह उस झरोखे को दरवाजे में बदलता है या केवल प्रशंसा करके वहीं रुक जाता है।

# मानसून में भारत की इन जगहों पर घूमने न जाएं

**मानसून में बहुत लोग पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, लेकिन हादसे और बादल फटने की खबर से घबरा भी रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी मानसून में कुछ दिनों में पहाड़ों पर घूमने का प्लान कर रही हैं, तो आपको भी अलर्ट हो जाना चाहिए, क्योंकि इस समय हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कुछ जगहों पर जाना बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है।**

एक ओर जहां शहरों में लोग तपती गर्मी से परेशान हो रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ पहाड़ों पर बारिश और बादल फटने आदि की घटनाएं परेशानी का कारण बन गई हैं। मानसून में बहुत लोग पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, लेकिन हादसे और बादल फटने की खबर से घबरा भी रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी मानसून में कुछ दिनों में पहाड़ों पर घूमने का प्लान कर रही हैं, तो आपको भी अलर्ट हो जाना चाहिए। क्योंकि इस समय हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कुछ जगहों पर जाना बिलकुल भी सुरक्षित नहीं है। वहीं मौसम विभाग ने भी आने वाले दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है।

**इन जगहों पर जाना सेफ नहीं**

इन दिनों कुल्लू घूमने जाना खतरनाक साबित हो सकता है। क्योंकि कुल्लू में बादल फटने के कारण पानी का रौद्र रूप देखने को मिला है। कुल्लू में बादल फटने के बाद बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं, जिसकी वजह से जान-माल को काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में मानसून में कुल्लू घूमने जाना सेफ नहीं है।

**कांगड़ा**

कांगड़ा में भी बादल फटने की वजह से काफी नुकसान देखने को मिला है। पानी के तेज बहाव में कई गाड़ियां भी बह गईं। ऐसे में अगर आप भी कांगड़ा घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो सेफ्टी के लिहाज से आपको लो. केशन बदल लेनी चाहिए। आप मानसून में पहाड़ी इलाकों से दूर अन्य हिल स्टेशन पर घूमने के लिए जा



सकते हैं। क्योंकि मानसून में किसी भी पहाड़ी इलाके में यात्रा करना सुरक्षित नहीं है।

**मंडी**

कुल्ली में बादल फटने की खबर के बाद मंडी जिला प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि ब्यास नदी के किनारे से दूर रहें। क्योंकि पानी के बहाव और बारिश के कारण हादसा हो सकता है। ऐसे में यात्रियों को इन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।

**मणिकर्ण**

मानसून में मणिकर्ण साहिब दर्शन का प्लान बनाना भी काफी खतरनाक साबित हो सकता है। बीते दिनों ब्रह्मगंगा और गड़सा के गोमती नदी में बादल के फटने से पानी का स्तर अचानक से तेज हो गया। ऐसे में अगर आप मणिकर्ण जाने का प्लान बना रहे हैं, तो इस समय यहां जाना सुरक्षित नहीं है। वहीं अगर आप मणिकर्ण में हैं और ज्यादा बारिश हो रही है, तो प्रयास करें कि होटल में रहे।

# इस एक्ट को भी कोई नाम दीजिए जनाब





निर्मल रानी

याद कीजिए 31 मार्च, 2016 को राज्य में हो रहे चुनावी दंगल के बीच कोलकाता में विवेकानंद फ्लाईओवर गिरने की घटना और उसके बाद इस हादसे पर हुई जबरदस्त राजनैतिक बयानबाजी को। इस हादसे को लेकर बंगाल की ममता सरकार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने जबरदस्त हमला बोला था। उस हादसे में 25 लोग मारे गए थे। पुल निर्माता कम्पनी ने इस हादसे को दैवीय कृत्य बताकर हादसे के कारण पर पर्दा डालने की कोशिश की थी परन्तु उसी दौरान बंगाल में अपनी चुनावी सभाओं में इस हादसे को जोरदार चुनावी मुद्दा बनाते हुए तरह-तरह की बातें की थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मौत की राजनीति करने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा था कि कोलकाता में हुआ फ्लाई ओवर हादसा दैविक संदेश है कि लोग बंगाल को तृणमूल कांग्रेस से बचाएं। यह एक्ट ऑफ गॉड नहीं एक्ट ऑफ फ्रॉड है। प्रधानमंत्री ने उस समय कहा था कि वामपंथ और दक्षिणपंथ को भूल जाइए, उनके बारे में चिंता कीजिए जो मर रहे हैं। कम से कम मृतकों को तो सम्मान दीजिए, लेकिन दीदी को मरते लोग नहीं, कुर्सी दिखाई पड़ती है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि उनकी (ममता) बेशर्मी तो देखिए। यह एक बड़ा हादसा था, लेकिन उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू कर दिया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ठेका पिछली वाम मोर्चा की सरकार के शासनकाल में दिया गया था। मैं दीदी से यह बात पूछना चाहता हूं कि पुल निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसके उद्घाटन के वक्त उन्होंने क्या यह बात कही कि इसका ठेका वाम मोर्चे की सरकार ने दिया था? नहीं, आपने इसका श्रेय लिया। अब चूंकि यह गिर चुका है, इसलिए आप दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। यह आपकी पैसे और मौत की राजनीति का एक हिस्सा है। उसी समय मोदी ने बड़े गर्व से यह भी फरमाया था कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है, वहां चौतरफा विकास हो रहा है। आपने बंगाल में वाम और तृणमूल को बहुत देखा और दोनों ने बंगाल को बर्बाद करने के लिए सब कुछ किया। भाजपा को एक मौका दीजिए और हम आपको दिखाएंगे कि विकास का मतलब क्या होता है परन्तु इत्तेफाक से मोदी के इस भाषण के बाद ही भाजपा शासित राज्यों के कथित विकास मॉडल की जो पोल खुलनी शुरू हुई वह परत दर परत खुलती ही जा रही है।

खासकर भाजपा शासित उस गुजरात राज्य की जिस के विकास मॉडल का नाम पर 2013 से लेकर देश को ठगा जा रहा था परन्तु एक के बाद एक कई बड़े हादसे होने के बाद अब गुजरात मॉडल का नाम लेना कम हो गया है। अन्य भाजपा शासित राज्यों की तो बात ही छोड़िए केवल गुजरात में ही हाल के वर्षों में कई पुल टूटने की घटनाएं सामने आई हैं। इनमें अभी ताजातरीन घटना महिसागर नदी पर बने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा ब्रिज के ढह जाने की हुई। गत 9 जुलाई को यह विशाल एवं व्यस्त पुल ढह गया जिसके चलते 5 वाहन नदी में गिर गए। इस हादसे में 17 लोगों की मौत की खबर है जबकि कई लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रखरखाव के अभाव के चलते यह व्यस्त पुल जर्जर होता जा रहा था जो सरकार की अनदेखी के कारण एक बड़े हादसे की नौबत तक आ पहुंचा। इसी मॉडल राज्य में 30 अक्टूबर 2022 को मोरबी केबल ब्रिज हादसा हुआ था जबकि मच्छू नदी पर बना सस्पेंशन ब्रिज टूट गया था। 7 महीने के नवीनीकरण के बाद पर्यटकों हेतु यह पुल खोला गया था। इस सस्पेंशन ब्रिज टूटने के हादसे के समय पुल पर 300 से अधिक लोग मौजूद थे, जो इसकी क्षमता से ज्यादा थे। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी और 56 लोग घायल हुए थे। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत कार्यों का निर्देश दिया था और मृतकों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी। इसी तरह गुजरात में ही 24 सितंबर 2023 को सुरेंद्रनगर ब्रिज हादसा हुआ था, जबकि सुरेंद्रनगर, राष्ट्रीय राजमार्ग को चूड़ा से जोड़ने वाला 40 साल पुराना पुल टूट गया था। इस हादसे में एक ट्रक सहित कई वाहन नदी में गिर गए थे।

यह पुल भी जर्जर संरचना और भारी वाहनों के दबाव के चलते ध्वस्त हुआ था। इसी तरह बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए निर्माणाधीन एक पुल वासद, आणंद में टूट गया। 5 नवम्बर 2024 को हुए इस हादसे में 3 मजदूरों की मौत हुई थी। इस हादसे का कारण भी निर्माण में खामियों की संभावना बताई गए थी। इसी तरह 24 जनवरी 2020 को मेहसाणा में खारी नदी पर बना पुल टूट गया था तो 21 दिसम्बर 2021 को अहमदाबाद में मुमतपुरा पुल का एक भाग टूट गया। जबकि जून 2025 में बोटाद में पाटलिया नदी पर बना पुल बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। सवाल यह है कि मॉडल राज्य गुजरात में होने वाले ऐसे हादसे क्या भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम नहीं? निश्चित रूप से गुजरात में पुल टूटने की इस तरह की घटनाएं संरचनात्मक सुरक्षा और रख-रखाव की कमी को उजागर करती हैं। और बार-बार होने वाले ऐसे हादसों से जनता में सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ता है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश या राजस्थान इन सभी भाजपा शासित राज्यों में कहीं निर्माणाधीन सड़कें बह रही हैं कहीं उद्घाटन से पूर्व कोई प्रोजेक्ट धराशाई हुआ जा रहा है। याद कीजिए महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के मालवन में स्थित राजकोट किले में केवल आठ माह पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज की जिस 35 फुट ऊंची मूर्ति का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों गया था वह प्रतिमा 26 अगस्त 24 को ताश के पत्तों की तरह ढह गई। उस समय चुनावी बेला में समय को भांपते हुए शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा ढहने के मामले पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्रपति शिवाजी से माफी मांगने के लिए सार्वजनिक रूप से सामने आना पड़ा था। उस समय मोदी ने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल हमारे लिए एक महान व्यक्ति हैं, बल्कि वह हमारे आदर्श हैं। मैं उस मूर्ति के चरणों में झुक रहा हूं और अब उनसे सिर झुकाकर माफी मांग रहा हूं। हमारे लिए शिवाजी आराध्य देव हैं परन्तु भाजपा शासित राज्यों में हुए बड़े से बड़े हादसों पर और आम लोगों की मौत की जिम्मेदारी लेना तो दूर न तो इनके लिए कभी मुआफी मांगी गई न ही खेद जताया गया। सवाल यह है कि जब कोलकाता का एक फ्लाई ओवर ढहना प्रधानमंत्री की नजरों में एक्ट ऑफ फ्रॉड था तो गुजरात व अन्य भाजपा शासित राज्यों में हो रहे रहे इस तरह के श्एक्टश को भी तो कोई नाम दीजिए जनाब?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नाटो की भारत पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी

## कहाः इंडियन पीएम हों या चीनी राष्ट्रपति, रूस को जंग रोकने को कहें, वरना नतीजा भुगतना होगा

**ब्रसेल्स।** नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है।

रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100 प्रतिशत सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। वहीं, रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और आप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा। नाटो महासचिव की यह चेतावनी उस समय आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को नए हथियार देने और रूस के व्यापारिक साझीदारों पर भारी टैक्स लगाने की घोषणा की है।




- तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें: रूट
- रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी
- रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया

## अमेरिकी रक्षा विभाग ने 2000 नेशनल गार्ड को लॉस एंजिल्स छोड़ने का दिया आदेश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रक्षा विभाग ने लॉस एंजिल्स में तैनात लगभग 4000 कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड में से करीब आधे यानी कि 2000 गार्ड को अपने मूल कमान में लौटने का आदेश दिया है। अमेरिका के रक्षा विभाग के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने एक बयान में रक्षा मंत्री पेटे हेगसेथ द्वारा नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती कम करने के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि 'हमारे सैनिकों के आह्वान पर आगे आने के लिए धन्यवाद, लॉस एंजिल्स में तनाव और अराजकता कम है। बयान में कहा कि संघीय सुरक्षा मिशन ने अपने तात्कालिक लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। बयान में यह नहीं बताया गया है कि नेशनल गार्ड के सदस्य कब तक वापस लौटेंगे। जबकि कुछ अधिका. रियों ने कहा कि इकाइयां व्यवस्थित तरीके से फिर से तैनात होंगी। कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड ने पुष्टि की है कि उसने उन सैनिकों के लिए परिवहन की व्यवस्था करने के लिए कमांडरों से संपर्क करना शुरू कर दिया है।



सीरिया। स्वेदा शहर से वापस आकर दक्षिणी सीरिया के दारा राजमार्ग से गुजर रहे सीरियाई सरकारी बलों के लिए एक टैंक को ट्रक पर ले जाते हुए।

## अफगानिस्तान के हजारों नागरिक गुप्त योजना के तहत ब्रिटेन पहुंचे

**लंदन।** अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद लोगों की व्यक्तिगत जानकारी लीक होने पर हज़ारों नागरिक एक गुप्त योजना के तहत ब्रिटेन आ गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद ब्रिटेन जाने के लिए आवेदन करने वाले लगभग 19,000 लोगों की व्यक्तिगत जानकारी फरवरी 2022 में लीक हो गई थी। तत्कालीन कंज़र्वेटिव सरकार को इसकी सूचना अगस्त 2023 में सोशल मीडिया से मिली। रिपोर्ट के अनुसार लीक हुई सूची में शामिल लोगों के लिए नौ महीने बाद एक नई पुनर्वास योजना शुरू की गई जिससे लगभग 19000 आवेदकों में से अब तक 4500 अफगानी ब्रिटेन पहुंच चुके हैं।

## अमेरिका ने ब्राजील के खिलाफ जांच की शुरू

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने ब्राजील के खिलाफ 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत व्यापार नीतियों की जाँच शुरू की है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने मंगलवार को यह घोषणा की। कार्यालय ने एक बयान में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर के हवाले से कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देशन में शुरू की गई यह जांच अमेरिकी सोशल मीडिया कंपनियों पर ब्राज़ील के हमलों के साथ-साथ अन्य अनुचित व्यापा. रिक नीतियों की जांच करेगी जो अमेरिकी कंपनियों, श्रमिकों, किसानों और प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तकों को नुकसान पहुंचाती हैं। बयान में कहा गया है कि ग्रीर ने अन्य सरकारी एजेंसियों, स्वीकृत सलाहकारों और कांग्रेस के साथ परामर्श के बाद यह तय किया कि ब्राज़ील के टैरिफ और गैर-टैरिफ अवरोधों की गहन जांच और संभावित रूप से प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

## आतंकवाद-अलगाववाद से निपटने के लिए बना एसओसी

**बीजिंग।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार, भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री 15 जुलाई को चीन के तियानजिन में आमने-सामने आए। शंघाई सहयोग संगठन (एसओसी) समिट में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहलगाम हमले के निंदा की।

जयशंकर ने कहा कि यह हमला जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंच. ाने और धार्मिक विभाजन पैदा करने के लिए किया गया था। उन्होंने एसओसी से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की मांग की। उन्होंने कहा-एसओसी तीन बुराइयों से निपटने के लिए बना, वे हैं आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के बयान का भी जिक्र किया, जिसमें हमले में जिम्मेदार लोगों को सजा देने की बात कही गई थी। जयशंकर ने कहा: यह जरूरी है कि एसओसी आतंकवाद पर कोई समझौता न करे। भारत-पाकिस्तान विवाद के अलावा जयशंकर ने अफगानिस्तान का मुद्दा भी उठाया और एसओसी सदस्यों से विकास सहायता बढ़ाने का आग्रह किया, जिसके लिए भारत ने भी प्रतिबद्धता जताई। जयशंकर ने कहा-भारत ने एसओसी में स्टार्टअप और नवाचार से लेकर पारंपरिक चिकित्सा और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तक, कई क्षेत्रों में कई पहल की हैं। इससे पहले जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी।

- जयशंकर ने पहलगाम हमले की फिर निंदा की कहाः इसके दोषियों को सजा दी जानी चाहिए

## शांति सैनिकों पर हमलों की जवाबदेही बेहद जरूरीः भारत

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने कहा है कि शांति सैनिकों पर हमलों के मामले में जवाबदेही का होना न केवल इंसाफ के लिए बल्कि दुनियाभर में इस संगठन के शांति अभियानों के लिए भी जरुरी है। हरीश ने यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को खतरनाक क्षेत्रों में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लेकिन कई मामलों में उनके खिलाफ हुए अपराधों की कोई सजा नहीं मिलती। जवाबदेही की यह कमी अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रयासों को कमजोर बनाती है और इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। यह कार्यक्रम 'ग्रुप ऑफ फ्रेंडस' नाम के एक समूह ने आयोजित किया था।

# US को भारतीय मार्केट में मिलेगी पहुंचः ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः ट्रेड डील पर बातचीत जारी, इंडोनेशिया पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका भारतीय मार्केट में पहुंच हासिल करने के लिए एक समझौते पर काम कर रहा है। इसके अलावा, उन्होंने इंडोनेशिया के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की। इसके तहत इंडोनेशिया से आने वाले सामान पर अमेरिका 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने भारत को लेकर कहा: हमें इंडियन में मार्केट में पहुंच मिलने वाली है। पहले हमें इन देशों में कोई पहुंच नहीं थी।

हमारे लोग वहां व्यापार नहीं कर पाते थे। अब टैरिफ के जरिए हम पहुंच हासिल कर रहे हैं। ट्रम्प ने बताया कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो से बात करने के बाद एक व्यापार समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिकी इम्पोर्ट पर कोई टैरिफ नहीं लगाएगा, जबकि अमेरिका, इंडोनेशिया के निर्यात पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने यह बयान पेनसिल्वेनिया जाते वक्त दिया। इस दौरान व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट भी उनके साथ मौजूद थीं। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा: हमने इंडोनेशिया के साथ समझौता किया। मैंने उनके बहुत लोकप्रिय और मजबूत राष्ट्रपति से बात की। अब हमें इंडोनेशिया में पूरी पहुंच मिलेगी। हम कोई टैरिफ नहीं देंगे। उन्होंने आगे कहा: इंडोनेशिया हमें अपने बाजार में एक्सेस दे रहा है, जो पहले कभी नहीं थी। यह समझौते का सबसे बड़ा हिस्सा है। इसके बदले वे 19 प्रतिशत टैरिफ देंगे और हम कुछ नहीं देंगे। यह दोनों पक्षों के लिए अच्छा सौदा है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर इस समझौते को 'पक्का' बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिका से 15 अरब डॉलर की एनर्जी, 4.5 अरब डॉलर के कृषि प्रोडक्ट्स और 50 बोइंग जेट विमान खरीदेगा। ट्रम्प ने यह भी बताया कि इंडोनेशिया के पास हाई क्वालिटी वाला कापर (तांबा) है, जो अमे. रिका के लिए फायदेमंद होगा। हालांकि मंगलवार दोपहर तक इंडोनेशिया सरकार ने इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी। पिछले साल इंडोनेशिया ने अमेरिका को 2 करोड़ डॉलर का तांबा एक्सपोर्ट किया था, जबकि चिली ने 60 करोड़ डॉलर और कनाडा ने 40 करोड़ डॉलर का तांबा एक्सपोर्ट किया था। ट्रम्प ने रूस पर यूक्रेन से जंग खत्म करने का दबाव डालने के लिए भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने कहा था: मैं ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करता हूं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है। ट्रम्प ने कहा था कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं किया, तो उस पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगेगा।



- इसके अलावा ट्रम्प ने इंडोनेशिया के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की

# अमेरिका की मोस्ट वांटेड लिस्ट में पाक में ईरानी राजदूत शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने मंगलवार को ईरान के राजनयिक रेजा अमीरी मोगदम को अपनी मोस्ट वांटेड सूची में शामिल किया है।

मोगदम फिलहाल पाकिस्तान में ईरान के राजदूत हैं। मोगदम पर आरोप है कि उन्होंने 2007 में एक रिटायर्ड अमेरिकी एफबीआई एजेंट राबर्ट लेविंसन के अपहरण की योजना बनाने और उसे छिपाने में अहम भूमिका निभाई थी। लेविंसन 8 मार्च 2007 को ईरान के किश द्वीप पहुंचे थे और अगले ही दिन अचानक गायब हो गए थे। अब तक उनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। पूर्व एफबीआई एजेंट राबर्ट लेविंसन मार्च 2007 में ईरान के किश द्वीप के पास रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गए थे। एफबीआई का मानना है कि मोगदम ने उस पूरे ऑपरेशन की निंगरानी की थी जिसमें राबर्ट लेविंसन का अपहरण हुआ था। बाद में उन्होंने इस पूरे मामले की सच्चाई छुपाने का भी काम किया था। रेजा मोगदम, जिन्हें अहमद अमीरि. निया के नाम से भी जाना जाता है, पहले ईरान के खुफिया मंत्रालय (एमओआईएस) में एक सीनियर अधिकारी थे। उनकी निंगरानी में ही यूरोप में ईरान के गुप्त एजेंट काम किया करते थे। एफबीआई ने कहा कि वे अभी भी पता लगा रहे हैं कि लेविंसन का अपहरण किन लोगों ने और कैसे किया। एफबीआई ने मंगलवार को मोगदम के अलावा 2 और सीनियर ईरानी खुफिया अधिकारियों के खिलाफ पोस्टर जारी किए।



- अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई के रिटायर्ड अफसर के अपहरण का आरोप, 2007 से लापता

# गाजा में फूड सेंटर पर भगदड़, 43 की मौत

## खाना लेने के दौरान अब तक 870 फलस्तीनी मारे गए, इजरायली सेना पर नरसंहार का आरोप

**गाजा।** गाजा के खान यूनिस में बुधवार को एक फूड डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पर 43 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 21 लोग खाना लेने की कोशिश में मारे गए, जबकि 15 लोगों की मौत भगदड़ में कुचल कर हुई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह हादसा गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) सेंटर पर हुआ। मंत्रालय ने इजरायली सेना और अमेरिका पर 'जानबूझकर' भूखे लोगों का नरसंहार करने का आरोप लगाया। जीएचएफ ने भी अब तक 20 लोगों के मारे जाने की बात स्वीकार की है, लेकिन इसके लिए हमास से जुड़े लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। यूएन इन जीएचएफ सेंटर्स को मौत का जाल करार दे चुका है। मई के अंत से अब तक इन सेंटर्स पर या आसपास 870 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

जीएचएफ का कहना है कि इन सेंटर्स पर हमास की वजह से भगदड़ मची थी, जिससे लोग मारे गए। गाजा के सरकारी मीडिया ऑफिस (जीएमओ) ने पिछले महीने इजरायली आर्मी पर फलस्तीनियों को ड्रग्स देने का आरोप लगाया था। जीएमओ का कहना था कि गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) ने फलस्तीनी लोगों को जो आटे की बोरियां दी हैं, उनमें आक्सीकोडोन नाम की नशीली गोलियां मिली हैं। जीएचएफ को इजरायली सेना चलाती है और इसे अमेरिका से सपोर्ट मिलाता है। जीएमओ ने कहा था कि यह लोगों को नशे की लत लगाने की साजिश है। इजरायल नशीली दवाओं को हथियार के तौर में इस्तेमाल कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इजरायली हमलों में गाजा के 58573 लोग मारे गए हैं और 139607 अन्य घायल हुए हैं।

पिछले 24 घंटों में 94 लोगों की मौत हुई है और 252 घायल हुए। 18 मार्च के बाद से अब तक 7750 लोग मारे गए हैं और 27566 घायल हुए हैं। गाजा में जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। गाजा के मीडिया कार्यालय ने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी खाली करने की साजिश रच रहा है।



# रूस ने अमेरिकी अल्टीमेटम खारिज किया

**मॉस्को/कीव।** रूस ने यूक्रेन युद्धविराम पर सहमति के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 50 दिनों के अल्टीमेटम को खारिज करते हुए अमेरिका की 'कड़े टैरिफ' लगाए जाने की धमकी को अस्वीकार्य करार दिया। रूसी उप विद. ेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को ज़ोर देकर कहा कि उनका देश यूक्रेन संघर्ष के कूटनीतिक समाधान का पक्षधर है और बातचीत के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा यदि इसका उचित जवाब नहीं मिलता है और राजनयिक स्तर पर इससे कोई लक्ष्य हासिल नहीं होता है तो हमारा विशेष सैन्य अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि रूस अपनी बात पर अडिग है और हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) इसे गंभीरता से लेंगे। ट्रंप ने मंगलवार को उन आरोपों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि उन्होंने यूक्रेन को रूसी क्षेत्रों में घुसकर हमला करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन्होंने कहा कि वह इस संघर्ष में किसी का पक्ष नहीं ले रहे हैं और उन्होंने यूक्रेन को केवल यह सलाह दी कि उसे लंबी दूरी के हथियारों से 'रूस को निशाना नहीं बनाना चाहिए'। गौरतलब है कि इस स्पष्टीकरण से ठीक एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि अमेरिका नाटो के ज़रिए यूक्रेन को हथियार भेजेगा और 50 दिनों में युद्धविराम समझौता न होने पर रूस पर 'कड़े टैरिफ' भी लगाएगा।

- उनका देश यूक्रेन संघर्ष के कूटनीतिक समाधान का पक्षधर है व बातचीत के लिए तैयार: सर्गेई

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमेट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)